




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 285
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
सोमवार | 29 जुलाई, 2024


# यूपी में बाढ़, 350 गांव डूबे

## यूपी-उत्तराखंड में बारिश से 24 घंटे में 4 मौतें, आज 22 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में तेज बारिश के चलते कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित लखीमपुर खीरी है। यहां 5 तहसीलों के 350 गांवों में पानी घुस गया है। वहीं, ललितपुर में बारिश से गोविंद सागर बांध के 4 और गेट खोलने पड़े। पहले से ही 16 गेट खुले हैं। इससे आस-पास के इलाकों में पानी भर गया। शनिवार को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के चलते चार लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के नई टिहरी में भूस्खलन से एक मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में अपने गांव में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र में 24 जुलाई को पुणे में हुई भारी बारिश में बहे 26 साल के शख्स का शव शनिवार को बरामद हुआ। पुणे में बुधवार से अब तक छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं नवी मुंबई में शनिवार को एक इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मौसम विभाग ने आज 22 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।



### कहां बहुत भारी और कहां भारी बारिश का अलर्ट

**बहुत भारी बारिश का अलर्ट**
राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल

**भारी बारिश का अलर्ट**
उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश

**तूफान और बिजली गिरने का अलर्ट**
महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, तमिलनाडु, पुडुचेरी

### लखीमपुर में बाढ़ में बहा बाइक सवार

आगरा के रास्ते यूपी में फिर से लौटने वाला मानसून मध्य प्रदेश की तरफ शिफ्ट हो गया है। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून ट्रफ लाइन यानी लो प्रेशर एरिया अभी ग्वालियर से सीधी की तरफ है। यूपी में 2 दिन बाद फिर से मानसून एंट्री कर सकता है। आज 7 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। अन्य सभी जिलों को ग्रीन जोन में रखा गया है। यानी न तो बारिश और न ही बिजली गिरने की संभवना है। प्रदेश में लखीमपुर खीरी बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित है। 5 तहसीलों के 350 गांवों में पानी घुस गया है। सोमवार को बनबसा बैराज से 1.50 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे एनएच-731 पर पानी भर गया। प्रशासन ने हाईवे को बंद कर दिया है। हाईवे पर बाढ़ के पानी में बाइक सवार बहा गया, लेकिन राहगीरों ने उसे खींचकर बाहर निकाल लिया। ललितपुर में बारिश से गोविंद सागर बांध के 4 और गेट खोलने पड़े हैं। पहले से ही 16 गेट खुले हैं। इससे आस-पास के इलाकों में पानी भर गया है।

### हिमाचल में मानसून की शुरूआत से अबतक 56 मौतें

हिमाचल प्रदेश में मानसून की शुरुआत से लेकर अब तक बारिश से जुड़ी घटनाओं में 56 लोगों की मौत हो चुकी है और राज्य को अब तक 410 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के मुताबिक 21 लोग ऊंचाई से गिरने, 18 डूबने, 8 सांप के काटने, 8 की बिजली के करंट से और एक की बाढ़ में बहने से मौत हुई है। भूस्खलन या बादल फटने से किसी मौत की सूचना नहीं है।

### दिल्ली की आईएएस कोचिंग में 3 स्टूडेंट की मौत

दिल्ली में शनिवार शाम को हुई बारिश के चलते ओल्ड राजेंद्र नगर के राउ आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया। जलभराव के कारण 3 स्टूडेंट की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शाम 7 बजे सूचना मिलने के बाद एनडीआरएफ को बुलाया गया। देर रात को 3 स्टूडेंट के शव और 14 छात्रों को सुरक्षित निकाला गया। शनिवार रात को बिल्डिंग में पावर कट के कारण बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी का बायोमेट्रिक गेट जाम हो गया। स्टूडेंट अंधेरे में लाइब्रेरी के अंदर फंस गए। गेट बंद होने के कारण पानी शुरुआत में बेसमेंट में नहीं घुसा था, लेकिन कुछ मिनट बाद ही पानी का प्रेशर तेज हुआ और गेट टूट गया। गेट टूटने के बाद पानी तेजी से बेसमेंट में भरने लगा। चश्मदीद ने बताया कि बहाव इतना तेज था कि सीढ़ियां चढ़ना मुश्किल हो रहा था। कुछ सेकेंड में ही घुटनों तक पानी भर गया। ऐसे में स्टूडेंट बेंच पर खड़े हो गए। महज 2-3 मिनट में ही पूरे बेसमेंट में 10-12 फीट पानी भर गया। बाद में बच्चों को बचाने के लिए रस्सियां फेंकी गईं, लेकिन पानी गंदा था, इसलिए रस्सी दिखाई नहीं दी। कोचिंग मालिक अभिषेक गुप्ता और कोऑर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने डिविजनल कमिश्नर से मंगलवार तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। ▸ संबंधित खबर पेज 12 पर

# सीएम योगी के विरोधियों पर अब चलेगी 'आरी'!

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक की पारी जल्द होगी खत्म

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के बीच चल रहे शह और मौत के खेल पर अब विराम लगने का वक्त आ गया
- पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी और स्वतंत्र देव सिंह को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री की कमान सौंपी जा सकती है
- केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक सीएम योगी के खिलाफ लामबंदी कर रहे हैं और महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकों तक में शामिल नहीं हो रहे, इससे भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व खफा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के बीच चल रहे शह और मौत के खेल पर अब विराम लगने का वक्त आ गया है। माना जा रहा है कि सीएम योगी के कद में कोई कमी नहीं होगी जबकि दोनों उपमुख्यमंत्रियों को बदलकर दो अन्य विश्वसनीय भाजपा नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। दरअसल, जिस तरह से केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक सीएम योगी के खिलाफ लामबंदी कर रहे हैं और यहां तक कि महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकों तक में शामिल नहीं हो रहे इसके बाद भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इन दोनों नेताओं से खफा है। यह लगभग तय माना जा रहा है इसका खामियाजा दोनों ही उपमुख्यमंत्री को जल्द भुगतना पड़ेगा। भाजपा सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में बड़े राजनीतिक बदलाव की अटकलें तेज हो गई हैं। पार्टी आलाकमान से संकेत मिले हैं कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्रियों को बदला जा सकता है। इस परिवर्तन के अंतर्गत दो कद्दावर नेताओं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी और स्वतंत्र देव सिंह को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री की कमान सौंपी जा सकती है।

### पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा निर्णय पर लगाएंगे मुहर

सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सयुंक्त रूप से इस महत्वपूर्ण निर्णय पर अंतिम मुहर लगाएंगे। लक्ष्मीकांत वाजपेई और स्वतंत्र देव सिंह को उपमुख्यमंत्री बनाने का निर्णय पार्टी की आगामी चुनावी रणनीति और प्रदेश में भाजपा के जनाधार को और मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा हो सकता है।

### पार्टी नेतृत्व ने नए चेहरों को मौका देने का विचार किया

केंद्रीय नेतृत्व वर्तमान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक से बार-बार टिप्पणी करने और बैठकों में शामिल न होने के कारण नाराज बताया जा रहा है। इस असंतोष के चलते पार्टी नेतृत्व ने नए चेहरों को मौका देने का विचार किया है।

### बढ़ जाएगी नए डिप्टी सीएम की चुनौती

हालांकि दोनों नेताओं की नियुक्ति के बाद प्रदेश सरकार के सामने कई चुनौतियां होंगी। प्रदेश के विकास को गति देना, किसानों की समस्याओं का समाधान, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना और कानून व्यवस्था को बनाए रखना प्रमुख चुनौतियां होंगी।

### लक्ष्मीकांत वाजपेई और स्वतंत्र देव सिंह के पास राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक क्षमता

लक्ष्मीकांत वाजपेई और स्वतंत्र देव सिंह की संभावित नियुक्ति से प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में नई ऊर्जा का संचार होगा। दोनों नेताओं के पास राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक क्षमताओं का खजाना है, जो प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के गौरीशंकर स्वरूप का होगा श्रृंगार

- 29 जुलाई को सावन का दूसरा सोमवार, भक्त करेंगे बाबा के विशेष स्वरूप का दर्शन
- श्रावण के हर सोमवार को बाबा के अलग-अलग स्वरूपों का होगा दर्शन
- सीएम योगी का निर्देश- श्रद्धालुओं की आस्था व सुरक्षा सर्वोपरि, न हो कोई परेशानी
- बाबा के चौखट तक सरलता और सुगमता से पहुंचकर जलाभिषेक कर सकेंगे भक्त

जन एक्सप्रेस । वाराणसी



श्रावण मास के दूसरे सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के गौरी शंकर स्वरूप का श्रृंगार होगा। महादेव के भक्त बाबा के शंकर पार्वती स्वरूप का दर्शन पाएंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रावण मास के हर सोमवार को विशेश्वर के अलग-अलग स्वरूप का श्रृंगार किया जा रहा है। श्रावण मास का आज दूसरा सोमवार है। इस वर्ष सावन में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। बाबा हर सोमवार को अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। बाबा के भक्त श्री विश्वेश्वर के चौखट तक सरलता और सुगमता से पहुंच कर जलाभिषेक कर सकें, इसके लिए योगी सरकार लगातार व्यवस्थाओं में बढ़ोतरी और सुधार करती जा रही है। इसके तहत सावन के दूसरे सोमवार से दर्शनार्थियों को भीड़ से बचाने के लिए एक लाइन लगाई जाएगी और धाम की क्षमता के अनुसार ही बैरिकेडिंग कर भक्तों को धाम में प्रवेश दिए जाने की व्यवस्था बनाई गई है।

### श्रावण के प्रथम सोमवार का भी हुआ था श्रृंगार

श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भी बाबा विश्वनाथ के स्वरूप का श्रृंगार हुआ था। शिव भक्त सावन के दूसरे सोमवार को अपने बाबा के विशेष स्वरूप शंकर पार्वती के रूप में दर्शन पाएंगे। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि आज श्रावण मास के दूसरे सोमवार को देवाधिदेव महादेव के गौरी शंकर (शंकर पार्वती ) स्वरूप का श्रृंगार होगा। श्री विश्वेश्वर के भक्त बाबा के इस विशेष स्वरूप का दर्शन कर पाएंगे।

### सीएम के निर्देश पर आस्था व सुरक्षा का विशेष ध्यान

सावन के दूसरे सोमवार को सभी प्रवेश मार्गों से कतार व्यवस्था को एकीकृत करते हुए सिंगल लाइन की व्यवस्था रखी गई है, जिससे दर्शनार्थियों को लाइन व्यवस्था में भीड़ का सामना न करना पड़े। प्रत्येक 50 मीटर पर लाइन व्यवस्था को नियंत्रित रखने के लिए बैरियर लगाया गया है। धाम में लगे बैरिकेडिंग की क्षमता के अनुसार ही दर्शनार्थियों को छोड़ा जाएगा। सावन के पहले सोमवार की भांति दूसरे सोमवार को भी नंदूफेरिया, सिल्को गली, ढुंढिराज गणेश, ललिता घाट, सरस्वती फाटक प्रवेश मार्ग से श्रद्धालु बाबा के चौखट तक पहुंच पाएंगे। सीएम योगी पहले सोमवार को बाबा के दर्शन करने पहुंचे थे। सीएम ने सभी अधिकारियों को आस्था के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर भी विशेष जोर देने का निर्देश दिया था।

# 'स्वच्छ कुंभ' को समर्पित योगी सरकार

## महाकुंभ 2025 के दौरान डेढ़ लाख अस्थाई शौचालयों की होगी व्यवस्था

- 10 हजार से अधिक कर्मचारी संभालेंगे साफ-सफाई और स्वच्छता की जिम्मेदारी
- क्यू आर कोड के माध्यम से होगी स्वच्छता की मॉनीटरिंग
- सफाई कर्मचारियों के लिए स्वच्छता कॉलोनी का होगा निर्माण होगी स्वच्छता की मॉनीटरिंग
- सफाई कर्मचारियों के लिए स्वच्छता कॉलोनी का होगा निर्माण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर मिशन मोड में जुटी हुई है। 12 साल में एक बार होने वाले सनातन धर्म के इस सबसे बड़े आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती। महाकुंभ के दौरान विशेष अवसरों पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण पुण्य की डुबकी लगाने प्रयागराज में संगम तट पर उमड़ेंगे। आस्थावानों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही योगी सरकार इस पूरे आयोजन को स्वच्छ बनाने पर भी विशेष जोर दे रही है।



### 300 से अधिक सक्शन गाड़ियां होंगी

महाकुंभ के दौरान 10 हजार से अधिक कर्मचारी स्वच्छता की जिम्मेदारी उठाएंगे। स्वच्छ कुंभ को समर्पित योगी सरकार पूरे मेला क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख अस्थाई सामुदायिक एवं शिविर शौचालयों और मूत्रालयों को स्थापित करेगी। इसके लिए 300 से अधिक सक्शन गाड़ियां और जेट स्प्रे सफाई प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। शौचालयों की सफाई के लिए क्यूआर कोड के जरिए सेवा स्तर की निगरानी की जाएगी।

### 25 हजार से अधिक लाइनर बैग युक्त डस्टबिन

कुंभ नगरी को स्वच्छ रखने के लिए 120 टिपर-हॉपर और 40 कॉम्पेक्टर ट्रक को लगाया जाएगा। इन वाहनों की जीपीएस से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा 25 हजार से अधिक लाइनर बैग युक्त डस्टबिन भी कुंभ मेला क्षेत्र में रखी जाएंगी। इन्हें प्रतिदिन तीन बार बदला जाएगा।

### 850 समूहों में काम करेंगे सफाई कर्मचारी

बात सफाई कर्मचारियों की करें तो कुंभ के दौरान 10 हजार 200 कर्मियों की तैनाती होगी। ये 850 समूहों में काम करेंगे। योगी सरकार सभी सफाई कर्मचारियों के लिए स्वच्छता कॉलोनी का भी निर्माण कराएगी। सफाई कर्मचारियों की दैनिक मजदूरी का हस्तांतरण सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# ओलंपिक की पदक तालिका में भारत का खाता खुला, मनु भाकर ने जीता कांस्य, पीएम मोदी ने दी बधाई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

- टोक्यो ओलंपिक 2020 में पदक से चूकने के बाद रो पड़ी थीं मनु भाकर, अब पदक जीतकर किया सपना पूरा

मनु भाकर ने रविवार 28 जुलाई को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। हरियाणा की 22 साल की इस निशानेबाज ने चेटरौक्स शूटिंग सेंटर में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद इन खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं। टोक्यो में दिल टूटने के तीन साल बाद भारत की इस सबसे प्रसिद्ध और प्रतिभाशाली निशानेबाजों में से एक ने अपने सपनों को पूरा किया और देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने जबरदस्त वापसी की और कांस्य पदक अपने नाम किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण और रजत पदक दक्षिण कोरिया की दो खिलाड़ियों ने जीता। ओह ये जिन 243.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और किम येजी ने 241.3 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया। मनु भाकर क्वालिफिकेशन राउंड में भी तीसरे स्थान पर रही थीं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में पदक जीता था। यह शूटिंग में भारत का पांचवां पदक है। मनु से पहले चारों एथलीट्स पुरुष थे। वह राज्यवर्धन सिंह राठौड़, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग और विजय कुमार के क्लब में शामिल हो गईं।

### एशियाई खेलों की टीम में नहीं थीं मनु

महज नौ माह पहले तक मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल की भारतीय टीम में भी शामिल नहीं थीं। बीते वर्ष वह हांगझोऊ एशियाई खेलों में खेलीं, लेकिन इस इवेंट की टीम में नहीं थीं। यह वह इवेंट है जो उनके दिल के सबसे करीब है। एशियाड से पहले मनु भाकर ने पिछले सारे विवादों को भुलाकर कोच जसपाल राणा का हाथा थामा तो इसकी एक वजह 10 मीटर एयर पिस्टल में वापस प्रभुत्व स्थापित करना था। एशियाड के बाद मनु का समर्पण और जसपाल का साथ काम आया। मनु ने न सिर्फ 10 मीटर एयर पिस्टल की ओलंपिक टीम में जगह बनाई बल्कि शनिवार को क्वालिफाइंग दौर में 580 का विश्वस्तरीय स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहते हुए इस इवेंट के फाइनल में भी जगह बनाई।

### राष्ट्रपति ने मनु भाकर को दी बधाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मनु भाकर को बधाई देते हुए कहा- पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ भारत की पदक तालिका खोलने के लिए मनु भाकर को हार्दिक बधाई। वह शूटिंग प्रतियोगिता में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। भारत को मनु भाकर पर गर्व है। उनका यह कारनामा कई खिलाड़ियों, खासकर महिलाओं को प्रेरित करने वाला है। मैं कामना करती हूं कि वह भविष्य में उपलब्धियों की और अधिक ऊंचाइयां छूए।

### प्रधानमंत्री मोदी ने मनु को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, ऐतिहासिक पदक! पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला दिलाने के लिए मनु भाकर को बधाई। यह कांस्य पदक और सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि मनु निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है।

### नीता अंबानी ने दी बधाई

आईओसी सदस्य नीता अंबानी ने निशानेबाज मनु भाकर के कांस्य पदक जीतने पर कहा- क्या अविश्वसनीय क्षण है! हमारी सबसे कम उम्र की महिला निशानेबाज ने पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता खोला है। बधाई हो, मनु भाकर! ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल में जीतने वाली पहली भारतीय महिला और ऐसा करने वाली हमारी सबसे कम उम्र की भारतीय निशानेबाज के रूप में, आपने इतिहास रच दिया है। मुझे यकीन है कि आज आपकी सफलता भारत भर के युवा एथलीटों को बड़े सपने देखने और अपना सब कुछ झोंकने के लिए प्रेरित करेगी। भारतीय ध्वज को ऊंचा रखें। गो इंडिया गो, हम सभी को गौरवान्वित करें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### उदित नारायण को मिली पीएचडी की उपाधि



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर तहसील के सकरौंहा गांव के निवासी उदित नारायण को ''भारतीय दर्शनों में प्रमाणान्तर भाव वाद की समीक्षात्मक अध्ययन'' विषय पर शोध कार्य के लिए पीएचडी (विद्या वारिधि) की उपाधि प्रदान की गयी है। वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के पद पर कार्यरत उदित नारायण ने राष्ट्रीय संस्थान नई दिल्ली जयपुर परिसर में प्रो अर्कनाथ चैधरी के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किया है।

### अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि चैकी प्रभारी गनीवा उप निरीक्षक यदुवीर सिंह एवं मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र कुमार, आरक्षी प्रमोद कुमार द्वारा मनोज सिंह पटेल निवासी तौरा को 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### 4 आरोपियों के विरुद्ध की मिनी गुण्डा की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाडी रीता सिंह ने बताया कि जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले रामकरन, कसूदन, अजय, छोटू उर्फ छत्रपाल निवासीगण रइयापुरवा मजरा गढीघाट के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

### तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय ने बताया कि उप निरीक्षक इन्द्रजीत गौतम तथा उप निरीक्षक प्रशिक्षु दिव्यांश पाण्डेय, मुख्य आरक्षी दौलत सिंह, आरक्षी प्रवीण पाण्डेय द्वारा देवीदीन निवासी बेलहा मजरा हरियारी कलॉ को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### करंट लगने से बच्ची की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर के मुहल्ला शांतिनगर निवासी अरुण कुमार मजदूरी का काम करता है। रविवार की सुबह वह मजदूरी कर चला गया था। घर में उसकी पत्नी व लड़की नौ वर्षीय अंशिका व पुत्र छोटू था। अपराह्न 12:30 बजे के लगभग मां कूलर चलाकर कमरे में लेट गई और पुत्री कमरे के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान उसका हाथ कूलर से छू गया। जिसमें आ रहे तेज करंट की चपेट में आने उसकी मौत हो गई। जब वह गिरी तो मां उठी तो उसे देखा तो घबरा गई। इसके बाद पति को फोन किया। घर पहुंचकर अरुण कुमार बेटी को इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता अरुण कुमार का रो रोकर बुरा हाल था।

# बजट विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति का संकल्प पत्र है: डॉ अनिल यादव

## यह बजट युवाओं के कौशल विकास के साथ रोजगार सृजन को केंद्रित है: डॉ. अनिल यादव

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा बजट पर जिला स्तरीय संगोष्ठी डॉक बंगला सभागार में आयोजित की गई। बजट पर संगोष्ठी से पूर्व जनपद के सभी बूथों पर जनसुझाव आधारित प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि बूथों पर सहभागी रहे। संगोष्ठी का शुभारंभ भाजपा के पितृ पुरूषों श्रद्धेय डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी व अजातशत्रु पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पार्चन से हुआ।

कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव ने कहा कि बजट 2024-25 विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति का संकल्प पत्र है। यह बजट भारत के आधारभूत संरचनात्मक विकास को नवीन आयाम देने वाला है। यह बजट युवाओं के कौशल विकास के साथ रोजगार सृजन को केन्द्रित है। यह बजट भारत के कोटि कोटि जनों के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट भारत को पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का दृष्टिपत्र है। हम सब कार्यकर्ताओं को जनसंवाद करके बजट के सभी विषयों को जन जन तक ले जाना है।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट समाज के सभी वर्गों के लिए हितकारी है। वित्तमंत्री द्वारा सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए जन कल्याणकारी बजट प्रस्तुत किया गया है।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बजट के विषय पर जन चर्चा करे। कार्यकर्ताओं को अपने नेतृत्व के संघर्षों से प्रेरित होकर सांगठनिक मूल्यों को मजबूत करना होगा। पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि बजट में भारत के विकास का मार्ग प्रशस्त है। युवा, महिला, किसान व गरीब सभी के कल्याण का पक्ष बजट में समाहित है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि यह बजट विद्या, वित्त व विकास की मजबूत आधारशिला है। बजट सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर सबका विश्वास पर आधारित है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि बजट एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए साफ नीयत सही विकास का रोडमैप है।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चन्द्र प्रकाश खरे, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, मुन्ना करवरिया, महेन्द्र कोटार्य, अश्विनी अवस्थी, ब्रजेश पाण्डेय, रामबाबू गुप्ता, राजेश्वरी, मनोज तिवारी, अनूप त्रिपाठी, राजेश्वरी द्विवेदी, प्रेमलाल, निर्मलेन्द्र, अरविन्द रलिहा, सुशील द्विवेदी, हेमन्त सिह, सतोष मिश्रा, पुष्पराज विश्वकर्मा, प्रमेन्द्र सिंह, अखिलेश रैकवाल, राकेश कोल, लवलेश निषाद, जितेन्द्र शुक्ला, रवि गुप्ता, राघव अग्रवाल, श्रद्धांशु, रमाकांत पाण्डेय, श्रवण पटेल, विनोद द्विवेदी, सच्चिदानंद गर्ग, योगेन्द्र सिंह, जय प्रकाश पाण्डेय, शक्ति सिह, शिवाकान्त पांडेय, सुखेन्द्र, उज्वल गुप्ता, आराधना, सुरेश अनुरागी, राजाराम पाल आदि मौजूद रहे।

## फल की दुकान में लगी आग, सामान जलकर खाक, काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया



**जन एक्सप्रेस | प्रयागराज**

प्रयागराज करेली में पहलवान जूस कार्नर में आग लगने भारी नुकसान हुआ है। पुराने बैंक ऑफ बड़ौदा के पास बबलू नाम के दुकानदार के फल की दुकान में आग लग गई। जिससे आसपास अफरा तफरी का माहौल मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसकी सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। मौके पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने दो फायर टेंडर लगाकर आग पर काबू पाया, मगर दुकान का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पांडेय ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है, लेकिन शार्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है। दुकानदार बबलू ने बताया कि दुकान के अंदर भारी मात्रा में घरेलू सामान के अलावा फल के कार्टन और पेटियां थीं जो आग की भेंट चढ़ गए। दुकान में कुछ भी नहीं बचा है सब कुछ जलकर नष्ट हो गया है।

## केन्द्रीय दूर संचार राज्य मंत्री को दी बीएसएनएल की समस्याओं की जानकारी

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, केंद्रीय दूरसंचार राज्य मंत्री से मुलाकात कर चित्रकूट में होने वाली बीएसएनएल की समस्या को अवगत कराया। लंबे समय से बुदेलखंड के जिलों में नेटवर्क की समस्या एवं 4जी, 5जी की समस्या आए दिन बनी रहती है। जिसके कारण लोगों को बात करने में समस्या होती है। टेलीकाम कंपनी जियो और एयरटेल की लगातार बढती कीमतों से लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है। बीएसएनएल कंपनी में कार्यायत कर्मचारी, भारतीय मजदूर संघ दिल्ली कार्यकारिणी के अध्यक्ष लीलानिधि शुक्ला ने केंद्रीय दूरसंचार राज्य मंत्री को ज्ञापन देकर अपने क्षेत्र में बीएसएनएल का नेटवर्क को बढाने के लिए एवं 4जी एवं 5जी टावर लगाने के लिए अनुरोध किया। लीलानिधी लगातार क्षेत्र की समस्या को लेकर काफी चिंतित रहते है। वह समस्या को निजात दिलाने के लिए मंत्रियों से मिलते रहते है।

## कामदगिरि परिक्रमा से होती है दिव्य अनुभूति: मनीष बाबा

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



धर्मनगरी की अपनी दूसरी धार्मिक यात्रा पर चित्रकूट पहुंचे श्रीजी पीठ मथुरा के पीठाधीश्वर मनीष शंकर महाराज (मनीष बाबा) ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान ऋषियों की तपस्थली धारकुंडी आश्रम, तुलसी प्रताप, सरभंग आश्रम के दर्शन किए। साथ ही प्राचीन कामदगिरि प्रमुख द्वार पहुंचकर भगवान कामतानाथ की पूजन अर्चन कर आरती की। इसके बाद भगवान कामदगिरि की परिक्रमा के दौरान भरत मिलाप, तृतीय मुखारविंद, बहरा के हनुमान मंदिर, बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर पूजा पाठ किया।

पीठाधीश्वर मनीष बाबा ने कहा कि यह हमारी चित्रकूट की दूसरी आध्यात्मिक व धार्मिक यात्रा है। उन्होंने कहा कि इस पावन धरा पर भगवान श्री राम माता जानकी, भाई लखन संग साढे ग्यारह वर्ष गुजारे हैं। इस पावन भूमि में भगवान के पावन चरण की रज है। उन्होंने कहा कि मथुरापुरी में कोई न कोई मंदिर भगवान के समय पर बनाया हुआ है। जिस समय छेनी हथौडी चली है और उस समय तोडने व खंडित करने की कोशिश की गई। प्रत्यक्ष रूप से देखें तो भगवान के समय में गोवर्धन नाथ भी थे और जमुना मैया भी थी जो आज भी लोगों को अपने दर्शन कराती हैं। ऐसे ही चित्रकूट में भगवान श्री राघवेंद्र सरकार के रूप में प्रभु कामतानाथ लोगों को अपने दर्शन की अनुभूति कराते हैं। यहां की परिक्रमा और यहां के दर्शन जो भी कर लेता है तो उसे दिव्य अनुभूति होती है। यहां हमें बस वही अनुभूति होती है कि जैसे भगवान राम माता जानकी विराजमान है। इसके अलावा कुछ और नहीं स्मरण रहता। ऐसा प्रतीत होता है कि गोवर्धन नाथ बडे भाई और कामदनाथ छोटे भाई के रुप में बिराजे है। गिरिराज की परिक्रमा 21 किमी की है और कामदगिरि की परिक्रमा 6 किमी की है। अंतर दोनों में कुछ भी नहीं ठाकुर जी की कृपा जब होती है तो वह बांसुरी धारण कर लेते हैं और श्रीराम की कृपा होती तो धनुष धारण कर लेते हैं।

## कामदगिरि स्वच्छता समिति ने परिक्रमा मार्ग में चलाया सफाई अभियान

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत रविवार को 123वां स्वच्छता अभियान कामतानाथ परिक्रमा स्थिति लक्ष्मण पहाडी के सामने चलाया गया। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि महात्मा गांधी का एक सपना था कि सब भारतवासी स्वच्छता के महत्व को समझें और उस पर अमल करें। ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका राकेश केशरवानी ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं साफ रखना हम सब की जिम्मेदारी है। पर्यावरण से ही हमारा जीवन है। मानव द्वारा अगर पर्यावरण का विनाश हो रहा है तो यह मानव का ही विनाश हो रहा है। इसलिए हम सबको पर्यावरण बचाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि हम सभी का एक लक्ष्य होना चाहिए कि कामतानाथ परिक्रमा स्वच्छ और सुंदर हो। बाहर से आने वाले पर्यटक को स्वच्छता का आभास हो।

### छत से गिरकर युवक की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** थाना क्षेत्र के ग्राम बहराई में शनिवार की शाम को 48 वर्षीय छोटे उर्फ शिवराज सिंह खेतों की ओर गया था। इसके बाद वह घर लौटा, तो उसने दोस्तों के साथ शराब पी ली। इसके बाद घर में रात नौ बजे खाना खाने के बाद छत पर टहलने चला गया। अन्य घर के सदस्य भी अपने कमरों में सोने चले गए। घर के आंगन की तरफ जाली न लगी होने के कारण छत खुली हुई थी। इसी दौरान टहलते समय छोटे छत से आंगन में आ गिरा। तेज आवाज आने के बाद उसकी पत्नी व घर के अन्य सदस्य जाग गए और तुरंत मौके पर पहुंचे, तो देखा छोटे की सांसें चल रही थीं। इसके बाद स्वजन उसे इलाज के लिए तुरंत सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सदगुरु पब्लिक स्कूल में हुआ स्टूडेन्ट काउंसिल का गठन

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



परमहंस संत रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा से संचालित सदगुरु शिक्षा समिति के तत्त्वावधान में जानकीकुण्ड-चित्रकूट में संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त सदगुरु पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के स्टूडेंस काउंसिल का गठन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में ट्रस्टी व निदेशक डॉ. बी.के. जैन एवं शिक्षा समिति की अध्यक्ष उषा जैन रही। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं गुरुपूजन के साथ हुआ। प्राचार्य राकेश तिवारी ने स्वागतीय उद्बोधन द्वारा सभी का अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्रों को व्योम, वरुण, वसुंधरा और वायु हाउस, इन चार विभिन्न सदनों में प्रीफेक्ट, हाउस कैप्टन वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, कल्चरल कैप्टन एवं वाइस कैप्टन आदि पद वितरित किये गए।

काउंसिल में जिन छात्रों को पदभार ग्रहण कराया गया, उनमें समीर सिंह हेड ब्वाय, आकांक्षा शुक्ला हेड गर्ल, ज्ञानेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स कैप्टन ब्वाय, अनन्या जायसवाल स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल, संस्कृति सिंह कल्चरल सेक्रेटरी, ऋचा द्विवेदी डिसिप्लिन सेक्रेटरी, अथर्व शुक्ला वरुण हाउस कैप्टन, प्राची सिंह वरुण हाउस प्रिफेक्ट, अंशुमान पयासी वसुन्धरा हाउस कैप्टन, आरिफ अली वसुंधरा हाउस प्रिफेक्ट, राशि जायसवाल वायु हाउस कैप्टन, अन्नपूर्णिमा वायु हाउस प्रिफेक्ट, देवेन्द्र प्रताप व्योम हाउस हाउस कैप्टन, आशुतोष तिवारी व्योम हाउस प्रिफेक्ट।

कार्यक्रम के डॉ बी. के. जैन ने सभी को बैच पहना कर हाउस फ्लैग सौंप कर शपथ दिलवाई। उषा जैन ने छात्रों को बताया कि अधिकार और पद के साथ दायित्व का निर्वहन करना होता है, यह सभी पद छात्रों के अन्दर छिपी प्रतिभा एवं नेतृत्व की क्षमता को विकसित करने के लिए किया जा रहा है। गुरुदेव का एक ही सूत्र है सेवा धर्म परायण बने एवं अपने जीवन का सूत्र सेवा और परोपकार को बनाएं। इस मौके पर उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आर.बी. सिंह चैहान, सुमन द्विवेदी, प्राचार्य राकेश तिवारी, शंकरदयाल पाण्डेय, सुरेन्द्र तिवारी, उपप्राचार्या अंजली भटनागर, सीमा चौधरी आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** टड़वा निवासी गुरमुख सिंह का 47 वर्षीय पुत्र अनिरुद्ध सिंह उर्फ कल्लू 22 जुलाई की शाम को नियामतपुर से अपने गांव बाइक से जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। रहीगीर की सूचना पर पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। स्वजनों ने बताया कि हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज झांसी वहां वहां से ग्वालियर रेफर किया गया था। हेलमेट न लगे होने की वजह से सर में गंभीर चोट थी। ऑपरेशन के बाद इलाज चल रहा था। शनिवार की सुबह युवक की मौत हो गई। उसका शव जब गांव पहुंचा, तो स्वजनों में कोहराम मच गया। उसके दो बच्चे हैं पुत्र राजा 17 वर्ष एवं पुत्री शालिनी 14 वर्ष, पिता की आस्मय मौत होने पर दोनों बच्चे एवं पत्नी बुरी तरह बिलख रही थी। युवक खेती किसानी करके पूरे परिवार का भरण पोषण करता था।

### किसान को बस ने रौंदा, मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर से सब्जी बेचकर पुल पर मोटरसाइकिल से वापस जा रहे किसान को बस ने रौद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कानपुर देहात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक तकरीबन 55 वर्षीय सोबरन निषाद कालपी के यमुना पट्टी के ग्राम हीरापुर का मूल निवासी है तथा वह काफी समय से कानपुर देहात के डिलौलिया बांगर के समीप कालपी यमुना पुल क्रास सब्जी कछवारी लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था तथा रोजना वह कालपी सब्जी बेचने आता है। शनिवार को भी वह रोजना की तरह अपनी मोटरसाइकिल नम्बर यूपी 77 एई 6815 से कालपी सब्जी बेचने आया था। सब्जी बेचकर जैसे ही हाइवे से डिलौलिया रोड पर अपनी कछवारी की तरफ मुड़ा कि तभी कानपुर की ओर से आ रही रोडवेज बस ने अनयत्रित होकर टक्कर मार दी। जिससे किसान की मौके पर मौत हो गयी।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में कवि सम्मेलन संपन्न

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

विश्व विश्वविद्यालय के स्थापना कार्यक्रम में नृत्य, दिवारी, कला प्रदर्शन, कवि सम्मेलन आदि आयोजन संरक्षक एवं कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य की उपस्थिति एवं कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय की देख रेख में कार्यक्रम संयोजक डॉ गोपाल मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इसी क्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता मिर्जापुर के वरिष्ठ कवि गणेश गंभीर ने की। फतेहपुर के शिवम हथगामी, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रसूनवरिष्ठ गीतकार नवीन शुक्ला ने सुंदर रचनाएं सुनकर दर्शकों ने तालिया से अभिनंदन किया। कर्वी के नारायण तिवारी ने कहा कि राम को वनवास होता है तो होवे, इन बूढे दशरथों का वनवास तो रोकिए। तुलसी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष एवं पर्यावरण संरक्षक रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने कहा कि चित्रकूट में भगवान राम शिव की अनुमति लेकर ही यहां रुके थे।

उन्होंने शिव की वंदना सुंदर ढंग से प्रस्तुत की।तुलसी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष एवं पर्यावरण संरक्षक रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने कहा कि चित्रकूट में भगवान राम शिव की अनुमति लेकर ही यहां रुके थे। उन्होंने शिव की वंदना सुंदर ढंग से प्रस्तुत की। जय जय शिव शंकर, जय अभयंकर, करुणाकर सुख दाता तथा मां की ममता पर कहा कि बच्चों के हित सब कुछ सहती, करती जान निसार। प्यारी मां में भरा हुआ है, ममता का संसार। संचालन कर रहे राजेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हर मुकुट मणि जडा नहीं होता, मौके मौके की बात है वरना कोई छोटा बडा नहीं होता।

वरिष्ठ कवि गणेश गंभीर ने कहा कि उदास होने से मंजर नहीं बदल सकता। किसी की चीख से खंजर नहीं बदल सकता। करो कहीं से करो इंतजाम पानी का, बिना सिंचाई के बंजर नहीं बदल सकता। इस अवसर पर कवियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा किरन, डा प्रमिला, सहायक प्रवक्ता पीयूष द्विवेदी, शशिकांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## मंत्री व मंडलायुक्त ने सरसौखी व चमारी गौशाला में किया पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस | उरई**




मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे की सराहनीय पहल एवं अभिनव प्रयास से मंडल के तीनों जनपदों के गौशालाओं में बृहद वृक्षारोपण का कार्य किया गया। गौ माता को भीषण गर्मी, सर्दी एवं बारिश से बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने एवं गौशालाओं में पर्याप्त हरियाली की चादर बिछाने के उद्देश्य से राज्यमंत्री, (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड विभाग एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव ने कान्हा गौशाला सरसौखी व चमारी गौशाला परिसर में अभियान के तहत पौधरोपण किया। रोपे गए पौधे जब वृक्ष के रूप में परिवर्तित होंगे तब गौवंशों के लिए पर्याप्त छाया होगी, भीषण गर्मी में गौवंशों के लिए बेहतर छाया मिलेगी। इस दौरान पूरे परिसर में बरगद, नीम, पीपल, मौलश्री, कदम जैसे लंबी आयु वाले वृक्षों और औषधीय गुणों वाले वृक्षों को भी लगाया गया। मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे के इस अभिनव प्रयास से सराहना की गौशालाओं में बृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा एवं गौशालाओं में सरंक्षित गौवंशों के लिए आने वाले समय में पर्याप्त हरियाली भी होगी। उन्होंने गौशाला परिसर में एक पेड़ माँ के नाम लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की जनता से एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री ने इस अभियान की शुरूआत की थी तो किसी को अंदाज़ा नहीं था कि यह अभियान एक जन आंदोलन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आज देशवासी %एक पेड़ माँ के नाम% अभियान से जुड़, पौधे लगाकर अपनी माँ और धरती माता को प्रणाम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल शासन का नहीं है इसमें जनता की भागीदारी बहुत जरूरी है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनपद झांसी, ललितपुर से जनपद जालौन में सबसे अधिक गौशालाएं है, और लगभग 40 हजार से अधिक गौवंश गौशालाओं में संरक्षित है, मंडलायुक्त के अभिनव प्रयास से आज जनपद की समस्त गौशालाओं में 25 हजार से अधिक विभिन्न किस्म के पौध रोपित किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह कुशवाहा, डीसीएनआरएलएम महेन्द्र नाथ चौबे, होमगार्ड कमांडेंट राजेश कुमार सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। | लखनऊ । सोमवार । 29 जुलाई 2024 | 03


**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.0 (+0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.0 (+0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 88 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 69 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 14.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

## एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

श्री रामलला आरोग्यधाम हॉस्पिटल, रावतपुर द्वारा अस्पताल परिसर में एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 467 मरीजों ने पहुंच कर अस्पताल के विभिन्न विभागों के 25 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों से चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। कई मरीजों द्वारा पैथोलॉजिकल जांच, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन आदि की निःशुल्क जांच भी कार्रवाई गई। अस्पताल की ओपीडी सेवा विस्तार एवं डायग्नोस्टिक के शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा धन्वंतरि जी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर स्वास्थ्य शिविर का विधिवत् शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को ईश्वर का प्रतिरूप बताते हुए कहा कि हमारी आकांक्षा है कि श्री रामलला आरोग्यधाम चिकित्सालय, चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए लाखों लोगों को लाभान्वित करेगा। साथ ही उन्होंने अस्पताल के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अस्पताल के उज्जवल भविष्य की कामना की। अस्पताल की संचालन समिति की सचिव नीतू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार से प्रतिदिन प्रातः10:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा ओ.पी.डी सुविधा सभी के लिए संचालित होगी। शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ.पी.एन शुक्ला, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अवध दुबे, डॉ.संजीव रोहतगी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.अक्षय शुक्ला, वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेंद्र सेंगर, डॉ.गौतम दत्ता, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रसून सचान, नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ.सौरभ लूथरा समेत कई चिकित्सक उपस्थित रहे।

## फेसबुक से की दोस्ती, फिर ब्लैकमेल कर करता रहा रेप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर के थाना कल्याणपुर क्षेत्र में निवास करने वाली एक युवती से जनपद मैनपुरी निवासी एक ट्रक चालक ने फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया तथा युवती के अश्लील वीडियो और फोटो प्रचलित करने की धमकी देकर तीन वर्ष तक अपने पास बुला उसे अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। रविवार को कल्याणपुर आकर युवक ने वीडियो डिलीट करने का झांसा देकर युवती को बुलाया और पनकी रोड पर बने एक होटल के कमरे में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर युवक ने उसको लात घूसों से जमकर पीटा। सूचना पर आए स्वजन और राहगीरों ने आरोपित को पीट कर कल्याणपुर पुलिस को सौंप दिया, जहां पीड़िता की तहरीर पर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

कल्याणपुर थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि वह आसपास के घरों में कार्य करती है। 3 वर्ष पूर्व मैनपुरी निवासी ट्रक चालक शुभम से फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई। जिसने शादी का झांसा देकर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया, व अश्लील वीडियो व फोटो बना लिए। जिनको प्रचलित करने की धमकी देकर वह दुष्कर्म करता रहा। एक बार विरोध करने पर उसने वीडियो स्वजन को भेज दिए। रविवार को शुभम कल्याणपुर में रहने वाली अपनी मौसी के यहां आया और वीडियो डिलीट करने का झांसा देकर युवती को मिर्जापुर बुलाया, और वहां से पनकी रोड स्थित एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती के विरोध करने पर आरोपित ने पुनः वीडियो प्रचलित करने की धमकी दी लेकिन युवती के लगातार विरोध करने पर उसको लात घूसों से जमकर पीटा। पीड़िता ने किसी तरह फोन कर अपनी बहन को बुलाया। सूचना पर पहुंचे अन्य लोगों ने भी दोनों को बाहर निकाला, जहां राहगीरों ने आरोपित को पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कल्याणपुर थाने में आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया की आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया गया है।

## सामूहिक विवाह के लिए पंजीकरण शिविर का किया आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

विकलांग एसोसिएशन ने कल शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क, बगिया में सामूहिक विवाह के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन किया। शिविर में 13 आवेदन प्राप्त हुये। 148 दिव्यांगजन के आवेदन विवाह हेतु लम्बित है7 दिव्यांग व गरीब व्यक्तियों का सामूहिक विवाह 09 नवम्बर को आयोजित किया जायेगा।

एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया की दिव्यांग लड़की से स्वस्थ लड़के द्वारा विवाह करने पर सरकार से पुरस्कार के रूप में 20 हजार, शारीरिक रूप से स्वस्थ लड़की दिव्यांग लड़के से विवाह करेगी तो उन्हें 15 हजार व दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रूपये सरकारी सहायता दिलायी जायेगी।

विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया की गरीब व अनाथ दिव्यांग लड़कियों के विवाह के लिये एसोसिएशन ने घर बसाओ - पुण्य कमाओ कन्यादान योजना शुरू की है। ऐसे व्यक्तियों को कन्यादान योजना में शामिल किया जायेगा जिनके पुत्री नहीं है और वो कन्यादान करने के इच्छुक हों। इसके लिए उन्हें लिखित अनुरोध करना होगा।

वीरेन्द्र कुमार ने कहा की दिव्यांग व्यक्तियों के विवाह में बहुत समस्या आ रही है।

दिव्यांग लड़कियों के विवाह के लिये आवेदन नाम मात्र ही आते हैं। जबकि दिव्यांग लड़कों के आवेदन अधिक आते हैं। दिव्यांग व्यक्तियों का विवाह न हो पाने के कारण वो मानसिक तनाव में रहते हैं।

वीरेन्द्र कुमार ने बताया की सुबह 9 बजे से 11 बजे तक प्रतिदिन शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में सामूहिक विवाह के लिये आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं।

आज के शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, राहुल कुमार, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित, रंजीत कुमार, जितेन्द्र गुप्ता, दिलिप कुमार, अनुराधा गुप्ता, सीमा कुशवाहा, याशमीन, त्रिसी खरे, रूखसार आदि शामिल थे।

## मंदिर से दर्शन कर लौट रहे युवक की दर्दनाक मौत, पत्नी और बेटा घायल





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**चौबेपुर।** खेरेश्वर मंदिर से दर्शन करके घर वापस लौट रहे एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई, वही उसकी पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पत्नी और बेटे को चौबेपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां से कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में उपचार के लिए रिफर कर दिया गया। जहां पर बच्चों की हालात चिंताजनक बनी हुई है।

सूत्रों के मुताबिक मृतक अंशुमान निगम उम्र लगभग 44 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सूरज प्रसाद निगम निवासी 20/208 चटाई मोहाल कानपुर, अपनी पत्नी भावना निगम और 6 वर्षीय बेटे युग निगम के साथ रविवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे खेरेश्वर मंदिर से दर्शन कर लौट रहे था। कि तभी मानपुर के पास हाईवे पर अनियंत्रित लोडर ने मोटर साइकिल में साइड से जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद मोटर साइकिल सवाल दंपत्ति उछलकर रोड पर गिर गये। घटना में मोटरसाइकिल चला रहे अंशुमान निगम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं राहगीरों ने मृतक की पत्नी व उनके 6 वर्षीय बेटे को युग निगग का घटनास्थल से उठाकर चौबेपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां से उसे कानपुर के एक नीचे अस्पताल में उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। मृतक के छोटे भाई सुदीप निगम ने बताया कि ग्रामीणों ने फोन के माध्यम से क्षेत्रीय पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। संदीप निगम ने यह भी बताया कि मृतक अंशुमान निगम आईटीसी कम्पनी में डिस्टीब्यूटर के पद पर काम करता था।

फिलहाल चौबेपुर पुलिस ने मृतक का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद से मृतक की पत्नी भावना निगम बद हवास हालत में है।

## ओंकारेश्वर में प्रान्त अभ्यास वर्ग कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा



**कानपुर नगर।** ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन ई. का. जवाहर नगर में रविवार को प्रान्त अभ्यास वर्ग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डॉ.अशोक वार्ष्णेय, डॉ.बी.एनआचार्य, डॉ.अंगद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ.अशोक कुमार वार्ष्णेय ने? कहा कि 2 नवंबर 2002 में कोच्चि में प्रारंभ हुई आरोग्य भारती सेवा एक एकेडमिक संस्था है जिसका कार्य देश के 41 प्रान्तों एवं 800 जिलों में चार आधारों एवं 24 आयामो मे चल रहा है। जिसमें समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता, व्यवस्थित जीवन शैली, सभी चिकित्सा पद्धतियों की सहायता एवं आन्तरिक आनन्द की अनुभूति ही स्वस्थ रहने का आधार है। उन्होंने कहा कि 350 जिलों में विकास खण्ड स्तर पर हजारों सक्रिय कार्यकर्ता नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ.वी. एन. त्रिपाठी ने किशोर / किशोरी स्वास्थ्य के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे देश में 10 से 20 आयु समूह के 15-20 करोड टीनेजर्स है जिन्हें देश की बागडोर संभालनी है ऐसे में इनके पोषण की देखभाल करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि माता पिता बच्चों के साथ समय बिताए और उन्हें अच्छा इंसान बनाने के लिए प्रयत्न करे। प्रान्तीय कोषाध्यक्ष डॉ.देवेश तिवारी ने कहा कि व्यसन समाज की बुराई है सरकारी आकड़ों के अनुसार देश के 28 करोड़ लोग नशा करते है। जिसका मुख्य कारण भूख, क्रोध, अकेलापन व तनाव है। प्रान्तीय सचिव श्याम सुन्दर गुप्ता ने संगठन की आगामी योजना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नमिता दुबे, द्विजेंद्रनाथ, रवींद्र तिवारी, शशि गुप्ता, अरविन्द्र पाण्डे, मुकेश गुप्ता, श्रीकान्त, उषा गुप्ता, शारदा विश्वकर्मा, रंजना कुमारी, अनोखेलाल पाठक, विनोद दीक्षित, सुरेश उपाध्याय, दिनेश त्रिपाठी, डॉ.मनमीत सिंह, योगेन्द्र सचान, नवीन कुमार सहित 80 कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नहर में कूद कर अपनी जीवन लीला की समाप्त

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बिठूर कुरसौली नहर पुल के पास से नहर में कूदे दाईपुरवा निवासी अनिल पाल (30) ने आत्महत्या कर ली। वही घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूछताछ में मृतक के परिजनों ने बताया है कि 7 वर्ष पूर्व अनिल की शादी हुई थी। पिछले दो वर्षों से पत्नी साथ नहीं रह रही थी। जिसके चलते अनिल मानसिक रूप से बेहद परेशान चल रहा था। जिसके चलते अनिल ने आत्महत्या की है। थाना प्रभारी बिठूर ने बताया कि ग्राम लोधर थाना बिठूर क्षेत्र में नहर में तैरता हुआ मिल गया है।

## बीस घंटे के अंदर दो चलते कोरियर कंटेनर मे लगी आग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बीती रविवार की रात्रि को नौबस्ता बर्रा हाइवे के ऊपर डिलेवरी देने वाले चलते कंटेनर मे भीषण आग लगने से कोहराम सा मच गया। जबकि शनिवार की रात भी ठीक उसी जगह हाईवे के नीचे डिलेवरी देने वाले कंटेनर मे आग लगने से अफरा तफरी मच गई थी। हाईवे के बगल मे रहने वाले आसपास के क्षेत्रीय लोगों मे दहशत का माहौल देखने को मिला था एवं काफी देर आसपास के लोग ही अपने अपने घरों के समरसेविल चलाकर और बाल्टियों मे पानी ला लाकर आग बुझाते नजर आए थे। वहीं क्षेत्रीय लोग अपने अपने घरों को छोड़कर घर के बाहर कुछ दूरियों मे जाकर खड़े हो गए थे। लोगों ने अपने अपने वाहन लेकर घरों से दूर जाकर खड़े कर दिए थे। काफी देर बाद दमकल की गाड़ी आने के बाद आग से राहत पा गई थी और आग बुझा दी गई थी। साथ ही थोड़ी देर की भारी बारिश से भी आग मे जल्द ही काबू पाया गया था। लेकिन आज फिर उसी जगह दोबारा इस तरह की घटना हो जाने से क्षेत्रीय लोगों मे दहशत का माहौल दिखाई दिया। हालाकि दमकल की गाड़ी और पुलिस की मदद से आग को बुझा दिया गया था। आखिर क्या कारण है जो 20 घंटों के अंतराल मे डिलेवरी देने वाले दो कॉन्टेनरो में अचानक आग लग गई। अभी तक इसकी पुष्टि किसी भी अधिकारी द्वारा सामने नही लाई गई है। वहीं आसपास के लोगों से पता चला कि दोनो कंटेनरो मे सवार चालक और क्लीनर ने मौके पर कूदकर अपनी जान बचा ली है। कोई भी जनहानि नही हुई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### युवती पर मोबाइल चोरी करने का संदेह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र की बंबा रोड निवासिनी श्रष्टी नाम की महिला ने मकान में किराएपर रहने वाली युवती पर मोबाइल चोरी करने का संदेह जताते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि श्रष्टी ने तहरीर में पुलिस को बताया है कि शनिवार को वह मोबाइल रखकर सोने के लिए चली गई थी। रविवार सुबह देखा कि कमरे से उनका मोबाइल गया है। श्रष्टी ने पुलिस को बताया कि उसके कमरे के ठीक सामने एक युवती रहती है। जिसके ऊपर उसे पूरा संदेह है कि उसके द्वारा ही मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। जांच करवाई जा रही है।

### पिज़्ज़ा की दुकान में काम करने वाली महिला को कार ने मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना रावतपुर क्षेत्र स्थित सुरेंद्र नगर निवासिनी रानू शर्मा केडीएमए के पास बनी एक पिज़्ज़ा की दुकान में काम करती है। वह रोज की तरह पैदल दुकान जा रही थी। इस दौरान दुकान से कुछ दूरी पर एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वही टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से कार सहित फरार हो गए। राहगीरों ने घायल रानू को पुलिस की मदद से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर रानू की हालात सामान्य बनी हुई है।रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के लोगों से कार नंबर की जानकारी हुई है। कार नंबर के आधार पर कार चालक की तलाश की जा रही है।




### बाइक सवारों ने युवक से लूटा मोबाइल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना पनकी क्षेत्र के बरगदियापुरवा ई ब्लाक निवासी निखिल श्रीवास्तव ने दो बाइक सवार अज्ञात लुटेरों पर लूटपाट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बताते चलें कि पीड़ित निखिल ने पुलिस को बताया है कि शनिवार की देर रात वह घर जा रहा था। इस दौरान वह अभी कालपी रोड पर पहुंच ही था कि अम्बेडकर मूर्ती के पास दो लोग काली स्प्लेंडर बाइक से आये और समय पूछने लगे। इस दौरान निखिल ने अपना मोबाइल निकाला तभी बाइक सवार दोनों लुटेरे ने उसके साथ मारपीट करते हुऐ तमन्चा दिखाकर फोन छीन लिया और भौती बाईपास की तरफ निकल गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



## यातायात सुधार में जनसहयोग की दरक़ार

जन एक्सप्रेस । डॉ. हर नारायण मिश्र

**कानपुर।** शहर के ट्रैफिक को सुधारने व जाम से बचाने के लिए एक बार फिर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर और डीसीपी ट्रैफिक द्वारा सुनियोजित ढंग दूरगामी कार्य योजना तैयार की जा रही है। इस योजना को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए नगर के जागरुक नागरिकों से ईमेल व पत्रों के माध्यम से सुझाव भी आमंत्रित किये गए हैं। नगर की यातायात व्यवस्था सुधारवादी दौर से गुजर रही है। इससे पूर्व डीसीपी ट्रैफिक बन कर आयी एक महिला अधिकारी ने अपने अथक प्रयासो से सुधार की राह पर कुछ कदम बढ़ाये थे किन्तु उस सुधारवाही युग का अंत उनके के तबादले के साथ हो गया था। उसके बाद एक बार फिर एडीशनल पुलिस कमिश्नर हरिश्चन्दर व डीसी पी यातायात आरती सिंह के द्वारा निजी स्तर से प्रयास करने के अलावा नगर की जनता से यातायात व्यवस्था के सुधार के लिए सुझाव मांगे हैं। इस अवसर पर कमिश्नरेट के दफ्तर में ट्राफिक दोस्त अभियान का शुभारम्भ करते हुए ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरीश चन्दर ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत अगले 15 दिनों तक अनेक सोशल मीडिया से जुड़े लोगों व आम जनो से हेल्प लाइन के माध्यम से सुधारवादी सुझाव प्रेषण की अपेक्षा है। समय समयावधि बीतने के बाद शिकायतों से जुड़े सुझाव को इकठा कर के वर्णित समस्याओं को समझने हेतु स्थलीय निरीक्षण भी किये जाएगे।

बताया कि सावन का महीना बीतने के बाद सभी समस्याओं पर क्रमबद्ध ढंग से काम किया जाएगा। यातायात व्यवस्था में सुधार की स्थायी व्यवस्था की जाएगी ताकि आम जन मानस लम्बे समय तक सुधारों से लाभान्वित हो प्राप्त होने वाले सुझावों, शिकायतों के सहारे यातायात डोजियर का निर्माण भी किया जाएगा। इस व्यवस्था में तमाम स्थलों पर वहाँ के असरदार लोगों की सुविधा के बजाए सर्व सभी को राहत पहुंचाने वाले उपाय किए जाएंगे, यातायात संरक्षण एवं सुविधा का कार्य बिना संपूर्ण समाज के सहयोग से ही संभव है लिहाजा इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी लेना पड़ेगा।

यह भी संभव है कि कई जगहों पर अपरिगामी पुल व अंडरपास बनाने की जरूरत है तो उस दशा में विधायकों से भी संपर्क करना होगा ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरीश चंद्र के अनुसार कई स्थलों पर बाजारों की मांग के अनुसार वन वे को हटाना चौराहा की सुरक्षा के साथ ही यातायात की अराजकता पर अंकुश लगाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कैमरो व सेंसर की व्यवस्था करनी होगी ऐसी ढेर सारी व्यवस्थाओं के लिए औद्योगिक घरानो से भी सहयोग लिया जाएगा।

भविष्य में यातायात व्यवस्था के व्यवस्थित संचालन के लिए ट्रैफिक को डोजियर बनाया जाएगा ताकि आने वाले अधिकारियों को आसानी रहे इस चरण में मिली शिकायतों के आधार पर निस्तारण की प्राथमिकताएं सुनिश्चित की जाएगी तदउपरांत निराकरण हेतु पुनःसुझाव आमंत्रित की जाएगी

### स्कूटी चालक मासूम को घायल कर हुआ फरार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। रावतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मसवानपुर में दुकान से सामान लेने गई 6 वर्षीय बच्ची माहिनूर को तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मासूम उछलकर सड़क किनारे गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते तब तक स्कूटी चालक स्कूटी सहित फरार हो गया। वहीं आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल माहिनूर को तत्काल पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर माहिनूर की हालत गंभीर बनी हुई है और माहिनूर गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती है। वहीं घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची मासूम माहिनूर की मां नौरीन ने बताया कि उसकी ससुराल फर्रुखाबाद में है। वह अपने बच्चों के साथ मसवानपुर अपने मायके आई थी। माहिनूर सामान लेने के लिए घर से निकली थी। थाना प्रभारी रावतपुर ने बताया कि अपना स्कूल हो गए बच्ची की हालत गंभीर है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। फरार स्कूटी चालक की तलाश की जा रही है।



## कर दरों में परिवर्तन समेत विभिन्न मुद्दों पर बैठक कर किया विश्लेषण

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन एवं कानपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में यूनियन बजट में प्रत्यक्ष कर में प्रस्तावित संशोधनों का विस्तारपूर्वक विश्लेषण हेतु सत्र का आयोजन रविवार को मर्चेंट चैम्बर सिविल लाइन में किया गया। सीए मनोज फडनीस, सत्र के मुख्य वक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष, आईसीएआई, सीए सुधींद्र जैन, सलाहकार, फिस्कल कमिटी, एमसीयूपी, सीए अक्षय गुप्ता, सलाहकार, कॉर्पोरेट अफेयर्स कमिटी, एमसीयूपी, सीए अवधेश मिश्रा, अध्यक्ष, केसीएएस, सीए राहुल चंद्रा, सचिव, केसीएएस, किटबा, एडवोकेट नरपत जैन, अध्यक्ष, किटबा, सीए शैलेश शर्मा, सचिव द्वारा दीपक जलाया गया। सीए मुकुल टंडन, सीए मनीष श्रीवास्तव, सीए अजय अग्रवाल द्वारा सत्र के मुख्य वक्ता सीए मनोज फडनीस का माल्यार्पण किया गया। सत्र के संचालन एवं स्वागत भाषण सीए राजीव मेहरोत्रा द्वारा किया गया।

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सीए अक्षय गुप्ता ने मैक्रो इकोनॉमिक तथा सीए सुधींद्र जैन ने प्रत्यक्ष कर प्रस्ताव पर अपना विचार रखे। मुख्य वक्ता का परिचय सीए अवधेश मिश्रा द्वारा दिया गया।

सीए मनोज फडनीस ने कर दरों में परिवर्तन, चैरिटेबल ट्रस्ट में संशोधन, पूंजीगत लाभ में परिवर्तन, टीडीएस/टीसीएस में परिवर्तन, तलाशी और जब्ती में परिवर्तन, असेसमेंट एवं री-असेसमेंट में परिवर्तन, एंजल टैक्स की समाप्ति, धारा 47 में संशोधन (व्यक्ति या एचयूएफ द्वारा दिया गया उपहार), शेयरों की बायबैक पर कराधान, गृह संपत्ति और पीजीबीपी से आय में परिवर्तन जैसे विषयों पर बताया। उन्होंने बताया टैक्स स्लैब को 15 लाख रुपये तक बढ़ाया गया, लेकिन 7.5 लाख रुपये तक की आय पर धारा 87ए के तहत लाभ कम किये गए है । एम्प्लायर द्वारा एनपीएस में योगदान 10त्न से बढ़ाकर 14त्न किया गया। सभी असेस्ट्स के लिए लम्बी अवधि के लिए लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन दर को 12.5त्न तथा धारा 112 ए के तहत मूल छूट सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये की गई। किसी भी रूप में प्राप्त की गई प्रोफेशनल इनकम 194ष्ट (2त्न) के अधीन न होकर 194(छ्व) के अनुसार 10त्न टीडीएस के अधीन होगी। आभूषण, घड़ियां, कार जैसी लक्ज़री आइटम्स की 10 लाख रुपये से अधिक की खरीद पर 1त्न से टीसीएस लगेगा। किटबा के अध्यक्ष एडवोकेट नरपत जैन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। मुकुल टंडन, पूर्व अध्यक्ष, एमसीयूपी, सीए शैलेश शर्मा, केआईटीबी, सीए राहुल चंद्रा, केसीएएस, द्वारा मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर चैंबर के सदस्य संतोष कुमार गुप्ता, सीए मनु अग्रवाल, सीए स्वर्ण सिंह, सीए शोभित गुप्ता, सीए छवि जैन, सीए अतुल मेहरोत्रा, सचिव श्री महेंद्र नाथ मोदी आदि उपस्थित थे।

## बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस सूत्रों के के अनुसार अमेठी कोतवाली थाना क्षेत्र के जंगलराम नगर का रहने वाला महेश प्रजापति उम्र इक्कीस वर्ष शनिवार रात लगभग नौ बजे मुसाफिरखाना आया हुआ था।जहां रोडवेज बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।इस घटना में महेश और उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्यकेंद्र पहुंचाया।जहां डॉक्टरों ने महेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके दोस्त को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल, सुल्तानपुर रेफर कर दिया।पुलिस के मुताबिक टक्कर मारने वाली बस को कब्जे में ले लिया गया है।क्षेत्राधिकारी पुलिस मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह ने बताया कि महेश के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।और घटना की जांच की जा रही है।

# किसानों को गुमराह कर रहा एडीए: शरद पाठक बाबा

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समाजसेवी भाजपा नेता शरद पाठक बाबा ने अयोध्या विकास प्राधिकरण पर गलत तथ्य पेश करके अयोध्या वासियों को लगातार गुमराह करने का आरोप लगाया है। बाबा का कहना है कि सन 1528 से लेकर माननीय सुप्रीम कोर्ट का 9 नवंबर 2019 को फैसला आने तक जिस प्रकार श्री राम जन्मभूमि मंदिर ने अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ी थी, आज उसी प्रकार श्री राम जन्मभूमि मंदिर और गुप्तार घाट के बीच सरयू नदी के पावन तट पर स्थित एक छोटा सा गांव मांझा जमथरा और वहां के किसान अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने को मजबूर है। इसका कारण और कोई नहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण और अयोध्या के जिला प्रशासन की अनदेखी है। श्री पाठक ने कहा कि अधिकारियों के इसी प्रकार के तानाशाही रवैये और अनदेखी के चलते, प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी की छवि को अयोध्या में धूमिल करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसका नुकसान बीते लोकसभा चुनाव में बीजेपी को भुगतना पड़ा है और यही हालात रहे तो आने वाले चुनावों में भी बीजेपी को अफसरों की हरकतों का परिणाम भुगतना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि मांझा जमथरा में नवनिर्मित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के परिसर में नियमों की अनदेखी करते हुए और बिना मानचित्र स्वीकृत कराए तीन मंजिला, दो भवनों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। और निजी भू स्वामी अगर झोपड़ी भी बनाना चाहें तो अयोध्या विकास प्राधिकरण अपने ही नियमों और महायोजना 2031 के प्रावधानों को दरकिनार करके, गलत तथ्यों का हवाला देते हुए कार्यों को रुकवा देता है। ऐसा ही एक प्रयास अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जुलाई 2022 में मांझा जमथरा की संपूर्ण रजिस्ट्री और बैनामे पर रोक लगाकर किया गया था। जिसके खिलाफ कई किसानों और निजी भू स्वामियों ने माननीय उच्च न्यायालय की शरण ली। इसके बाद माननीय उच्च न्यायालय ने सही तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए रजिस्ट्री पर लगी रोक को हटा लिया था। और अयोध्या विकास प्राधिकरण को मुंह की खानी पड़ी। परंतु अयोध्या विकास प्राधिकरण आज भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अगर झूठे तथ्य पेश करने की प्रतिस्पर्धा कराई जाए तो अयोध्या विकास प्राधिकरण का नाम अव्वल रहेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण का झूठ तथ्य मांझा जमथरा डूब क्षेत्र/बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। जबकि वास्तविकता तो यह है कि प्राधिकरण के महायोजना 2031 में यह क्षेत्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र नहीं है। झूठ तथ्य - मांझा जमथरा हरित पट्टी (ग्रीन बेल्ट) है। विकास प्राधिकरण द्वारा प्रचारित किया गया यह तथ्य भी गलत है। महायोजना 2031 किसी भी मुख्य मार्ग, स्टेट हाईवे, नेशनल हाईवे आदि के किनारे और समानांतर केवल 7, 15, और 30 मीटर तक की जमीन को पेड़ पौधे लगाने के लिए हरित पट्टी के रूप में चिन्हित किया जाता है। झूठ तथ्य- यहां किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकता। वर्तमान में मांझा जमथरा का भू उपयोग पार्क एंड ओपन एरिया के अंतर्गत इस स्थान पर पिकनिक स्पॉट, स्टेडियम, खेल प्रशिक्षण केंद्र, कारवां पार्क, स्विमिंग पूल, यात्रियों के कम अवधि के लिए ठहरने की व्यवस्था आदि निर्माण किए जा सकते है। झूठ तथ्य - यहां का भू उपयोग परिवर्तन कभी नहीं हो सकता। जबकि 30 मार्च 2024 को जारी की गई सार्वजनिक सूचना पत्रांक 1651/ अ०वि प्रा० - नियो० 2023 - 24 के माध्यम से अयोध्या विकास प्राधिकरण ने स्वयं घोषित किया कि प्राधिकरण द्वारा पूरे 2,400 (दो हजार चार सौ) बिस्सा जमीन का भू उपयोग परिवर्तन गाटा संख्या 57 मि. में प्रस्तावित है। मांझा जमथरा लैंड केस का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी शरद पाठक का कहना है कि अभी हाल ही में टाटा समूह को मांझा जमथरा में ही 80 करोड़ से भी अधिक मालियत की 800 बिस्सा जमीन को मात्र 1 रुपए में 90 साल की लीज पर दे दिया गया है। अदानी ग्रुप ने भी मांझा जमथरा में 80 बिस्सा जमीन की रजिस्ट्री करा ली है। जिंदल ग्रुप को भी 207 करोड़ की परियोजना के लिए जमीन दे दिया गया है। गुप्तार घाट के निकट मांझा जमथरा में ही एक निजी कंपनी के साथ टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या अयोध्या विकास प्राधिकरण सिर्फ उद्योगपतियों के लिए ही कार्य करता रहेगा, और अयोध्यावासियों और किसानों के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए उन्हें विकास से वंचित रखेगा? कहीं इसके पीछे सुविधा शुल्क की संस्कृति तो नहीं?

उन्होंने कहा कि मांझा जमथरा में जब किसानों की जमीन चिन्हित करने की बात होती है, तो प्रशासनिक अधिकारियों को सांप सूंघ जाता है। और जब कोई सरकारी योजना या किसी उद्योगपति को जमीन चिन्हित करना हो तो किसी भी स्थान को नजूल की जमीन बताकर पीढ़ियों से खेती कर रहे किसानों को और भूस्वामियों को वहां से उजाड़ दिया जाता है। और जमीन बड़ी बड़ी परियोजनाओं के लिए चिन्हित कर ली जाती है। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि जब उन परियोजनाओं के लिए, जमीन चिन्हित की जा रही है, तो किसानों और भूस्वामियों की निजी भूमि प्रशासन द्वारा चिन्हित क्यों नहीं की जा रही है? गुप्तारघाट पर जिन दुकानदारों ने कई पीढ़ियों से अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन पानी की व्यवस्था कराई, प्रशासन द्वारा उन्हीं दुकानदारों को उस स्थान से हटने का दबाव बनाया जा रहा है। उनको नई दुकानें देने का वादा किया गया था। नई दुकानों का निर्माण भी हुआ। परंतु जब आवंटन का समय आया, तो गुप्तार घाट पर उन दुकानों को भारी कीमतों पर नीलाम कर दिया गया। जिससे उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इन्हें पुनर्वासित किया जाय।

# इस वर्ष का बजट सर्वसमावेशी, बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान दिया गया: मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**




प्रदेश सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का कहना है कि इस वर्ष का बजट सर्वसमावेशी है। बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान दिया गया है। सभी को साथ लेकर चलने वाला बजट सरकार के संकल्पों को दिखाता है। महिला, युवा, किसान व गरीब के लिए बजट में सम्भावनाएं है।

उक्त बातें उन्होंने रविवार को सर्किट हाउस में कही। बजट को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को वह सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट में वित्त मंत्री ने उत्तर प्रदेश में विकास के लिए 2.44 लाख करोड़ का आवंटन किया है। इस बजट से राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग व उर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। बैंक कर्ज गारंटी योजना से उत्तर प्रदेश की 20 लाख इकाईयों को जीवनदान मिलेगा व 22 लाख नए उद्यमी तैयार होंगे। केन्द्र सरकार की ओर से एक हजार आईटीआई को हब और स्पोक व्यवस्था में अपग्रेड करने की घोषणा में उत्तर प्रदेश के 100 आईटीआई कालेज अपग्रेड होने की उम्मीद है। इससे 3.5 लाख युवाओं को फायदा होगा। इंटर्नशिप योजना उत्तर प्रदेश में दो लाख युवाओं को लाभान्वित करेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक कारीडोर विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 12 औद्योगिक पार्कों को मंजूरी दी जाएगी। देश के 100 बड़े शहरों के लिए जलापूर्ति सीवेज ट्रीटमेंट और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएं एवं सेवाएं उपलब्ध करायी जायेगी। एक लाख करोड़ के वित्तीय कोष से निजी क्षेत्र में वार्णिजिक स्तर पर अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। मोदी सरकार ने उच्च शिक्षा हेतु छात्रों को 10 लाख रुपये तक ऋण के लिए वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। नयी टैक्स व्यवस्था में वेतन भोगी कर्मचारियों को आयकर में 17 हजार 500 रुपये तक का टैक्स लाभ देने का प्राविधान बजट में दिया गया है। खरीफ फसलों का डिजटल सर्वेक्षण किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरुआत की जाएगी। जिसके तहत 25 हजार ग्रामीणों बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़के उपलब्ध करायी जाएगी। मौके पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह मौजूद रहे।

बजट को लेकर सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बजट की विशेषताओं के बारें में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

# अवध विश्वविद्यालय के 14 केन्द्रों पर एलएलबी की परीक्षा सकुशल सम्पन्न

- एलएलबी के 09 परीक्षार्थी सचलदल की तलाशी में धरे गए
- विवि की बीएड व एमएड की मुख्य परीक्षा 29 जुलाई से

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 14 केन्द्रों पर 35 लॉ कालेजों की एलएलबी तृतीय वर्षीय एवं पंचवर्षीय सम सेमेस्टर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गई। रविवार को एलएलबी परीक्षा के अंतिम दिन प्रथम पाली में एलएलबी त्रिवर्षीय की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में बाराबंकी जिले में सचलदल की सघन तलाशी में लक्ष्मीदेवी लॉ कालेज में 08 व जस्टिस लॉ कालेज में 01 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि एलएलबी की सम सेमेस्टर की परीक्षा 35 लॉ कालेजों के 14 केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हो गई। विश्वविद्यालय के सचलदल द्वारा बाराबंकी जिले के दो केन्द्रों पर कुल 09 परीक्षार्थियों को अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा तथा परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। इस दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढग से सम्पन्न हुई।दूसरी ओर मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने परीक्षा नियंत्रक के हवाले से बताया कि विश्वविद्यालय की बीएड व एमएड परीक्षा 29 जुलाई से शुरू हो रही, जो 07 अगस्त तक चलेगी। सात जिलों के सम्बद्ध 23 केन्द्रों पर 261 महाविद्यालयों की परीक्षा होगी। जिनमें 37 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए केन्द्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिया गया है।

## केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट सर्व स्पर्शी, विकासोन्मुखी व सर्व समावेशी बजट: सुशील त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस। गौरीगंज, अमेठी**




रविवार को जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर आधारित बजट संगोष्ठी संपन्न हुई।जिसके मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी रहे। संगोष्ठी को मुख्य अतिथि सुशील त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि एक सौ चालीस करोड़ देश वासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला यह बजट विकसित भारत का विजन अंत्योदय का संकल्प और नए भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का रोड मैप है। भारतीय जनता पार्टी अमेठी परिवार नए भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का मार्ग प्रशस्त करने वाले इस लोक कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार एवं वित्त मंत्री का धन्यवाद व्यक्त करती है।आगे अपने संबोधन में मुख्य वक्ता ने कहा कि नए भारत के निर्माण के लिए बहुत ही उपयुक्त बजट है।प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बजट संगोष्ठी में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, भवानी दत्त दीक्षित, आशा बाजपेई, नीलम भारती, दलजीत सिंह, राकेश बहादुर सिंह, अशोक मौर्य सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निजी नर्सिंग होम का हाल: एक मरीज के पथरी का किया तीन ऑपरेशन फिर भी नहीं बची जान

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली बछरावां।** कुकुरमुत्ता की तरह खुलते जा रहे हैं रायबरेली में नर्सिंग होम मानक को तक में रखकर किस तरह से स्वास्थ्य विभाग इन्हें संरक्षित कर रहा है इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि जिले के बछरावा में बने नर्सिंग होम में ऑपरेशन करने वाले एक युवक की जान चली गई युवक को पथरी की शिकायत थी सुषमा नर्सिंग होम कन्नावा मोड़ में पथरी के तीन ऑपरेशन एक ही मरीज के किए गए लेकिन हालत बिगड़ती गई और मरीज की जान चली गई इस सुषमा देवी नर्सिंग होम में कई मामले हो चुके अब तक आज अगर देखा जाए तो पथरी का ऑपरेशन मामूली ऑपरेशन माना जाता है लेकिन फिर आखिर इतने काबिल डॉ हैं जिन्होंने तीन ऑपरेशन एक ही मरीज के पथरी के कर दिए और फिर भी जान नहीं बचा पाए। ये कोई पहला मामला नहीं है।

# बड़ी तादाद में खेतों और सड़कों पर झुंड में दिख रहे निराश्रित गौवंश

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



शासन, प्रशासन ने निराश्रित आवारा गौवंशों को गौशाला भेजने को लेकर भले ही संबंधित जिम्मेदारों को दिशा निर्देश दे रखा है। लेकिन सैकड़ो की तादात में घूम रहे निराश्रित छुट्टा आवारा गोवंशों से किसान खासे परेशान हैं। हालत यह है कि ग्रामीण क्षेत्र के किसान जहां सारी रात जाग कर फसलों की निगरानी कर रहे हैं। वहीं रोड पर घूमने वाले आवारा पशु खतरे का सबब बने हुए हैं। अमेठी मुंशीगंज, गौरीगंज और जामो आदि क्षेत्र के गांवों के किसानों को गोवंशो के कारण रात भर जागकर खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है। जहां आवारा पशुओं से फसलों को नुकसान हो क्षति हो रहा है।वही दुर्घटना और जान को भी खतरा बना रहता है। तमाम किसानों समेत अनेक लोगों ने बताया कि आवारा गोवंश से फसल की सुरक्षा करना आसान काम नहीं है।रात को गर्मी और बारिश से किसान जब अपनी खेत की रखवाली कर रहे होते हैं, तो आवारा जानवर झुंड के रूप में टूट पड़ते हैं। और पलक झपकते ही फसल को चट कर जाते हैं। हैरत की बात तो यह है कि अगर कोई किसान गोवंश को खदेड़ने का प्रयास करता है।तो वह एकजुट होकर हमलावर हो जाते हैं। इसी क्रम में सड़को का सफर भी जानलेवा बना दिया है।रात को जब वाहन अपनी गति से गंतव्य की ओर जा रहे होते हैं, तो रोड पर भ्रमण करते पशु वाहन के आगे आकर दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। लेकिन लोगों की बहुत बड़ी समस्या बने छुट्टा पशुओं से छुटकारा दिलाने के लिए प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। लोगों एवं किसानों ने प्रशासन से छुट्टा गोवंश से छुटकारा दिलाने की मांग की है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### वृक्ष हमारे जीवन प्राण है: सत्येन्द्र कुमार

**जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम।** आयुर्वेदिक आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कनीगंज अयोध्या में सक्षम फाउंडेशन के निर्देशन में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. सत्येन्द्र कुमार एवम चिकित्साधिकारी डा.सरिता त्रिपाठी ने आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के ग्राउंड में पौधारोपण किया इस दौरान डा.सतेंद्र कुमार ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन प्राण है। वृक्ष से हमे हवा मिलती है और हवा से जीवन,वृक्ष से हमे फल और छाया भी मिलती है धरती का संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है और अपने जीवन में ईसान को हर साल एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। डा. सरिता त्रिपाठी ने कहा यदि ज्यादा न हो पाए तो अपने जीवन काल में हर आदमी को 10 पेड़ जरूर लगाना चाहिए। संस्था द्वारा करीब 100 पेड़ लगाया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष द्वारा डॉक्टर्स और हॉस्पिटल के पूरी टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वृक्ष लगाने से पुण्य भी मिलता है और आने वाला भविष्य भी उज्जवल होता है, हमारे बुजुर्गो ने जो पेड़ पौधे लगाए थे उससे हम लोग अभी तक फल,छाया और लकड़ी की अलग-अलग जरूरतें पूरी कर रहे है अब हमे भी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ियां भी इन सब का लाभ ले पाए। इस दौरान कार्तिक कुमार, नवीन मिश्र, सुरेश कुमार यादव, किरन देवी, अनुपम सिंह, मुकेश कुमार, प्रेमचन्द, श्यामू यादव, गोमती देवी, योगमिती महिमा उपाध्याय योग प्रशिक्षक-सीमा यादव, दीपेश सिंह के साथ साथ कुछ स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

### प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन कार्यक्रम का आयोजन, चिंता का विषय

**जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम।** बिना अनुमति ईसाइयों की प्रार्थना सभा आयोजित कर हिंदू गरीब भाइयों को पैसे की लालच देकर धर्म परिवर्तन कराए जाने पर श्रीराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या दर्शन नगर में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है यह चिंता का विषय है पिछले 5 वर्षों से दर्शन नगर निवासी उदय राज नाम के व्यक्ति की शिकायत मिल रही थी आज श्रीराम सेना के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बजरंग दल एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से लगभग 120 लोगों का धर्मांतरण होने से रुकवा दिया गया दिनेश सिंह ने कहा कि अयोध्या में जो ईसाई मिशनरी चल रही है इनको फंडिंग कहां से होती है प्रशासन इसकी जांच करें अन्यथा जिस दिन हिंदू धर्म परिवर्तन करने पर आ गया सारी मशीनरी फेल हो जाएगी पुलिस ने जिन लोगों को पकड़ा है उनसे कठोर रूप से पूछताछ करने के साथ-साथ इनके आकाओ तक पहुंचाने का प्रयास किया जाए।

### पौधरोपण करके उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेना हर व्यक्ति का दायित्व

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान में रविवार को मिल्कीपुर तहसील के मीठे गांव में 121 पौधे रोपित किए गये। रोपित किए गये पौधों में हरिशंकरी के साथ नीम, पीपल, बरगत समेत अन्य पौधे सम्मलित है। पौधों की सुरक्षा के लिए सभी में ट्रीगार्ड लगाए गये है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पौधरोपण करके उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेना हर व्यक्ति का दायित्व बना है। वृक्ष का हमारें जीवन में बड़ा महत्व है। पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में वृक्षों का बड़ा योगदान रहता है। पौराणिक महत्व वाले हरिशंकरी समेत अन्य पौधों का रोपण किया जा रहा है। सनातन धर्म में वृक्षों को पूजनीय माना जाता है। पौधे रोपित करना पुण्य का कार्य है। वृक्षों की उपस्थिति हमारें भीतर मौजूद नकारात्मक उर्जा को दूर करने में सहायक होती है। अध्यात्मिक दृष्टि से वृक्षों का काफी महत्व है। प्राचीन काल से हमारे ऋषि मुनि अपने शिष्यों को पौधों के धार्मिक व अध्यात्मिक महत्व बताते हुए उसे रोपित करने के लिए प्रेरित करते रहे है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने के प्रति संकल्पित हो। पौध रोपण के साथ उसके सुरक्षा व पोषण की जिम्मेदारी भी ले। इस अपने जीवन में एक अभियान की तरह से ले। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगो की मौजूदगी रही।

### स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने शक्ति केंद्र पर ग्रामीणों के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर-अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रविवार को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्र कहुआ पहुंचे जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 112 एपिसोड कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ सुना। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात खत्म होने के बाद मौजूद ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी के नेता एवं विधायक से जब मीडिया सवाल पूछता है, तो अजीबोगरीब स्थित हो जाती है। क्योंकि हिंदुत्व का केंद्र कहे जाने वाले अयोध्या धाम से हम लोक सभा का चुनाव हार गए, 400 वर्षों के बाद भव्य राम मंदिर बनने के बाद लोगों ने भाजपा को वोट किया और जिन्होंने वोट नहीं दिया वह भी अब पछता रहे हैं। उन्होंने जनता से कहा कि अयोध्या हार की भरपाई करने का मौका आपके पास है। क्योंकि मिल्कीपुर में उपचुनाव है भारी से भारी संख्या में घरों से निकलकर भाजपा को वोट करें उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर के लिए कुछ अच्छा सरकार करेगी मिल्कीपुर का उत्थान होगा। कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर संयोजक अखिलेश दुबे की अध्यक्षता में किया गया था, इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, खुन्नू पाण्डेय मिल्कीपुर मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, राम सजीवन मिश्रा, श्याम नारायण पाठक,अभिषेक तिवारी, अखिलेश पांडेय, सहित पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री ने तिहूरा मांझा गुड़ियाना में लोढ़ा ग्रुप के खिलाफ चौपाल लगाई

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने तिहूरा मांझा गुड़ियाना में लोढ़ा ग्रुप के खिलाफ चौपाल लगाई। किसानों ने बताया कि लोढ़ा ग्रुप के द्वारा किसानों पर दबाव बनाकर उनकी जमीन और मकान लिया जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि किसानों को लोढ़ा ग्रुप के बाउंसर द्वारा लगातार दबाव बनाकर जमीन और मकान लेने की साजिश की जा रही है। श्री पांडेय ने शासन और प्रशासन से मांग किया कि किसानों का उत्पीड़न रोका जाए श्री पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और जरूरत पड़ी तो किसानों की जमीन बचाने के लिए आंदोलन भी किया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि यहां के किसान कई पीढियां से रहकर खेती किसानी करके अपने परिवार की रोजी-रोटी चला रहे हैं ऐसे में इन किसानों का उत्पीड़न कतई नहीं करना चाहिए। श्री पांडेय ने कहा कि लोढ़ा ग्रुप के बाउंसर द्वारा किसानों को लगातार परेशान किया जा रहा है और कहां जा रहा है की जमीन के साथ मकान भी ले लिया गया उसको खाली करने के लिए दबाव बना रहा है।

# विश्व पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रीय अभिभावक दिवस पर हुए विविध आयोजन

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रीय अभिभावक एवं विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कियागया।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अभिभावकों, शिक्षकों संग विद्यार्थियों को केक खिलाकर राष्ट्रीय अभिभावक दिवस दिवस मनाया तो वहीं विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया साथ ही बच्चों ने **सेव द नेचर, सेव द फ्यूचर** स्लोगन के साथ फेस पेंटिंग कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

प्रधानाचार्य ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमें जन्म देने वाले माता-पिता को विशेष महत्व का एहसास कराता है,साथ ही उनके प्रति अटूट प्यार और समर्थन की याद दिलाता है कि उनकी उपस्थिति हमारे जीवन में क्या महत्व रखती है। हालांकि भारत वर्ष में ऐसे दिवस का ज्यादा महत्व नहीं है यहां हम अपने माता-पिता को भगवान के स्वरूप में देखते हैं लेकिन आज की व्यस्त दुनिया में अभिभावक दिवस मनाने से हमें अपने जीवन में माता-पिता के महत्व का एहसास होता है और उनके साथ हमारे रिश्ते को मजबूत बनाता है साथ ही हम अपने माता-पिता के साथ कुछ गुणवत्ता पूर्ण समय बिता पाते हैं क्योंकि एक व्यक्ति के जीवन में माँ-बाप की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है।

साथ ही उन्होंने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर विद्यार्थियोंको सचेत करते हुए कहा कि प्रदूषण के कारण बिगड़ते जलवायु संकट के बारे में हमें गंभीरता से सोंचना होगा कि कैसे हमअपनीआनेवाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरणऔर इसके प्राकृतिक संसाधनों को बेहतर ढंग से संरक्षित करेंऔरलुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा करसकें।

## बाढ़ में कैसे सुरक्षित रहें, एक्सरसाइज के माध्यम से किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली डलमऊ।** बाढ़ से पूर्व तैयारी किए जाने हेतु राज्य स्तरीय मार्क एक्सरसाइज कर जाने हेतु शासन के निर्देशन पर उपजिलाधिकारी डलमऊ एवं तहसीलदार डलमऊ की अध्यक्षता में वीआईपी घाट, रानी शिवाला घाट पर कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।इस बाढ़ आपदा कार्यक्रम का मुख्य उपदेश यह रहा है कि बहिया आपदा आने पर लोगों को वह गांव में बाढ़ आने की दशा में कैसे ग्रामवासियों को बाहर निकला जाय। इस आपदा के विषय पर विस्तृत रूप से विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा एक्सरसाइज कर बताया गया। किसी मनुष्य को पानी में डूबने से कैसे बचाया जा सकता है। इस पर भी एक्सरसाइज कर बताया गया जिसमें डलमऊ के पांच गोताखोर जो रिहर्सल के समय गंगा जी के अंदर कूद गये।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने वित्त एवं लेखाधिकारी, बीएसए और बीईओ के खिलाफ शुरू किया धरना प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



मेरा कसूर सिर्फ इतना था कि मैंने प्रतिदिन गेट पर ताला बंद करने और खोलने से मना कर दिया। बस इतने में ही मुझको बीईओ बछरावां ने प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी गई। मुझको जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया। बच्चों के सामने मुझे बीईओ सर की तरफ से बेइज्जत किया गया। जबकि हमने अपने विद्यालय को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्लॉस एक में पढ़ती हूँ और मेरे बच्चे निपुण भी है। कुछ ऐसी व्यथा धरने में बताते हुए शिक्षिका संगीता रो पड़ी

जी हां, बीईओ बछरावां वरुण मिश्रा की प्रताड़ना से पीड़ित शिक्षकों के साथ में धरना दे रहे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। शनिवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी बछरावां के साथ ही वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा रायबरेली तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन अनवरत दूसरे दिन भी दिया।

जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में लगभग 1500 से अधिक शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के अवशेष देयकों का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। वित्त एवं लेखाधिकारी और उनके दफ्तर की तरफ से शिक्षकों का शोषण किया जा रहा है। लेखाधिकारी के संरक्षण में कार्यालयी भ्रष्टाचार के कारण शिक्षकों को होने वाली आर्थिक क्षति के उत्तरदायी लेखाधिकारी से मुक्ति पाना। जिन शिक्षकों का जीपीएफ कट रहा है उनको जीपीएफ लेखापर्ची का वितरण समय से नहीं किया जा रहा है। वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा के कार्यालय भ्रष्टाचार के कारण कालातीत हुए अवशेष देयक आदेश के लिए उत्तरदायी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाए। जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने अंतर्जनपदीय शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि,डीए, बोनस बाधित वेतन का भुगतान, एमआरसी शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान आदि का विषय उठाया।

आज के धरने को संबोधित करते हुए दिनेश प्रताप सिंह, अनुराग मिश्रा, रमेश सिंह, अनूप सिंह ने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा की तरफ से जातिसूचक शब्दों के साथ में बात करना बहुत ही अव्यवहारिक है। उनके इस कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है।

# 'मन की बात' राष्ट्रीय चेतना व जनजागरण का सशक्त माध्यम: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा, इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा उठाए गए विषय जनांदोलन का रूप लेकर भारत को प्रदान कर रहे नई दिशा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के जज्बे का किया उल्लेख
- भारतीय टीम की उपलब्धि ने भारत की मेधा को वैश्विक मंच पर किया है प्रतिष्ठित: सीएम योगी
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील- पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ें देशवासी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों से 'मन की बात' की। पीएम ने रविवार को अनेक मुद्दों पर अपनी राय रखी। मुख्यमंत्री ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखकर मन की बात की तारीफ की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात में उनके उद्बोधन को प्रेरणादायी बताया। सीएम योगी ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को भी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के जज्बे का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के साथ जुड़े हर घर तिरंगा अभियान को लेकर देशवासियों के अपार उत्साह की भी चर्चा की। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश समेत समूचे देशवासियों से इस जनआह्वान से जुड़ने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट %एक्स% पर लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम राष्ट्रीय चेतना और जन-जागरण का एक अद्वितीय एवं सशक्त माध्यम है। यह न केवल देशवासियों के साथ सार्थक संवाद स्थापित करता है, बल्कि हम सभी में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। सीएम ने लिखा कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा उठाए गए विषय आज जन-आंदोलन का रूप लेकर समूचे भारत को नई-नई दिशाएं प्रदान कर रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान, वोकल फॉर लोकल, हर घर तिरंगा और एक पेड़ माँ के नाम जैसे अनेक अभियान इसके सशक्त प्रमाण हैं। आज उन्होंने कार्यक्रम में बढ़ते भारत और यहां विरासतों के संरक्षण की दिशा में हो रहे कार्यों पर प्रमुख रूप से चर्चा की है। इस विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन के लिए सीएम ने प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार जताया।

### स्वदेशी अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करने वाली पहल भारतीयों के जीवन में लाएगी समृद्धि: मुख्यमंत्री

सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि की दिशा में स्वदेशी अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करने वाली एक अभिनव पहल का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से अपने पसंदीदा स्थानीय उत्पादों के साथ सोशल मीडिया पर साझा करने का आग्रह किया है। यह पहल लघु उद्योगों और कारीगरों को बढ़ावा देकर लाखों-करोड़ों भारतीयों के जीवन में समृद्धि लाएगी। सीएम ने आमजन से अपील की कि वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अंगीकार करते हुए अपने पसंदीदा स्थानीय उत्पादों की तस्वीरें के साथ पोस्ट कर प्रधानमंत्री जी के इस पहल को सफल बनाएं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि इस प्रेरक पहल के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार!

### सीएम की अपील, पीएम के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) पर हर घर तिरंगा अभियान की भी चर्चा की। इससे जुड़ने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखकर राष्ट्रभक्तों की पावन स्मृतियों को नमन करने की अपील की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के साथ जुड़े हर घर तिरंगा अभियान को लेकर देशवासियों के अपार उत्साह की चर्चा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सभी से देश की शान तिरंगे के साथ पूर्व की भांति इस वर्ष भी अपनी सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर अपलोड करने का आह्वान किया है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने देशवासियों से अपील करते हुए लिखा कि आइए, भारत माता के सभी वीर सपूतों, ज्ञात/अज्ञात अमर बलिदानियों और राष्ट्रभक्तों की पावन स्मृतियों को नमन करते हुए इस जन-आह्वान से हम सब जुड़ें।

### इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में मेधा ने भारत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया: सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आज मन की बात कार्यक्रम में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम और उनके जज्बे व प्रतिभा का गौरवपूर्ण उल्लेख किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि चार स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल करते हुए ओवरऑल टैली में शीर्ष पांच में पहुंचकर समूचे विश्व में भारत का मान बढ़ाने वाली भारतीय टीम का हार्दिक अभिनंदन! इस उपलब्धि ने भारत की मेधा को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि टीम के सदस्य कनव तलवार ग्रेटर नोएडा, आदित्य वेंकट गणेश पुणे, सिद्धार्थ चोपरा पुणे, अर्जुन गुप्ता दिल्ली, रुशील माथुर मुंबई और आनंदो भादुरी गुवाहाटी के नेतृत्व में मिली यह ऐतिहासिक उपलब्धि असंख्य युवाओं के लिए अथाह प्रेरणा प्रदान करने वाली है। टीम का उत्साहवर्धन करने के लिए सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभार जताया।

# यूपी में नेता प्रतिपक्ष होंगे माता प्रसाद पांडे सपा की बैठक के बाद लिया गया फैसला



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सपा विधायक दल की बैठक समाप्त हो गई है। विधान सभा सदस्य माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष चुना गया। अखिलेश यादव ने निर्देश दिए हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रहे विधानमंडल सत्र में पूरी तैयारी के साथ उतर जाएं और जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएं। इनमें किसानों, जातीय गणना और कानून-व्यवस्था प्रमुख मुद्दे होंगे। उत्तर प्रदेश विधानसभा में माता प्रसाद पांडे को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। इस दौड़ में इंद्रजीत सरोज का नाम भी तेजी से चल रहा था, लेकिन अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पांडे को उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया। इसके अलावा सपा ने विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल, कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक और राकेश कुमार उर्फ आरके वर्मा को उप सचेतक नियुक्त किया है। गौरतलब है कि इससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव खुद थे। अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल सीट से विधायक थे। माता प्रसाद पांडे सिद्धार्थनगर की इटवा सीट से विधायक हैं। वह उत्तर प्रदेश विधानसभा के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा की कार्यसमिति की बैठक आज, उपचुनाव चर्चा का खास बिंदु

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

विधानसभा की 10 सीटों के उपचुनाव से पहले भाजपा ने पिछड़ा वर्ग को साधने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक कल 29 जुलाई को लखनऊ में होने जा रही है। मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीयपदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, महामंत्री उपस्थित रहेंगे। बैठक में उपचुनाव जीत और पिछड़ी जातियों को साधने की रणनीति पर मंथन होगा। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्यमंत्री उपस्थित रहेंगे।लोकसभा चुनाव में भाजपा को हुए नुकसान के बाद पार्टी नए सिरे से वोट बैंक साधने में जुट गई है। उपचुनाव से पहले भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग को साधने में भी लग गई है। पिछड़ों को जोड़ने का जिम्मा भाजपा ओबीसी मोर्चा को सौंपा गया है। 29 जुलाई को मोर्चा की लखनऊ के विश्वेश्वरैया हाल में बैठक होगी।कार्यसमिति के लिए प्रदेश के नेता व पदाधिकारी बुलाए गए हैं। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी शामिल होंगे।बैठक की तैयारियों को प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री व ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। कार्यसमिति की बैठक में पिछड़े वर्ग के नेताओं को सजातीय वोटों की जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना है।

# बेहतर शिक्षा मिलेगी तो होगा बेहतर प्लेसमेंट

- आईबीएस स्कूल ने किया ट्रेनिंग प्लेसमेंट आफिसर्स मीट का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

आईबीएस बिजनेस स्कूल के तत्वावधान में आज ट्रेनिंग प्लेसमेंट आफिसर्स मीट का आयोजन किया गया।होटल पैराडाइज में आयोजित कार्यक्रम में फैकल्टी आईबीएस गुरुग्राम डॉ शालिनी खण्डेलवाल ने प्लेसमेंटस एंड बियॉन्ड-द चेंजिंग रोल ऑफ ट्रेनिंग प्लेसमेंट आफिसर्स विषय पर ट्रेनिंग प्लेसमेंट आफिसर्स मीट का आयोजन कर लखनऊ के विभिन्न 30 संस्थानों और विश्वविद्यालयों के आये हुए 50 प्रतिभागी प्रोफेसर एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट आफिसर्स का स्वागत करते हुए उनके बारे में जानकारी दी। डॉ खंडेलवाल ने बताया कि 1995 में स्थापित आइसीएफएआई बिजनेस स्कूल के नौ कैम्पस हैदराबाद, मुंबई, गुरुग्राम, बैंगलोर, पुणे, कोलकाता, अहमदाबाद, देहरादून और जयपुर में हैं। अभी तक 70 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रबंधन की पढ़ाई की है। इतना ही नहीं ये सभी देश विदेश के विभिन्न संस्थानों में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा मिलेगी तो बेहतर प्लेसमेंट भी मिलेगी। इसलिए पढ़ाई के लिये संस्थान के बारे में पर्याप्त जानकारी बहुत जरूरी है।

# रिश्वत लेने-देने वाले चकबंदी लेखपाल और कनिष्ठ सहायक पर दर्ज होगी एफआईआर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था रिश्वत लेने-देने का वीडियो
- विभागीय और अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की गयी
- बंदोबस्त अधिकारी कार्यालय से किया गया संबद्ध

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत रविवार को हमीरपुर में रिश्वत लेने व देने के मामले में चकबंदी लेखपाल और कनिष्ठ सहायक को निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही दोनों के खिलाफ विभागीय और अनुशासनिक कार्यवाही की संस्तुति की गयी है। इसके अलावा दोनों को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय से संबद्ध करते हुए एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं।

### सहायक चकबंदी अधिकारी की जांच में पाये गये दोषी

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि हमीरपुर में तैनात चकबंदी लेखपाल प्रखर चौधरी एवं कनिष्ठ सहायक प्रशांत पांडेय द्वारा रिश्वत लेने और देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इसका संज्ञान लेते हुए मामले की जांच सहायक चकबंदी अधिकारी खालिद अंजुम से करायी गयी। उन्होंने प्रथम दृष्टया दोनों को दोषी पाया और अपनी रिपोर्ट बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी हमीरपुर को सौंपी। जिसके बाद बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने दोनों को निलंबित करते हुए विभागीय और अनुशासनिक कार्यवाही की संस्तुति की। साथ ही दोनों को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय से संबद्ध कर दिया। चकबंदी अधिकारी विमल कुमार एवं जेके पुष्कर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। अपर चकबंदी आयुक्त अनुराग पटेल ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये गये हैं।

# कजरी महोत्सव में कजरी विधाओं के अनेकों गीत सिखाये जा रहे: भावना शुक्ला




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा कजरी महोत्सव के तहत कार्यशाला के चौथे दिन अन्य कई प्रकार जैसे बनारसी कजरी, देश भक्ति कजरी सिखाई गई। संस्था की संरक्षक भावना शुक्ला ने बताया कि कजरी की अनेकों विधाओ के गीत सिखाया जा रहा है, जिसमें आज घरवां से निकसी ननद भौजइया गजब ढावे ननदी..जब से बरसत अदरवा के पानी ए सखी...सखि घेरे घटा घहराइ के...इत्यादि गीत सिखाई। कार्यशाला की अध्यक्ष आभा शुक्ला , नीलम,माधुरी सिंह, अंजलि, लता,माधुरी सिंह, शिखा श्रीवास्तव, शशि सिंह, सीमा, दीपिका, सुरुचि, अमिता, निकिता, सुषमा, कविता, प्रतिमा त्रिपाठी सहित कई महिलाओं ने ऑफलाइन व ऑनलाइन में सतना से लता तिवारी प्रतिभाग किया। संगतकर्ता के रूप मे आकाश तिवारी व प्रदीप रहे,साथ ही लगभग 25 से 30लोग सीख रही है। और जो लोग सीखना चाहते है वो संस्था से संपर्क कर सकते है। इस कार्यशाला की प्रस्तुतीकरण 1 अगस्त 2024 को होना सुनिश्चित है। संस्था के संयोजक गगन शर्मा ने बताया कार्यशाला उपरान्त पांच दिवसीय कजरी महोत्सव होगा जो महानगर के अनेक क्षेत्रों में होगा।

# रालोद प्रवक्ता पहुंचे बंथरा,मृतक के परिजनों को दी सांत्वना

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे आज लखनऊ के बंथरा कस्बे में हुए बहुचर्चित हत्याकांड में मारे गए ऋतिक पांडे के घर पहुंचे कर परिजनों को सांत्वना दी। मृतक के पिता को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।श्री दुबे ने मृतक के पिता इंदु कुमार पाण्डे तथा परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी परिवार की सुरक्षा,उचित मुआवजा,परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने व मृतक के परिजनों से अभद्रता पूर्ण व्यवहार कर थाने से भगाने वाले पुलिस उप निरीक्षक इब्ने हसन को बर्खास्त करने के लिए उच्चाधिकारियों से मिलेंगे ।श्री दुबे के साथ सोमेंद्र नाथ शुक्ला दयाशंकर पांडे देवेश पांडे आशीष पांडे प्रवीण त्रिवेदी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# मानसून सत्र में विपक्ष उठायेगा आरक्षण और संविधान के मसले

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

विधानसभा का मानसून सत्र कल सोमवार से शुरू होगा। लोकसभा चुनाव में पीडीए फॉर्मूले पर चल कर इंडिया गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में भाजपा पर बढ़त बनाई। संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का विपक्ष का नैरेटिव भी सफल रहा। इंडिया गठबंधन मानसून सत्र में विधान परिषद और विधानसभा में भी इन दोनों मुद्दों को पूरी ताकत से उठाएगा। पेपर लीक, बेरोजगारी, महंगाई और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरेगा।लोकसभा चुनाव में यूपी में सपा-कांग्रेस के इंडिया गठबंधन ने एनडीए को शिकस्त दी है। इसी जीत ने केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बनने दी। इससे विपक्ष उत्साहित है। ऐसे में वह पहले से ज्यादा उत्साह और ताकत के साथ सरकार को घेरने की कोशिश करेगा।प्रदेश की भाजपा सरकार में बीते एक महीने से खींचतान चल रही है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उनके समर्थक विधायक खुलेआम सरकार की व्यवस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं। पिछड़े और दलित वर्ग के विधायकों का एक बड़ा समूह बीते कुछ दिनों से लामबंदी कर रहा है।

भाजपा नेतृत्व को खतरा है कि नाराज विधायक सदन के अंदर हंगामा न कर दें, जिससे पार्टी और योगी सरकार को मुश्किल हो। हालांकि लामबंदी में शामिल एक विधायक ने बताया कि मानसून सत्र में कोई हंगामा नहीं होगा।विधानसभा के मानसून सत्र में सदन के 403 में 394 विधायक शामिल हो सकेंगे। अंबेडकरनगर की कटेहरी, फैजाबाद की मिल्कीपुर, अलीगढ़ की खैर, मुजफ्फरनगर की मीरापुर, कानपुर की सीसामऊ, कानपुर की फूलपुर, मिर्जापुर की मझवां, मैनपुरी और गाजियाबाद सीट रिक्त है।विधानसभा के मानसून सत्र में सपा के 7 बागी विधायकों पर सबकी निगाह रहेगी। रायबरेली के ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडेय, अयोध्या के गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह, अमेठी के गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह, कालपी के विधायक विनोद चतुर्वेदी, इलाहाबाद पश्चिम से विधायक पूजा पाल, बिसौली से विधायक आशुतोष मौर्य और अंबेडकरनगर के जलालपुर विधायक राकेश पांडेय ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी।मनोज पांडेय ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। सपा की ओर से इन विधायकों के खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत याचिका दायर की जाएगी। सदन में ये 7 विधायक कहां बैठेंगे, इनकी भूमिका क्या होगी, इस पर सभी की निगाह रहेगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही साफ कर चुके हैं कि जो भी विधायक सपा छोड़कर भाजपा में गए हैं, उनके लिए अब समाजवादी पार्टी में कोई जगह नहीं हैं। सपा के सात बागी विधायकों को सदन में बैठने के लिए अलग जगह निर्धारित की जा सकती है। विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और योगी सरकार से सदन में सम्मानजनक स्थान दिलाने का आग्रह किया है। सभी सात विधायकों ने तय किया है कि वह सदन में सरकार के साथ रहेंगे।

# विधानसभा सत्र आज से, कल पेश होगा अनुपूरक बजट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

विधानमंडल का सत्र कल 29 जुलाई से शुरु हो रहा है। सत्र छोटा जरूर है लेकिन होगा हंगामेदार, क्योंकि विपक्ष और पक्ष दोनों ने कमर कस ली है। इस सत्र में खासा हंगामा होने के आसार हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद पहली बार हो रहे इस सत्र में मुख्य विपक्षी दल सरकार को घेरने के लिए आक्रामक तेवर दिखाने की तैयारी में हैं तो सरकार भी विपक्ष के आरोपों का माकूल जवाब देने को तैयार है। विधानमंडल के मानसून सत्र में अनुपूरक बजट भी सरकार लेकर आ रही है। 30 जुलाई को योगी सरकार वर्ष 2024-25 का पहला अनुपूरक बजट सदन में पेश करेगी। इसके जरिए सरकार उपचुनाव को भी साधेगी।राज्य सरकार 2025 में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ, पर्यटन स्थलों के विकास व बसों की खरीद के लिए अनुपूरक बजट के माध्यम से धनराशि दे सकती है। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की सुविधाओं के लिए सरकार बड़ी धनराशि खर्च करेगी। अनुपूरक बजट में इसका प्रविधान किया जा सकता है। नैमिषारण्य, गोला गोकर्णनाथ जैसे अन्य धार्मिक व पर्यटन स्थलों के विकास की कई योजनाओं के लिए धनराशि दी जा सकती है।

# यूपी वीडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन का हुआ विस्तार

- यूपी वीडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन संगठन की मासिक बैठक हुई संपन्न कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा
- पत्रकारों के हितों को लेकर यू पी वीडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के सचिव अनिल सैनी ने रखा प्रस्ताव



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी वीडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन संगठन की मासिक बैठक हुई संपन्न यह बैठक राजधानी लखनऊ के सराय मलिखा चौक में हुई बैठक की अध्यक्षता यूपी वीडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक श्री रमेश कुमार वर्मा ने की जिसमें संगठन के सचिव अनिल सैनी ने कई अहम मुद्दों पर बात करते हुए पत्रकारों के हित को लेकर बात रखी जिसमें उपाध्यक्ष दीपक राणा ने वीडियो जर्नलिस्ट के अधिकारों को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की मीडिया प्रभारी एन आलम ने सभी पत्रकारों को एक जुट होने की बात की इस मौके पर कोषाध्यक्ष विशाल वर्मा, संयुक्त सचिव पृथ्वी अरोरा, सदस्य सुभाष भट्ट, मिन्हाज खान, मीडिया, मुस्तफाअहमद, अमित साहनी, संजय पाल, श्याम सिंह निरंकरकारी, सौरभ श्रीवास्त, विजय कुमार,रोहित सोनी, आदित्य कुमार तिवारी ,आयुष सोनी जी मौजूद रहे।

बैठक में वीडियो जर्नलिस्ट को लेकर कई मुद्दों कर चर्चा हुई वही कई मुद्दों प्रस्ताव पारित किया गया। संगठन के सभी सम्मानित पदाधिकारियों , सदस्यों को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। यूपी विडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के विस्तार को लेकर नवनियुक्त सदस्य की एक टीम बनाई गई और उनको जिम्मेदारी दी गई। जिससे पत्रकारों के साथ हो रही समस्याओं को लेकर तत्काल उसका निस्तारण किया जा सके, जिसमें मुख्य रूप से नवनियुक्त टीम में नफीस ,पंकज गुप्ता उबैद उल्लाह, रजनीश यादव, सनी कुमार गुप्ता, राज बिस्ट को नियुक्ति दी गई। उक्त कार्यक्रम में वीडियो जर्नलिस्ट के तमाम वरिष्ठ पत्रकार भी मौजूद रहे।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# कांग्रेस और खालिस्तान में गर्भनाल का रिश्ता!

**भारत में काम कर रहे बीबीसी लन्दन के पत्रकार मार्क टुल्ली व सतीश जैकब की पुस्तक 'अमृतसर- मिसेज गान्धी लास्ट बैटल' के पृष्ठ 60 पर दावा करते हैं कि 'इस काम के लिए पंजाब में दल खालसा के नाम से कट्टरवादी संगठन का गठन किया गया। इसकी पहली बैठक चण्डीगढ़ के अरोमा होटल में हुई जिसका 600 रुपये का भुगतान ज्ञानी जैल सिंह द्वारा किया गया।' पत्रकार कुलदीप नैयर की पुस्तक 'बियाण्ड द लाइन्स -एन ऑटोबायोग्राफी' के अनुसार, 'सिख पन्थ की अवधारणा और उसके स्वतन्त्र अस्तित्व को जीवित रखने का संकल्प लिया गया।**

*माँ और सन्तान के बीच गर्भनाल का रिश्ता ही ऐसा होता है, कि प्रसव के बाद शरीर अलग होने के बावजूद भी आत्मीयता बनी रहती है। सन्तान को पीड़ा हो तो माँ बिलख उठती है। ऐसा ही गत 25 जुलाई को संसद भवन में देखने को मिला जब पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और जालन्धर से कांग्रेस के सांसद चरनजीत सिंह चन्नी ने खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल के पक्ष में आह भरी। चन्नी के शब्दों में 20 लाख लोगों के खडूर साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि अमृतपाल को जेल में रखा जा रहा है, यह भी एमरजेंसी है। ज्ञात रहे कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में डिब्रूगढ़ जेल में नजरबन्द खालिस्तान प्रचारक व अजनाला कोतवाली हिंसा का मुख्य आरोपी अमृतपाल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीता है और कांग्रेस सांसद चन्नी लोकसभा में उसके ही पक्ष में बोल रहे थे। रोचक बात तो ये है कि अमृतपाल को जेल में भेजने वाली पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के सांसद भी सुन्न अवस्था में चन्नी के साथ वाली सीटों पर ही बैठे थे। वैसे चन्नी के बौद्धिक व प्रशासनिक योग्यता के स्तर का इसी बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि फरवरी, 2018 में कैप्टन अमरिन्द्र सिंह की सरकार के तकनीकी शिक्षा मन्त्री रहते हुए उन्होंने प्राध्यापकों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि क्रिकेट की तरह टॉस करके की थी। उस समय देश-दुनिया में इस घटना को बड़े हास्यस्पद अन्दाज में कहा और सुना गया था। बाद में मुख्यमन्त्री बनने के बाद चन्नी प्रधानमन्त्री की सुरक्षा भी सुनिश्चित नहीं कर पाए और बठिण्डा से फिरोजपुर जाते हुए कथित किसान आन्दोलनकारियों ने प्रधानमन्त्री के काफिले को घेर लिया था। इस पर चन्नी ने सुरक्षा की सारी जिम्मेवारी केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों पर डालने का प्रयास किया। केवल इतना ही नहीं, लोकसभा चुनावों के समय जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों को चन्नी ने भाजपा की रणनीति बताया था। अब चन्नी द्वारा किसी खालिस्तानी का समर्थन करना चाहे किसी को चौंकाता हो परन्तु 1980 के दशक की राजनीतिक कलाबाजियां देख चुकी पीढ़ी अच्छी तरह जानती है कि चन्नी का अमृतपाल के प्रति दुःख अनायास नहीं बल्कि यह कांग्रेस और खालिस्तान के बीच गर्भनाल के रिश्ते की टीस है। देश के समक्ष अब यह रहस्य नहीं रहा कि अलगाववादी सोच के व्यक्ति जरनैल सिंह भिण्डरांवाले को पंजाब की अकाली राजनीति को कमजोर करने के लिए कांग्रेस ने मैदान में उतारा और उस पर खालिस्तानी लेबल चस्पा किया। रिसर्च एण्ड एनालाइसेज विंग (रॉ) के सेवानिवृत अधिकारी जी.बी.एस. सिद्धू अपनी पुस्तक 'खालिस्तान षड्यन्त्र की इनसाइड स्टोरी' में दावा करते हैं कि जब भी भिण्डरांवाले से कोई संवाददाता खालिस्तान की मांग के बारे पूछते तो उसका यही जवाब होता था कि- हम खालिस्तान की मांग नहीं करते पर सरकार इसका प्रस्ताव करती है तो हम इन्कार भी नहीं करेंगे।' चूंकि पंजाब के नर्म दलीय अकाली नेताओं को कमजोर करने के लिए गर्मदलीय लोगों के साथ खालिस्तान का लेबल चस्पा करना जरूरी था, तो 13 अप्रैल, 1978 में हुए निरंकारी-सिख टकराव की घटना के बाद ऐसी शक्ति का खड़ा करना जरूरी हो गया जो खुल कर खालिस्तान की बात करे। चूंकि भिण्डरांवाला न तो खालिस्तान की मांग करने वाला था और न ही विरोध, तो उसके साथ इस बिखराव की मांग को आसानी से जोड़ा जा सकता था। उस समय कांग्रेस नेताओं ने यह काम बड़ी बाखूबी किया।*

## एक्सप्रेस आलेख

**एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों की आलोचना इतिहास का विकृत संस्करण प्रस्तुत करने के लिए की जाती रही है। पाठ्यपुस्तकों की आलोचना इस बात के लिए की गई है कि वे दलितों, आदिवासियों और महिलाओं जैसे हाशिए पर स्थित समुदायों के अनुभवों और योगदानों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। उदाहरण के लिए इन समुदायों के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व्यक्तित्वों और उनके योगदानों को अकसर कम दर्शाया जाता है, जिससे शिक्षा में समावेशिता की कमी होती है। पाठ्यपुस्तकों में कुछ सामग्री पर लिंग, जाति और क्षेत्रीय रूढ़िवादिता को मजबूत करने का आरोप लगाया गया है, जो छात्रों के बीच पूर्वाग्रहों को बढ़ावा दे सकता है।**

# सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को आकार देती हैं पाठ्यपुस्तकें



प्रियंका सौरभ

**पाठ्यपुस्तकें आलोचनात्मक सोच और वैज्ञानिक पद्धति को प्रोत्साहित करती हैं, जिससे समस्या-समाधान के लिए तर्कसंगत दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए विज्ञान के अध्याय जिनमें प्रयोग और अवलोकन शामिल हैं, छात्रों को अपने आस-पास की दुनिया पर सवाल उठाने और उसका पता लगाने की शिक्षा देते हैं। मूल्य-आधारित पाठ्यक्रम शिक्षा के लिए एक संतुलित, समग्र दृष्टिकोण है।**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ( एनसीईआरटी ) देशभर में शिक्षा को मानकीकृत करने वाली पाठ्यपुस्तकों को विकसित और वितरित करके देश की शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय एकीकरण, वैज्ञानिक सोच और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हुए एक व्यापक और संतुलित शिक्षा प्रदान करना है। भारत में छात्रों के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आकार देने में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों अमूल्य योगदान है. एक अच्छी शिक्षा व्यापक व्याख्या, तथ्यों का व्यापक प्रदर्शन, बौद्धिक विकास और उन तथ्यों, उन व्याख्याओं के आलोचनात्मक विश्लेषण का साधन प्रदान करती है। कई विषयों में सामाजिक और सांस्कृतिक कारक शामिल होते हैं और एक वैध पाठ्यक्रम में उन्हें यथासंभव ईमानदारी और निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत किया जाता है (हालांकि ऐसे विषयों में पूर्वाग्रह को बाहर करना कठिन है)। मनोविज्ञान, मानव विज्ञान, राजनीति विज्ञान जैसे कई विषयों में सांस्कृतिक और सामाजिक पहलुओं का महत्व स्पष्ट है। पूर्वाग्रह से बचने की कठिनाई भी उन विषयों में स्पष्ट है। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें विविधता में एकता पर जोर देती हैं। विद्यार्थियों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविध परंपराओं के बारे में ज्ञान प्रदान करती हैं। उदाहरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों के त्योहारों पर पाठ्य-पुस्तकों के अध्याय सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देते हैं। पाठ्यपुस्तकों में ऐसी कहानियां और पाठ शामिल किए जाते हैं जो ईमानदारी, करुणा और दूसरों के प्रति सम्मान जैसे नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। उदाहरण के लिए ईमानदार लकड़हारा जैसी कहानियां विद्यार्थियों को ईमानदारी और निष्ठा का महत्व सिखाती हैं। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें पुरुषों और महिलाओं को विभिन्न भूमिकाओं में चित्रित करके और समान अवसरों के महत्व पर जोर देकर लैंगिक समानता को बढ़ावा देती हैं । उदाहरण के लिए महिला स्वतंत्रता सेनानियों और वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डालने वाले अध्याय लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करते हैं। पर्यावरण शिक्षा को शामिल करने से छात्रों में प्रकृति और संधारणीयता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में मदद मिलती है। उदाहरण के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और प्रदूषण के प्रभाव पर पाठ पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरुकता बढ़ाते हैं। पाठ्यपुस्तकें आलोचनात्मक सोच और वैज्ञानिक पद्धति को प्रोत्साहित करती हैं, जिससे समस्या-समाधान के लिए तर्कसंगत दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए विज्ञान के अध्याय जिनमें प्रयोग और अवलोकन शामिल हैं, छात्रों को अपने आस-पास की दुनिया पर सवाल उठाने और उसका पता लगाने की शिक्षा देते हैं। मूल्य-आधारित पाठ्यक्रम शिक्षा के लिए एक संतुलित, समग्र दृष्टिकोण है जो राष्ट्रीय और व्यक्तिगत विद्यालय-केंद्रित पाठ्यक्रम के इर्द-गिर्द घूमता है ताकि एक ऐसा वातावरण बनाया जा सके जो समाज-समर्थक और पर्यावरण-समर्थक मानवीय मूल्यों के स्पष्ट शिक्षण और मॉडलिंग द्वारा आकार दिया गया हो। विद्यार्थइयों के लिए मूल्य-आधारित पाठ्यक्रम की उपलब्धियों में आत्म-मूल्य की सकारात्मक भावना विकसित करना, नैतिक और संबंधपरक क्षमताओं में सुधार और प्राकृतिक दुनिया के साथ अधिक जुड़ाव शामिल है। देश में विद्यार्थियों के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आकार देने में एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के योगदान के साथ-साथ कुछ विकृत्यं भी है, जिन पर ध्यान देना समय की जरूरत है। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों की आलोचना इतिहास का विकृत संस्करण प्रस्तुत करने के लिए की जाती रही है। पाठ्यपुस्तकों की आलोचना इस बात के लिए की गई है कि वे दलितों, आदिवासियों और महिलाओं जैसे हाशिए पर स्थित समुदायों के अनुभवों और योगदानों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। उदाहरण के लिए इन समुदायों के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व्यक्तित्वों और उनके योगदानों को अकसर कम दर्शाया जाता है, जिससे शिक्षा में समावेशिता की कमी होती है। पाठ्यपुस्तकों में कुछ सामग्री पर लिंग, जाति और क्षेत्रीय रूढ़िवादिता को मजबूत करने का आरोप लगाया गया है, जो छात्रों के बीच पूर्वाग्रहों को बढ़ावा दे सकता है। उदाहरण के लिए महिलाओं को मुख्य रूप से घरेलू भूमिकाओं में दिखाना या कुछ क्षेत्रों को पिछड़ा दिखाना रूढ़िवादिता को मजबूत कर सकता है। पाठ्यपुस्तकों में कुछ सामग्री पुरानी मानी जाती है और वर्तमान सामाजिक मूल्यों एवं चुनौतियों को प्रतिबिंबित नहीं करती है, जिससे यह आज के बच्चों के लिए कम प्रासंगिक हो जाती है। उदाहरण के लिए आधुनिक तकनीकी प्रगति, समकालीन सामाजिक मुद्दे और हाल की ऐतिहासिक घटनाओं से संबंधित विषय अकसर गायब होते हैं या अपर्याप्त रूप से कवर किए जाते हैं। कुछ पाठ्यपुस्तकों द्वारा प्रचारित रटने की पद्धति आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को हतोत्साहित करती है, तथा समझने की तुलना में याद करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करती है। उदाहरण के लिए विश्लेषणात्मक कौशल की तुलना में तथ्यात्मक याद पर जोर देने वाले अध्याय विषयों की सतही समझ को जन्म दे सकते हैं और आलोचनात्मक सोच के विकास में बाधा डाल सकते हैं। ऐतिहासिक रूप से और कुछ मौजूदा परिवेशों में पाठ्यक्रम ऐसे व्यक्तियों द्वारा विकसित किया जाता है जो विशिष्ट सिद्धांतों, जैसे कि धर्म, से जुड़े होते हैं और वह पाठ्यक्रम अपने पाठ्यक्रम को मान्य करने के लिए संस्कृति और समाज की एक पक्षपाती अवधारणा का उपयोग करता है। यही मूल कारण है कि गैर-धार्मिक लोग धार्मिक स्कूलों के लिए सार्वजनिक समर्थन के खिलाफ लड़ते हैं। हालांकि, शिक्षा में वर्तमान क्रांति अब जहां पक्षपाती सांस्कृतिक सिद्धांतों (सांस्कृतिक, ऐतिहासिक मुद्दों के दोनों पक्षों पर) को सही पाठ्यक्रम के रूप में कानूनी रूप से लागू किया जा रहा है, किशोर और युवाओं की भविष्य की बौद्धिक क्षमताओं को समझना मुश्किल बना रहा है जो हमारी वयस्क आबादी बनेंगे। जैसे-जैसे देश आगे बढ़ रहा है, समकालीन मूल्यों को प्रतिबिंबित करने और विद्यार्थियों के बीच अधिक समग्र समझ को बढ़ावा देने के लिए शैक्षिक सामग्री को लगातार संशोधित और अद्यतन करना महत्वपूर्ण है।



**ऐतिहासिक रूप से और कुछ मौजूदा परिवेशों में पाठ्यक्रम ऐसे व्यक्तियों द्वारा विकसित किया जाता है जो विशिष्ट सिद्धांतों, जैसे कि धर्म, से जुड़े होते हैं और वह पाठ्यक्रम अपने पाठ्यक्रम को मान्य करने के लिए संस्कृति और समाज की एक पक्षपाती अवधारणा का उपयोग करता है। यही मूल कारण है कि गैर-धार्मिक लोग धार्मिक स्कूलों के लिए सार्वजनिक समर्थन के खिलाफ लड़ते हैं।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 17:58 तक |
| नक्षत्रः | भरणी 10:56 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | गांदा, 17:53 |
| सूर्योदयः | 05:43 |
| सूर्यास्तः | 19:05 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 07:23-09:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### काण्ड भी तमाम !

*जैसी करनी वैसी भरनी ।*
*खाए खूब मलाई ।।*
*पर आए थे करने ।*
*जनता की भलाई ।।*
*तय मिलना परिणाम ।*
*पेश किया जो काम ।।*
*सत्य है पर लेकिन ।*
*काण्ड भी तमाम ।।*
*एक एक कर चीजें ।*
*बाहर आने वाली ।।*
*हो रहा कुछ सूखा ।*
*थी पहले हरियाली ।।*
*होना था प्रहार ये ।*
*आज नहीं तो कल ।।*
*फंस गई है गाड़ी ।*
*लगता मुश्किल हल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# नॉनस्टिक बर्तनों में मौजूद टेफ्लॉन बना रहा है लोगों को बीमार



**हाल** ही में पब्लिश हुई वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार टेफ्लॉन फ्लू के कारण पिछले साल अमेरिका में 250 से ज्यादा लोग भर्ती हुए हैं। टेफ्लॉन फ्लू को पॉलिमर फ्यूम फीवर भी कहा जाता है। यह समस्या काफी दुर्लभ है, जो नॉनस्टिक के गर्म होने पर निकलने वाले धुएं से होती है। खासकर जब नॉनस्टिक बर्तन ज्यादा गर्म हो जाता है। ऐसे में टेफ्लॉन कोटिंग से निकलने वाला धुंआ फ्लू होने का कारण बनने लगता है। अब नॉनस्टिक बर्तन तो ज्यादातर सभी घरों में इस्तेमाल होते हैं। ऐसे में हर किसी को टेफ्लॉन फ्लू का खतरा हो सकता है। ऐसे में सवाल आते हैं कि इस फ्लू के लक्षण क्या हैं? साथ ही, इससे कैसे बचा जा सकता है?

**पहले जानें टेफ्लॉन फ्लू क्या है:** टेफ्लॉन फ्लू एक प्रकार का फ्लू है। यह पॉलीटेट्राफ्लु ओरोएथिलीन (टेट्राफ्लु ओरोएथिलीन का एक सिंथेटिक फ्लोरोपॉलीमर) से गर्म होने पर निकलने वाले धुएं से होता है। जब व्यक्ति इसे सांस के जरिए शरीर में लेता है, तो व्यक्ति को टेफ्लॉन फ्लू हो सकता है। इसे पॉलिमर फ्यूम बुखार भी कहा जाता है। टेफ्लॉन नॉन-स्टिक कुकवेयर पर हुई कोटिंग है, जिसके इस्तेमाल से बीमारियों का खतरा रहता है।

**बर्तन को ज्यादा गर्म न होने दें:** नॉनस्टिक बर्तन कम ही इस्तेमाल करें। लेकिन अगर आप इस्तेमाल करते हैं, तो इसे ज्यादा गर्म न होने दें। इससे आप टेफ्लॉन फ्लू के खतरे को कम कर सकते हैं।

**किचन में वेंटिलेशन होने दें:** टेफ्लॉन कोटिंग वाले बर्तन इस्तेमाल करते समय अपनी किचन को खुला रखें। सभी खिड़की दरवाजें खुले रखें, जिससे वेंटिलेशन हो सकता है। इससे धुआं कमरे में नहीं फैलेगा।

**डैमेज बर्तन इस्तेमाल न करें:** अगर आपके नॉनस्टिक बर्तन ज्यादा पुराने हो चुके हैं, तो उन्हें इस्तेमाल करना छोड़ दें। अगर बर्तन पर खरोंच या कोई डैमेज है, तो उन्हें तुरंत फेंक देना चाहिए। क्योंकि इन बर्तन से धुआं ज्यादा बनता है। ऐसे में आपके लिए बीमारी का खतरा बढ़ सकता है।

**सही बर्तन इस्तेमाल करें:** आप नॉनस्टिक बर्तन की जगह दूसरे सामग्री वाले बर्तन भी इस्तेमाल कर सकते हैं। सिरेमिक, मिट्टी, आयरन या स्टेनलेस स्टील जैसी सामग्रियों से बने कुकवेयर इस्तेमाल करें। क्योंकि इनमें हानिकारक गैस बनने का खतरा नहीं होता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# आधुनिकता में विदेशी जीवनमूल्यों का प्रवाह



हृदयनारायण दीक्षित

**एक अस्वाभाविक आधुनिकता का विकास किया गया। बावजूद इसके कि अनेक यूरोपीय विद्वान भी भारतीय दर्शन और संस्कृति के पक्षधर थे, लेकिन अंग्रेजी सत्ता संस्कृतिहीन समाज बना रही थी। उन्होंने स्वयं को आधुनिक बताया और भारतीय सभ्यता को पिछड़ा।**

**आधुनिकता भारतीय प्राचीनता की ही पुत्री है। प्राचीनता मां है और आधुनिकता पुत्री। माता पूज्य है और पुत्री आदरणीय। दोनो स्वतंत्र सत्ता नहीं हैं। आधुनिकता को यथासंभव मां के सद्गुणों का अवलम्बन करना चाहिए और देशकाल परिस्थिति के अनुसार स्वयं का पुनर्सृजन व विकास भी करना चाहिए। प्राचीनता पिछड़ापन नहीं है। प्राचीनता का विवेचन जरूरी है। प्राचीनता की गतिशीलता में ही हम आधुनिक होते हैं।**

**आधुनिकता** प्रायः आकर्षण होती है। नई होती है और ताजी प्रतीत होती है। लेकिन वास्तविक आधुनिकता विचारणीय है। आधुनिकता नकली भी होती है। दरअसल आधुनिकता स्वयं में कोई निरपेक्ष आदर्श या व्यवहार नहीं है। इसका सीधा अर्थ ही प्राचीनता का अनुवर्ती है। आधुनिकता प्राचीनता के बाद ही आती है। इसलिए हरेक आधुनिकता की एक सुनिश्चित प्राचीनता होती है। इसी तरह प्राचीनता की भी और प्राचीनता होती है। आधुनिकता को और आधुनिक कहने के लिए उत्तर आधुनिकता शब्द का चलन बढ़ा भी है। सच बात तो यही है कि प्राचीनता और आधुनिकता के विभाजन ही कृत्रिम हैं। काल अखण्ड सत्ता है। काल में न कुछ प्राचीन है और न ही आधुनिक। हम मनुष्य ही काल संगति में प्राचीनता या नवीनता के विवेचन करते हैं। प्राचीनता ही अपने अद्यतन विस्तार में नवीनता और आधुनिकता है। हम आधुनिक मनुष्य अपने पूर्वजों का ही विस्तार हैं। वे भी अपनी विषम परिस्थितियों में अपने पूर्वजों से प्राप्त जीवन मूल्यों को झाड़ पोछकर अपने समय की आधुनिकता गढ़ रहे थे। ऐसा कार्य सतत प्रवाही रहता है। गतिशील समाज वर्तमान से संतुष्ट नहीं रहते। वे उसे और सुंदर बनाने के स्वप्न देखते हैं। कर्म भी करते हैं। वे राजव्यवस्था से भी संतुष्ट नहीं होते। जनतंत्री देशों में चुनाव होते हैं। राजव्यवस्था के कर्ताधर्ता एक निश्चित अवधि बाद चुनाव में जाते हैं। समाज उन्हें बदल देता है या फिर से उन्हें ही काम करने का जनादेश देता है। लेकिन समाज व्यवस्था के बदलने का कोई चुनाव नहीं होता। सामाजिक असंतोष को दूर करने का समयबद्ध उपाय नहीं है। सत्य की प्रतिष्ठा शाश्वत जीवन मूल्य है। असहमति के आदर से समाज की गतिशीलता बढ़ती है। सभी संस्कृतियों में प्राचीन के साथ संवाद की परंपरा है। लेकिन कथित प्रगतिवादी प्राचीन को कालवाह्य बताते हैं। लेकिन सारा पुराना कालवाह्य कूड़ा करकट नहीं होता। वह पूरा का पूरा बदली परिस्थितियों में उपयोगी भी नहीं होता। पुराने के गर्भ से ही नया निकलता है। नवजात में पुराने के अंश भी होते हैं। सत्य, शिव और सुंदर के लिए कर्म चला करते हैं। इन्हीं तीनों की त्रयी विवेचन का मूल आधार बनती है। आधुनिकता का आग्रह स्वाभाविक है। लेकिन स्वाभाविक आधुनिकता भी प्राचीनता के गर्भ से ही आती है। हमें जीवन मूल्यों का आयात नहीं करना चाहिए। यों आधुनिकता कोई जीवन मूल्य नहीं है और प्राचीनता भी नहीं। दोनों समय और परिस्थिति का ही बोध कराते हैं। विज्ञान और दर्शन के विकास ने देखने और सोचने की नई दृष्टि दी है। इससे प्राचीनता को सुंदर नूतन परिधान मिले हैं। ऋग्वेद प्राचीनतम ज्ञान कोष है। हम ऋग्वेद के समाज को प्राचीन कहते हैं। ऐसा उचित भी है। ऋग्वेद में उसके भी पहले के समाज का वर्णन है। ऋग्वेद जैसा मनोरम दर्शन और काव्य अचानक नहीं उगा। निश्चित ही उसके पहले भी दर्शन और विज्ञान के तमाम सूत्र थे। वैदिक पूर्वजों ने अपने पूर्वजों से प्राप्त परंपरा का विकास किया। ऋग्वेद की कविता वैदिक काल की आधुनिकता का दर्शन-दिग्दर्शन है। यही बात उपनिषद् और महाकाव्य काल पर भी लागू होती है। महाभारत में धर्म, सत्य और लोकव्यवहार की मान्यताएं बदल गई हैं। इसीलिए उसी समय गीता दर्शन का उदय हुआ। अर्जुन ने उस समय विद्यमान तमाम प्रश्नों और चुनौतियों को मौलिक प्रश्न बनाया। श्रीकृष्ण ने उनके उत्तर दिये। महाभारत काल के लोग गीता दर्शन के उदय को आधुनिक काल कहते थे। श्रीमद् भागवत उसी समय की आधुनिकता का भाव प्रवण चित्रण हैं। इसमें प्रेमरस, भावरस और भक्ति रस का प्रीतिपूर्ण प्रवाह है। लेकिन महाभारत काल की आधुनिकता में भी वैदिक परंपरा की निरंतरता है। सांस्कृतिक निरंतरता पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। असली बात सांस्कृतिक निरंतरता है। वैदिक काल की निरंतरता का विकास हड़प्पा सभ्यता है। इसे स्वतंत्र सभ्यता बताने वाले गलती पर हैं। कोई भी सभ्यता या संस्कृति शून्य से नहीं उगती। हड़प्पा की सभ्यता नगरीय सभ्यता है। नगरीय जीवन खाद्यान्न सहित तमाम मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर होते हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था या खेती किसानी के विकास का भी इतिहास है। कौटिल्य का अर्थशास्त्र ईसा के लगभग 325 वर्ष पूर्व की सूचना देता है। इस अर्थशास्त्र में भी वैदिक दर्शन की परंपरा है। अर्थशास्त्र के रचनाकाल का समाज भी अपने समय आधुनिक ही था। अब वह स्वाभाविक ही प्राचीनकाल का भाग है। आधुनिक भारत का समाज प्राचीन भारत के पूर्वजों के सचेत या अचेत परिश्रम का परिणाम है।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित कार नहर में गिरी, कार व चालक डूबने से हुए लापता

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**



लहरपुर सीतापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पोंगलीपुर पुल के निकट नहर पटरी पर तेज रफ्तार अनियंत्रित कार नहर में गिरी,कार व चालक डूबने से हुए लापता, एक व्यक्ति ने कूद कर बचाई अपनी जान, भारी पुलिस बल मौके पर गोताखोरों की सहायता से तलाश जारी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पोंगलीपुर पुल के निकट बायीं नहर पटरी पर लखीमपुर जनपद की तरफ से नसीम पुत्र यूसुफ 45 वर्ष व उसका दोस्त सगीर पुत्र बाबू 35 वर्ष निवासी बुद्धी पुरवा थाना निघासन जनपद खीरी से लहरपुर अलमारी खरीदने आ रहे थे,इसी बीच तेज रफ्तार बलेनो कार अनियंत्रित होकर शारदा सहायक नहर में गिर गई और सगीर चलती कार से कूद गया जिससे हल्की फुल्की चोट और उसकी जान बच गई,चालक नसीम व कार शारदा नहर के गहरे पानी में चले गए। घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे व फायर बिग्रेड व एम्बुलेंस को भी मौके पर बुला लिया। घटना की जानकारी पर क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव ने स्थल का निरीक्षण किया। स्थानीय गोताखोरों की सहायता से नहर में कार व चालक की तलाश की जा रही है।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, अनियंत्रित होकर कार नहर में गिर गई है स्थानीय गोताखोर कार व चालक को तलाश कर रहे हैं, एनडीआरएफ टीम को मदद के लिए बुलाया गया है।ज्ञातव्य है कि इस समय शारदा नहर अपनी पूरी क्षमता 4:30 मीटर गेज पर बह रही है।समाचार लिखें जाने तक अभी तक कुछ पता नही चल सका एनडीआर एफ की टीम समेत गौतखोर लगातार तलाश कर रहे हैं।

# शहर में स्थित श्रीहरिहर ज्वैलर्स मालिक ने पत्रकार परिवार के लाखों रुपए के सोने के जेवर हड़पे

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**




सीतापुर शहर के मोहल्ला प्रेमनगर में पूरन वर्मा की श्री हरिहर ज्वैलर्स के नाम से दुकान है जो कि अपने घर में ही खोल रखी है। बताते चले कि कुछ साल पूर्व एक राष्ट्रीय समाचार पत्र के जिला संवाददाता ने अपने पिताजी के बीमार होने पर उनके बेहतर इलाज कराने हेतू श्री हरिहर ज्वैलर्स के मालिक पूरन वर्मा के पास, अपने घर के करीब 15 लाख रुपये कीमत के सोने के गहने गिरवी रखे थे। और उसके बदले में करीब 4 लाख रुपये कई बार मे टुकड़ो में लिया था। परन्तु फिर भी पत्रकार के पिताजी की जान न बच पायी और लगभग 4 वर्ष पूर्व उनका बीमारी के चलते देहांत हो गया। उसके बाद जब पत्रकार अपने परिवार के साथ पूरन वर्मा की दुकान अपने गिरवी रखे सोने के गहने, जेवर लेने के लिए गए तो पूरन वर्मा ने कहा कि आप ब्याज सहित सारा रुपया जमा कर दो और, जिनके पास मैंने जेवर गिरवी रखा है वो 2 माह के लिए तीर्थ यात्रा पर गए हैं, वापस आने पर मैं दे दूँगा। चूंकि पूरन वर्मा पूर्व परिचित था इसलिए पीड़ित पत्रकार परिवार ने सारा रुपया मय ब्याज के साथ पूरन वर्मा को दे दिया। परन्तु आज करीब 4 साल होने को आये पूरन वर्मा पीड़ित पत्रकार के गिरवी रखे सोने के जेवर वापस नही कर रहा है। और जब भी पीड़ित परिवार पूरन वर्मा की दुकान पर जाते हैं तो पूरन वर्मा टालमटोल करता है। करीब 4 साल होने को आये पीड़ित पत्रकार परिवार पूरन वर्मा की दुकान के चक्कर लगा रहा है, चूंकि अब सोने का भाव आसमान छूने लगा है इसलिए पूरन वर्मा की नीयत खराब हो गई है। अब पूरन वर्मा का कहना हैं कि जिस आदमी के पास उसने पीड़ित पत्रकार के जेवर रखे थे वो मर गया है। जब भी पीड़ित पत्रकार परिवार, पूरन वर्मा के यहाँ अपने सोने के जेवर मांगने जाते हैं, पूरन वर्मा नए नए बहाने बनाकर टाल देता है। हद तो जब हो गई जब पीड़ित पत्रकार ने पुलिस में जाने की बात की तो पूरन वर्मा आग बबूला हो गया और पत्रकार को गंदी गंदी गालियां देने लगा कहने लगा कि दोबारा मेरे पास जेवर मांगने आये तो तुमको जान से मार दूँगा। और कहने लगा कि मेरे साथ पूरा व्यापार मंडल आएगा, कोई पुलिस वाला मेरा कुछ नहीं कर सकता है।

बताते चलें कि विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, पूरन वर्मा पहले भी कई मजबूर व परिस्थितियों के मारे लोगो के सोने के गहने हड़प कर चुका है।, साथ ही पूरन वर्मा शहर के कई सरकारी व अर्ध सरकारी बैंकों में गोल्ड लोन के लिए वैल्यूएशन का काम भी करता है, बैंकों में भी सोने के गहनों की गुणवत्ता जांचने में हेराफेरी करने के कारण पूरन वर्मा को अब कई बैंकों से ब्लैक लिस्टेड भी किया जा चुका है। पूर्व में भी कई ग्राहकों से सोने के गहने हड़पने की वजह से पूरन वर्मा का लड़ाई झगड़ा हो चुका है। विश्वस्त सूत्रों की माने तो पूरन वर्मा पहले लोगो के जेवर गिरवी रखता है, फिर कोई बहाना बनाकर हड़प कर लेता है।

## बाइक समेत बाढ़ के पानी में बहा युवक, राहगीरों ने बचाई जान



**जन एक्सप्रेस । भीरा खीरी**

भीरा-पलिया मार्ग पर बह रहे शारदा नदी की बाढ़ के पानी से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बाढ़ के पानी के चलते इस मार्ग पर आवागमन जोखिम भरा हो गया है। रविवार सुबह एक युवक बाइक समेत सड़क पर पानी के तेज में बह गया। वहां मौजूद राहगीरों ने बमुश्किल युवक को बचाया। उसकी बाइक भी पानी से निकलवाई। पुलिस ने इस मार्ग से आवागमन न करने की अपील की है। पलिया- भीरा मार्ग पर कई दिनों से पानी बह रहा है। कई दिनों तक इस मार्ग पर आवागमन बंद रहा। दो दिन पहले ही यातायात शुरू हुआ था। तभी फिर शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया।पलिया-भीरा मार्ग पर रविवार को पानी का बहाव काफी बढ़ गया है। इसको देखते हुए पलिया कोतवाल विवेक कुमार उपाध्याय ने कारों वा बाइकों का आवागमन बंद कर दिया है। उसके बाद भी लोग कारों और बाइकों से आवागमन कर रहे हैं। बाढ़ का पानी पुलिया से पहले भी सड़क पर बहने लगा है।अतरिया के रोड किनारे वाले कुछ लोगों के घरों में पानी भर गया है, जिससे वह फिर से सड़क पर आकर रहने लगे हैं।

# हाथरस की घटना में मृतक के पुत्र राजाराम को सौंपा एक लाख का चेक

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**

नगर के मोहम्मदी रोड स्थित सपा के पूर्व विधायक विनय तिवारी के आवास पर समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष ने हाथरस की घटना में मृतक जसोदा देवी के पुत्र राजाराम को एक लाख की चेक सौपकर कहा है कि समाजवादी पार्टी उनके परिवार के साथ है। भाजपा सरकार शासन व प्रशासन चलाने में नाकाम साबित हो रही है।

दो जुलाई को हाथरस में भोलेबाबा के सत्संग में हुई भगदड़ से गोला विधासभा के परगना मगदापुर के गांव बहादुरगंज निवासी जसोदा देवी पत्नी नत्थूलाल की मौत हो गयी थी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एवम पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राज्यपाल कश्यप ने कल पूर्व विधायक के आवास पर जसोदा देवी के पुत्र राजाराम को एक लाख रुपये का चेक सौपा है। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी उनके हर दुख सुख साथ है। सपा के जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व विधायक रामशरन, पलिया विधानसभा पूर्व प्रत्याशी रहे प्रतेद्र सिंह उर्फ काकू विधानसभा अध्यक्ष शेर सिंह यादव, प्रदेश सचिव समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रवीण कश्यप, जिला उपाध्यक्ष संतराम वर्मा लल्लन, प्रभात गुप्ता, रजत गुप्ता पंकज लाला सपा नगर अध्यक्ष जीशान अली, अशोक कश्यप, सोनू रावत, सुभाष प्रजापति, सतीश यादव, सुभाष कश्यप खीरी सांसद प्रतिनिधि अशोक वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सीतापुर राजनीति में अलग मुकाम बनाने वाले जासमीर अंसारी बने उपनेता विधान परिषद



**सीतापुर**

**लहरपुर।** सीतापुर की राजनीति में अपना अलग मुकाम बनाने वाले जासमीर अंसारी को समाजवादी पार्टी ने पहले सदस्य विधान परिषद फिर उसके बाद विधान परिषद का उपनेत बनाकर बड़ा संदेश दिया है जा समीर अंसारी मिलनसार और संघर्ष सील नेता माने जाते हैं बसपा शासन में इनका जलवा लोग भूल नहीं है इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ सपा नेता आजम खान के कहने पर समाजवादी पार्टी ज्वाइन की और समाजवादी पार्टी ने इनको विशेष सम्मान दिया तथा उप नेता बना कर मुस्लिम समुदाय की लामबंदी को और धार दे दी जा समीर हिंदू मुस्लिम दोनों में अपने घुसपैठ बनाने वाले नेता रहे हैं तथा अपने व्यवहार की वजह से सभी दलों के अच्छे नेताओं के साथ बेहतर संबंध रखते हुए लोगों के सुख-दुख में शरीक रहे हैं इसलिए युवा पीढ़ी इनको पसंद करती है तथा अपना नेता मानती है सदस्य विधान परिषद का उप नेता बनाए जाने पर चारों तरफ से बधाई मिल रही है तथा लोगों ने खुशी का इजहार किया है विशेष कर समाजवादी पार्टी के लोगों में विशेष उत्साह व्याप्त है वहीं पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नेता प्रतिपक्ष का महत्वपूर्ण पद सपा के ब्राह्मण चेहरा कहे जाने वाले माता प्रसाद पांडे को दे दिया है जिससे आने वाले भविष्य के लिए समाजवादी पार्टी की रणनीति स्पष्ट होती जा रही है

माता प्रसाद पांडे का ब्राह्मणों में विशेष स्थान है तथा वह विद्वान और सुलझे नेता माने जाते हैं मुस्लिम और ब्राह्मण को एकजुट करने की कवायत सपा को कितना फायदा पहुंचाएगी इस पर चर्चा होने लगी है पिछले चुनाव में समाजवादी पार्टी ने बेहतरीन प्रदर्शन करके सभी नेताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचा है।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने वाले की गिरफ्तारी की उठाई मांग

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंप कर सोशल मीडिया पर शिवलिंग को लेकर टिप्पणी कर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले को गिरफ्तार किए जाने की मांग उठाई है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा और मंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी ने एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता को सम्बोधित नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव को देकर मांग कि सोसल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी कर धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में 24 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है ।चेतावनी दी गई है कि गिरफ्तारी न हुई तो आंदोलन किया जाएगा। मनोज मिश्रा सहित तमाम हिंदू संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल थे।

# आज सावन के दूसरे सोमवार पर इस विधि से करें रुद्राभिषेक, हर मनोकामना होगी पूरी



**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर-खीरी।** हिंदू धर्म में सावन माह और सोमवार के दिन शिवजी की पूजा-आराधना का बड़ा महत्व है। सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई को था। वहीं,आज 29 जुलाई को सावन का दूसरा सोमवार व्रत रखा जाएगा। दृक पंचांग के अनुसार, इस साल सावन के दूसरे सोमवार पर कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है।जिससे इस शुभ योग में शिवजी की पूजा-उपासना करने से विशेष फलों की प्राप्ति होगी। आइए जानते हैं

**पूजा मुहूर्त :**

- ब्रह्म मुहूर्त : इस दिन सुबह 04 बजकर 17 मिनट से लेकर 04 बजकर 59 मिनट तक ब्रह्म मुहूर्त का निर्माण हो रहा है। वहीं, दोपहर 11 बजकर 48 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 42 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त का निर्माण होगा।
- रुद्राभिषेक की विधि : सावन के दौरान शिव अराधना और शिवलिंग का रुद्राभिषेक करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है और भगवान शिव की कृपा हमेशा बनी रहती है। चलिए रुद्राभिषेक करने की सही विधि जानते हैं।
- रुद्राभिषेक की पूजा-सामग्री : रुद्राभिषेक करने के लिए पान का पत्ता, धूप,दीप, गाय की घी, फल, फूल, इत्र, कपूर, बेलपत्र, मिठाई, शहद,दही, गन्ने का रस, पंचामृत, गुलाबजल, चंदन, गंगाजल, सुपारी, नारियल, श्रृंगी समेत सभी पूजन सामग्री को इकट्ठा कर लें।
- रुद्राभिषेक की विधि : सबसे पहले उत्तर दिशा में शिवलिंग स्थापित करें और पूर्व की ओर मुख करके बैठ जाएं। अब श्रृंगी में गंगाजल भरकर शिवलिंग का अभिषेक करें। अब दूध, दही, गंगाजल, पंचामृत, गन्ने का रस भी श्रृंगी से शिवलिंग पर चढ़ाएं।
- रुद्राभिषेक के दौरान महामृत्युंजय मंत्र ओम त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्॥ का जाप करें।
- शिवलिंग पर बेलपत्र, पान का पत्ता, सुपारी, शमी के पत्ते, भांग और धतुरा चढ़ाएं और शिव जी को भोग लगाएं ।इसके बाद भोलेनाथ समेत सभी देव-देवताओं की आरती उतारें। रुद्राभिषेक के जल को किसी पात्र में रख लें।
- इन मंत्रों का करें जाप : महामृत्युंजय मंत्रों के साथ आप भगवान शिव के मूल मंत्र ऊँ नमः शिवाय या श्री शिवाय नमस्तुभ्यं मंत्र का 108 बार जाप कर सकते हैं।

**✻ सावन माह का दूसरा सोमवार आज पड़ रहा है। इस दिन कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि सुबह से लेकर शाम 5 :55 तक रहेगी। उसके बाद षष्ठी तिथि शुरू हो जाएगी**

# रोट्रैक्ट क्लब गोला काशी ने प्रोजेक्ट धात्री के तहत किया पोषाहार व चाइल्ड केयर किट का वितरण

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**




नगर के रोट्रैक्ट क्लब गोला काशी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नगर के अन्य अस्पतालों में जाकर गर्भवती महिलाओं के पोषण सम्बन्धी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तथा माताओं को स्वयं व नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियाँ देते हुए प्रोजेक्ट धात्री के तहत खाद्य वस्तुए भूना हुआ चना, चिक्की, गुड़, मूंगफली, दलिया,फल आदि अन्य पोषक सामग्रियों से युक्त पोषण की पोटलियों व नवजात शिशुओं के देखभाल व सुरक्षा के लिए बेबी मसाज आयल, साबुन, पाउडर, कंघा, बेबी डायपर, नैपकिन, टिशू पेपर, झुनझुना व अन्य सामग्रियों से युक्त चाइल्ड केयर किट का वितरण किया गया।

गर्भावस्था मे पौष्टिक आहार का सेवन पर्याप्त मात्रा मे करना बेहद जरुरी है। गर्भस्थ शिशु का विकास माता के आहार पर निर्भर होता है।गर्भवती महिला को ऐसा आहार करना चाहिए जो उसके गर्भस्थ शिशु के पोषण कि आवश्यकताओं को पूरा कर सके। स्वस्थ गर्भावस्था को बनाए रखने के लिए, हर दिन लगभग 300 अतिरिक्त कैलोरी की आवश्यकता होती है।ये कैलोरी प्रोटीन, फल, सब्जियों और साबुत अनाज के संतुलित आहार से माँ को प्राप्त होती है। एक स्वस्थ, संतुलित आहार गर्भावस्था के कुछ लक्षणों, जैसे मतली और कब्ज को कम करने में भी मदद कर सकता है।जानकारी देते हुए बताया गया कि दूध एवं दूध से बनी चीजें जैसे कि दही, छाछ का सेवन करें।

आयोडीन युक्त नमक का सेवन करना चाहिए क्योंकि गर्भवती महिलाओं की कोख में पल रहे बच्चे के मस्तिष्क के विकास के लिए पर्याप्त मात्रा में आयोडीन की जरूरत होती है।

गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार मां और बच्चे दोनों के लिए जरूरी होता है। यह एक महिला को गर्भावस्था की बढ़ी हुई शारीरिक मांगों को पूरा करने में मदद करेगा और साथ ही भ्रूण के विकास में भी मदद करेगा। खाने के लिए गर्भावस्था के खाद्य पदार्थों में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा का संतुलन शामिल होना चाहिए। हालांकि, कुछ खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ गर्भवती महिला और उसके अजन्मे बच्चे के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला के डॉ.अशोक एवं अन्य महिला स्टॉफ का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष सुमित शाह, सचिव रविसुत, कोषाध्यक्ष राजकिशोर, एड टू डीआरआर त्रिनयन राजपूत, जेडआरआर प्रशांत मिश्रा, डायरेक्टर पवन गुप्ता, पवन प्रजापति, गौरीशंकर यादव, रविप्रकाश, मुनीश अवस्थी, प्रेम गुप्ता, सौरभ गुप्ता, स्वयं, परी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों पर जोर, नगर पालिका परिषद कार्यालय में चाय पर चर्चा



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

नगर पालिका खैराबाद प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता के संचालन चाय पर सभासदों के साथ चर्चा हुई। इस दौरान चर्चा में जनहित में कई महत्वपूर्ण फैसलो पर चर्चा की गई। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा सभासदों से कहा है आप सभी अपने अपने वार्डो की समस्याओं व विकास कार्यो से अवगत करवाये जो कार्य अभी बाकी है उनकी कार्य योजना प्रसासन को भेजेंगे व खैराबाद का चहुंमुखी विकास कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पालिका द्वारा लगातार विकास कराने और स्वच्छता पर फोकस किया जा रहा है। वहीं, जनता की परेशानियों को प्राथमिकता से लिया जा रहा है। खैराबाद नगर क्षेत्र में सुविधाओं को उपलब्ध कराने के उद्देश्य को नगर पालिका की सभागार में एक अनौपचारिक बैठक निकाय बोर्ड के सभासद गण एवं उनके प्रतिनिधियों व नगर के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ आयोजित किया गया जिसमें विकास एवं सेवाओं को उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में सम्यक विचार किये गये एवं सुझाव प्राप्त किये गये। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता द्वारा नगर के लोंगो को आश्वत किया गया है कि नगर के चतुर्दिक विकास हेतु निकाय बोर्ड के साथ हम सभी लोग दृढ़ संकल्पित है। बैठेक में विष्णु कुमार, हबीब, श्रीमती मुन्नी, युसुफ खॉ, उमेश, श्रीमती शबेनाज़, सुनील, फरजन्द अली, आलोक बाजपेई, राकेश चन्द्र, मो0 मुर्सलीन, जफरयाब बेग, शकील अहमद, मो0 नसीम खॉ, मो0 जावेद, सऊद अहमद, साबिर अली, हसीन अहमद, कविता दिलीप जोशी, रिजवान सबेनाज, मुन्नी गढ़ी दरवाजा प्रभु, कविता दिलीप जोशी, राशिद निशा अलाउद्दीन, शाहरून्निसा रफी, नासर बानो सगीर अहमद, मेहरुन्निसा सफीउद्दीन, रोशन जहां चुना उर्फ फारूक व प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी, मनोज राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहें।

## दोबारा भी बिना लाइसेंस के संचालित मिला अस्पताल, सील

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

**सांडी।** बिना लाइसेंस के चिकित्सालय, पैथोलॉजी का संचालन हो रहा है। हरपालपुर तिराहा पर मां सावित्री हॉस्पिटल डेढ़ साल से दोबारा बिना लाइसेंस के ही अफसरों की कृपा से संचालित हो रहा था। शनिवार को गर्भवती महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की नींद टूटी और बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे हॉस्पिटल को रविवार को सील कर दिया। कस्बा के हरपालपुर मार्ग पर तिराहा स्थिति मां सावित्री हास्पिटल में शनिवार को दो माह गर्भवती महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने हंगामा भी किया था। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. अखिलेश बाजपेयी ने मां सावित्री हॉस्पिटल को सील कर दिया है। बताया कि सीएमओ के आदेश पर हॉस्पिटल को सील किया गया है। डॉ. अखिलेश बाजपेयी ने बताया कि जनवरी 2023 में इसी अस्पताल को सील किया गया था। बाद में नोडल अधिकारी डॉ. पंकज मिश्रा ने खुलवा दिया था और तब से इसका संचालन हो रहा था। दोबारा संचालन के संबंध में वह कोई जानकारी नहीं दे सके। थानाध्यक्ष ने नकवापुर निवासी मृतका रामरानी के पति रमेश की तहरीर पर शनिवार देर रात हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. योगेंद्र सिंह, चिकित्सक और स्टाफ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पेड़-पौधे पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ अनगिनत लाभ भी प्रदान करते हैं: डॉ मुहम्मद वसीम नदवी



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

जमीयत उलेमा सीतापुर तथा जामिया अब्दुल्ला इब्ने मसूद कचनार के संयुक्त तत्वधान में फलदार पौधे लगाए, जामिया अब्दुल्ला इब्न मसूद कचनार सीतापुर के परिसर में जमीयत के कार्यकर्ताओं और शिक्षकों ने फलदार पौधे लगाने में भाग लिया, इस अवसर पर मुफ्ती डॉ. मुहम्मद वसीम नदवी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधारोपण के अनेक फायदे हैं सबसे पहले पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जो हमारे जीवन के लिए सबसे अधिक मूल्यवान वस्तु है, फल और लकड़ी भी हमें इन्हीं से प्राप्त होती हैं, पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, सरकार द्वारा समय-समय पर वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जाता है, हम सब को भी खाली स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान देना चाहिये।

इस अवसर पर जमीयत उलेमा के जिला अध्यक्ष मस्त हफीज रहमानी ने पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति हर व्यक्ति के दायित्व को समझाते हुए कहा कि जब हर व्यक्ति पर्यावरण से लाभ हासिल करता है तो इसकी सुरक्षा और व्यवस्था का दायित्व भी हर व्यक्ति का है। मदरसा के टीचर मौलाना मुहम्मद इरफान कासमी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और लोगों को पर्यावरण के संबंध में तथा पेड़ों के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में मौलाना सलीम नदवी, मौलाना अबरारुल हक, मौलाना अब्दुल खालिक, यासीन इब्ने उमर व बड़ी संख्या में जामिया के शिक्षक और छात्र शामिल रहे।

# निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सुना मन की बात कार्यक्रम



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

हर माह के अंतिम रविवार की भांति इस रविवार को भी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 112वें एपिसोड के तहत मन की बात कार्यक्रम को निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर नगर 1 के शक्ति केंद्र बिजवार की बूथ संख्या 135 पर सुना। मन की बात के कार्यक्रम को सुनने के पश्चात निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा की आज के मन की बात के कार्यक्रम के दौरान मा प्रधानमंत्री जी ने कई महत्वपूर्ण विषयो पर प्रकाश डालते हुए खादी वस्त्रो की खरीद मे जिस तरह से पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 400 गुना अधिक व्यापार हुआ हैं उससे लोकल फॉर वोकल को अधिक प्रोत्साहन मिला हैं, उन्होंने कहा की पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक की चर्चा हैं, प्रोजेक्ट परी से आर्ट का बढ़ावा के साथ प्रोजेक्ट परी में नए कलाकारों को मौका मिलने की बात कही देशवासी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया हैं, मैथ्स ओलिंपियाड में 4 गोल्ड मेडल जीते, मा. प्रधानमंत्री जी ने अपील की कि भारत को ड्रग्स फ्री बनाना हमारा लक्ष्य हैं, उन्होंने कहा कि बाघों को संरक्षण के लिए प्रयास जारी हैं मा प्रधानमंत्री जी ने देश वासियो से अपील कि कि आने वाली 15 अगस्त को एक बार हम सबको पिछली बार कि भाँती हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक तौर पर करना हैं इस दौरान उत्तम पांडे, सत्येंद्र सिंह, अविरल अवस्थी, अंकुरतिवारी, हरि कृष्ण मिश्रा, अंबुज पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

## पशु आहार से सात मवेशियों की मौत का आरोप

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** कछौना। कलौली निवासी शिव शंकर यादव मवेशी पालता है। उसके पास आठ भैंस और दो गाय हैं। बीती 19 जुलाई को उसकी दो भैंस मर गईं। उसके दो दिन बाद एक एक भैंस करके चार और भैंस मर गईं। फिर 25 जुलाई को भी एक भैंस मर गई। शिव शंकर का आरोप है कि उसने गांव निवासी सुनील की दुकान से एक नामी कंपनी का पशु आहार खरीदा था। आरोप है कि पशु आहार से ही मवेशी की मौत हुई है। पुलिस ने सूचना पर एक मवेशी का पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाल राकेश यादव ने बताया कि फिलहाल सुनील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# रेस्टोरेंट से लेकर ठेले खोमचों पर परोसा जा रहा जहर

**पड़ताल** | खुले में बेचे जा रहे मिठाई व फास्ट फूड पर भिनभिनाती मक्खियां गंभीर बिमारियों को दें रही दावत, जिम्मेदार बेपरवाह

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

जनपद के गोला क्षेत्रांतर्गत चंद चौराहा, बेवरी चौराहा, ककरही, गोपालपुर चौराहों पर खुले में बेचे जा रहे खाद्य पदार्थो का शनिवार रियलिटी चेक पर निकली हिंदी दैनिक समाचार पत्र जन एक्सप्रेस की टीम

यहां का नजारा देखकर दंग रह गई, जहां एक तरफ बरसात के मौसम फ़ैल रही महामारियों के दौर में सरकार अनेकों उपाय कर संक्रमण रोकने का प्रयास कर रही है वहीं इन चौराहों पर फास्ट-फूड जैसे-गोल गप्पे, चाउमीन, चाट, समोसा इत्यादि की ठेले वाले व समोसा जलेबी बेचने वाले तथा कुछ रेस्टोरेंट सरकार के निर्धारित मानकों की धज्जियां उड़ा रहे है। ये दुकानदार चंद पैसे कमाने के लिए लोगो की जिंदगी से खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। ये लोग सड़क किनारे अपनी दुकानों पर खुले में सामान को बिना ढके हुए बेच रहे जिससे इनकी दुकान पे रखे सामानों पर मधुमक्खियां, मक्खियां मच्छर इत्यादि बैठकर अपना छोड़ रहे है, जिससे ये खाने-पीने की चीजे जहर के सामान हो जा रही है और गरीब ग्राहक अपनी मजबूरी की वजह से इन सामानों का सेवन भी कर रहे हैं और अपने बच्चों को भी खिला रहे हैं। जिससे लोगो को फूड प्वाइजनिंग का खतरा बढ़ने की प्रबल आशंका है।

जिले का फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट आमजन के बीच खुले में बेचे जा रहे जहरीले खाद्य पदार्थो की जांच पड़ताल की परवाह नही करता। बता दें इनमे से अधिकतर ठेले वालों के पास तो फूड सेफ्टी लाइसेंस ही नही है वहीं कुछ



रेस्टोरेंट वाले भी ऐसे है जिनके पास फूड सेफ्टी लाइसेंस नहीं है तो इन्हे नियमों के बारे में कैसे पता होगा, ये दुकानदार बेखौफ होकर लोगों की जिंदगियो से खिलवाड़ कर रहे हैं।

### विभागीय नियम

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार खाने-पीने के सामान चाहे वो ठेले पे बन या बिक रहे हो या रेस्टोरेंट्स में सभी को फूड सेफ्टी लाईसेंस लेना जरूरी है साथ ही सभी ठेले व रेस्टोरेंट वाले को यह अनिवार्य है की दुकानों पर सामान पूरी शुद्धता से बने हो और सामान ढक के बिक रहे हो और साथ ही ग्राहकों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान दिया जा रहा हो।

### खरीदते हुए रखें ध्यान

इस पड़ताल के माध्यम से जन एक्सप्रेस क्षेत्र के लोगो को सचेत करते हुए ये बताना चाहता है की आप सभी जब भी अपने आस-पास के किसी भी रेहड़ी या रेस्टोरेंट से खाने-पीने का सामान खरीदे तो यह जरूर ध्यान रखे की दुकानदार के पास फूड सेफ्टी लाइसेंस हो और साथ ही साथ वहां बिक व बन रहे सामान पूरी तरह से ढके हुए हो और उनपे किसी भी प्रकार के कीड़े मकौड़े जैसे मच्छर या मक्खी इत्यादि ना बैठ रहे हो।

### नही है लाइसेंस

जन एक्सप्रेस के पड़ताल में पता चला कि गोला क्षेत्र में चल रहे ठेलों व रेस्टोरेंट में से अधिकतर ठेले वालो और कुछ रेस्टोरेंट वालो के पास फूड सेफ्टी लाईसेंस नही है, जिससे इन्हे ना तो मानकों का पता है ना ही किसी नियम का और ये धड़ल्ले से अपनी दुकानों पर खाने-पीने के सामान बनाकर बेच रहे हैं।

### हो जाएंगे बीमार

अगर इन रेस्टोरेंट और रेड़ी वालो की ऐसे ही मनमानी चलती रही और फूड सेफ्टी विभाग ने इनपर कोई कार्रवाई नहीं की तो इन दुकानों से सामान लेकर खाने वाले लोग एक न एक दिन फूड प्वाइजनिंग के शिकार जरूर हो जाएंगे। इस संबंध में फूड सेफ्टी अधिकारी सुधीर कुमार सिंह डीओ गोरखपुर का कहना है की मैं अभी नया आया हु मामले की जानकारी नहीं है, जल्द ही मामले की जांच करके जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके ऊपर कारवाई की जाएगी ।

# अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने चस्पा किया नोटिस



जन एक्सप्रेस | भाटपार रानी, देवरिया

स्थानीय तहसील क्षेत्र के राजस्व ग्राम सोहनपुर निवासी शिववचन यादव द्वारा गाटा संख्या 442/0.030 हेक्टेयर भूमि जो ग्राम सभा के चक मार्ग की है पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। कब्जा धारक के द्वारा कब्जा हटाने के लिए तहसील प्रशासन के द्वारा कई बार मौखिक रूप से सूचना देने के पश्चात भी उक्त कब्जाधारी द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। तहसील प्रशासन ने 25 जुलाई को अतिक्रमण कर्ता के घर पर नोटिस चस्पा कर 7 दिनों के अंदर स्वयं अवैध कब्जा नहीं हटाने पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण की गई भूमि से बेदखल करने का निर्देश दिया है।

# केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने छितहरी थुंनी तटबंध का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | चौरी चौरा

के न्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने रविवार को राप्ती नदी के बायें तट पर स्थित छितहरी थुंनी महोबचक तटबंध का निरीक्षण किया। ग्राम गोपालपुर के पास स्थित तटबंध के बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को अतिशीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस परियोजना की कुल लागत 249.61 लाख और 966.97 लाख रुपये है।



**बाढ़ से सुरक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता - केंद्रीय राज्यमंत्री**

केंद्रीय मंत्री श्री पासवान ने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास का कार्य तेजी से हो रहा है। तटबंध के सुरक्षात्मक कार्य को जल्द से जल्द पूरा कर क्षेत्र की जनता को बाढ़ से सुरक्षित करना हमारे सरकार प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मानवेन्द्र यादव, मंडल अध्यक्ष सुग्रीव तिवारी, अधीक्षण अभियंता के.पी. सिंह, अधिशासी अभियंता बी.बी. सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**क्षेत्रीय जनों ने की राज्यमंत्री की सराहना**

मंत्री पासवान के निर्देशों के बाद संबंधित विभागों ने कार्यों में तेजी लाने का आश्वासन दिया है, जिससे आने वाले समय में बाढ़ से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने भी राज्यमंत्री के इस प्रयास की सराहना की और उम्मीद जताई कि जल्द ही यह तटबंध क्षेत्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सीएम योगी के जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही जल जीवन मिशन योजना

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

देश में ग्रामीण क्षेत्र के सभी घरों में सरकार द्वारा जल जीवन मिशन स्कीम ग्रामीण के तहत साल 2024 तक घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा अलग-अलग बजट दिया गया, और अब तक योजना के माध्यम से 65.33 प्रतिशत नल कनेक्शन ग्रामीण घरों में लगाए जा चुके हैं। योजना के संचालन हेतु केंद्र सरकार के द्वारा 3.50 लाख करोड़ रूपए का बजट निर्धारित किया गया है। इस कार्य को पूर्ण कराने के लिए सरकार इसे निजी कंपनियों को टेंडर के माध्यम से करा रही है, जिससे भिन्न भिन्न कंपनियों के ठेकेदार अपनी मनमानी से कार्य कर रहे है। जहां पाईप लाईन को बिछाने के लिए गांव के खड़ंजे, आरसीसी, इंटरलॉकिंग को उखाड़ व नालियों को तोड़ रहे है।

**बोलीं ग्राम प्रधान, शिकायतों का जिम्मेदार नहीं लेते संज्ञान**

इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर ग्राम प्रधान साधना ने बताया कि दो वर्ष बीत जाने के बाद भी पानी की टंकी कार्य जस का तस पड़ा है। इसकी शिकायत ठेकेदारों से कई बार की पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

**शीघ्र पूरा कराया जाएगा अधूरा कार्य : सीडीओ**

प्रकरण के बाबत पूछे जाने पर मुख्य विकास अधिकारी संजय मीणा ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

वहाँ पर खड़ंजे व रास्ते को मजबूती से मरम्मत नहीं कर रहे हैं। जबकि सरकार द्वारा तोड़ फोड़ खड़ंजे रास्ते व नालियों के मरम्मत के लिए बजट दिया गया है, लेकिन ठेकेदारों द्वारा तोड़ फोड़ किये हुए खड़ंजे व रास्ते पर केवल मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।और शिकायत करने पर आनाकानी कर रहे हैं।

जन एक्सप्रेस टीम की पड़ताल में गोरखपुर जनपद के विकास खण्ड खजनी के ग्रामपंचायत बिगही में पानी टंकी का कार्य वर्षो से बंद पड़ा है, जबकि टेंडर प्रक्रिया के अनुसार इसे 18 महीने में पूर्ण होना था जोकि कंपनियों व ठेकेदार की लापरवाही से अभी तक अधर में लटका हुआ है। इस कारण लोगों को जल जीवन मिशन का लाभ नहीं मिल रहा है।



# बलिया में पुलिसिया वसूली कांड के फरार थानाध्यक्ष ने किया सरेंडर

**एसओजी व गोला पुलिस के समक्ष किया सरेंडर, फरार थानाध्यक्ष पन्नेलाल की विभाग में थी ऊंची पहुंच, सिर्फ मलाईदार थानों पर कराता था पोस्टिंग**

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

बलिया जिले नरहीं थाना क्षेत्र के भरौली तिराहे पर पुलिस उच्चाधिकारियों द्वारा की कार्रवाई में फरार थानाध्यक्ष ने एस ओ जी टीम और गोला थाना पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया।

फरार थानाध्यक्ष पन्नेलाल पुत्र बेचई कन्नौजिया जिले के गोला थाना क्षेत्रांतर्गत भरसी गांव निवासी हैं। बताते चलें कि बलिया में यूपी-बिहार चेकपोस्ट पर ट्रकों से की जा रही अवैध वसूली के मामले में नरही थानाध्यक्ष पन्नेलाल को सस्पेंड कर दिया था जिसके बाद अब वो फरार चल रहे थे।

अब पन्ने लाल को लेकर कई खुलासे हो रहे हैं. उसके पुलिस महकमे में ऊंची पहुंची थी जिस वजह से उसकी ड्यूटी हमेशा मलाईदार थानों में लगती थी जहां काली कमाई का जरिया



ज्यादा हो सके और चेक पोस्टों पर उसी के खास पुलिसकर्मी ट्रकों से पैसा वसूलते थे। 25 जुलाई से फरार चल रहे पन्नेलाल के घर एसओजी टीम लोकेशन के माध्यम से उसके पैतृक गांव भरसी पहुंची। जिसकी तलाश चार दिनों से पुलिस व एसओजी की टीम कर रही थी। रविवार सुबह करीब 8 बजे से ही बलिया एसओजी टीम उनके पैतृक गांव पहुची थी। स्थानीय थाना गोला की पुलिस भी पहुची और उनको सरेंडर करने का दबाव बनाने लगी। करीब छः घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद पन्नेलाल कन्नौजिया बाइक से घर पहुच कर एसओजी बलिया और गोला पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

सुत्रो की माने तो सुबह 8 बजे पहुची एसओजी टीम ने कन्नौजिया के पत्नी को अपनी गाड़ी में बैठाने लगी, तब परिजनों ने बेचैन हो पन्नेलाल से सम्पर्क किया। पन्नेलाल ने पुलिस टीम से अपने परिजन के फोन से बात कर कहा कि हमारे परिवार को नहीं उठाए मैं कुछ देर में आपके सामने हाजिर हो रहा हूं। पुलिस टीम उनकी बात का भरोसा कर उनका इंतजार करती रही. पन्नेलाल सायं करीब 2:30 बजे एक बाइक से घर पहुच कर पुलिस टीम के सामने अपने आप को सरेंडर किया। बलिया एसओजी टीम पन्नेलाल को अपनी गाड़ी में बैठा कर बलिया के लिए रवाना हो गई।

# पास्को एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज

पास्को एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल। रविवार को पुरन्दरपुर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम राव ने बताया कि अभियुक्त तुफैल पुत्र सैयद अली उर्फ कोइल के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 188/24 धारा 363,366,376 डीए 120 बी 343,504, 506 भादवि 5/6 पोक्सो एक्ट के मुकदमें में वांछित चल रहे व 164 सीआरपीसी तथा मेडिकल के आधार पर उपरोक्त मुकदमा में अभियुक्त को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई थी, जिसे रविवार मनिकौरा चौराहे के पास से दिन में बारह बजे के लगभग गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक शान्तनु शर्मा, हेड कांस्टेबल संजय कुमार मौजूद रहे।




# पोखरी नहाने गये युवक की डूबने से हुई मौत



जन एक्सप्रेस | पनियरा-महराजगंज

नगर पंचायत पनियरा के महावीर नगर वार्ड नंबर चौदह में स्थित पोखरी में रविवार की शाम पांच बजे नहाने गये चालीस वर्षीय पुरूषोत्तम पुत्र तुफानी नामक युवक डूबने से मौत हो गई। टोले के कुछ युवकों ने देखा और पोखरी में तलाश किया। नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जाल डालकर तलाशी ली।

पुलिस तत्काल पीएचसी ले गयी जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुरूषोत्तम की दो बेटियां हैं। पिता की मौत हो चुकी है। मां व एक छोटा भाई भी है। मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना से परिजनों का रो-रो के बुरा हाल है।

इस बावत प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अवैध अतिक्रमण हटाये जाने की मांग को लेकर अनशन पर बैठेंगे सभासद

**जन एक्सप्रेस/कैम्पियरगंज, गोरखपुर।** नगर पंचायत चौमुखा के सभासद रामरतन यादव एडवोकेट, वार्ड संख्या,14 रामनगर ने, कैम्पियरनगर वार्ड में स्थित काली स्थान की भूमि को अतिक्रमणकरियो से मुक्त किये जाने को लेकर विगत 1 वर्ष से तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों से न्याय की गुहार कर थक हारकर आगामी 19 अगस्त24 को तहसील परिसर में अनशन करने की सूचना जिलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों को दे दिया है। श्री यादव ने बताया कि अवैध अतिक्रमणकारियों ने काली स्थान की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है,जिसके कारण सुंदरीकरण कार्य नही हो पा रहा है तथा महिलाओं व भक्तों को काफी दिक्कतें हो रही है। तहसील प्रशासन से बार बार गुहार लगाने के बावजूद तहसील प्रशासन मामले का संज्ञान नहीं ले रहा है।

# बेटियों की शिक्षा , सुरक्षा और प्रोत्साहन ही बेटी बचाओ बेटी बचाओ योजना का उद्देश्य : बीना तिवारी

जन एक्सप्रेस | देवरिया

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय संयोजक बीना तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी 2015 को शुरू की गई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य बालिकाओं के अस्तित्व, सुरक्षा, और शिक्षा को सुनिश्चित करना है।

योजना का एक प्रमुख लक्ष्य लिंग अनुपात में सुधार करना और भ्रूण हत्या को रोकना है।उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से भारत सरकार का लक्ष्य है कि हर बेटी सुरक्षित और शिक्षित हो, जिससे वे




अपने भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बना सकें और बेटियों के प्रति होने वाले भेदभाव और नकारात्मक रवैये को समाप्त करना है। महिला मोर्चा क्षेत्रीय संयोजक ने कहा कि सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से ना केवल बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि इस योजना की शुरुआत पहले 2014-15 में 100 जिलों से हुई थी, और 2015-16 में इसे 61 और जिलों में विस्तारित किया गया और आज यह योजना पूरे देश के हर जिले में लागू है।

कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला मंत्री अरविंद पांडे ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना 2024 को नए रूप में प्रस्तुत किया है। इसमें बालिकाओं को कौशल प्रदान करने, माध्यमिक शिक्षा में नामांकन बढ़ाने, मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता पर जागरूकता, और बाल विवाह को समाप्त करने जैसे नए तत्व शामिल किए गए हैं। महिला और बाल विकास द्वारा इस योजना की नई नियमावली और दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिन्हें जिलों में योजना के क्रियान्वयन में उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने की तथा संचालन जिला मंत्री निर्मला गौतम ने किया।

# सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ टांडा आइडल ग्रैंड फिनाले

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



जनपद के एनटीपीसी टांडा विद्युत गृह के मानव संसाधन विभाग एवं कर्मचारी मनोरंजन केन्द्र टेवा के संयुक्त तत्वावधान में टांडा आइडल-2024 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन 27 जुलाई को सरगम सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख अशेष कुमार चट्टोपाध्याय एवं गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती कृष्णा चट्टोपाध्याय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने कहा कि यह कार्यक्रम टांडा स्टेशन के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों में सांस्कृतिक अभिरूचि को विकसित करने और उसे निखारने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

इस प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में सुश्री अनन्या को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया और वे इस सत्र की **टांडा आइडल** बन गईं।

ध्यान देने योग्य है कि इस प्रतियोगिता से पूर्व इसके अनेक चरण भी आयोजित किये गए थे जिन्हें पार करते हुए श्रेष्ठ प्रतिभागियों ने ग्रैंड फिनाले में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवायें) डॉ उदयन तिवारी, महाप्रबंधक (परियोजना) अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) वी. पी. दूबे, महाप्रबंधक (प्रचालन) अभय कुमार मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान एवं विभागाध्यक्षगण, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर गरिमा महिला मंडल से शकृष्णा चट्टोपाध्याय (अध्यक्षा) एवं नीरू शर्मा (उपाध्यक्षा) एवं अन्य वरिष्ठ सदस्याएं साधना तिवारी, अपर्णा गुप्ता, रेनू दुबे, नीलिमा जैन (सचिव) उपस्थित रहीं। संगीत निर्णायक मंडल में नवरत्न पांडे जी, रामकृष्ण पांडे, और निधि तिवारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख ने कहा कि इस तरह के सांगीतिक कार्यक्रम एनटीपीसी टांडा की टाउनशिप में संगीत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह वर्क लाइफ बेलेंस का अनुपम उदाहरण है। संगीत पुरातन से मानव जीवन को तनाव रहित बनाने में सहायता करता रहा है। कार्यक्रम का संयोजन समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार ने जबकि कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र कुमार ने किया।

# संचारी दस्तक अभियान की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 1जुलाई से 31 जुलाई तक चल रहे विशेष संचारी/दस्तक अभियान की तृतीय जनपद स्तरीय अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने मंडल और राज्य स्तर पर जनपद के प्रदर्शन की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने सभी विभागो से उनके द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार तथा अन्य संचारी रोग यथा क्षय रोग, कुष्ठ रोग, डायरिया (स्टॉप डायरिया) प्रभावी नियंत्रण तथा इनकी जांच तथा त्वरित इलाज को सर्वोच्य प्राथमिकताओं पर रखने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के कार्यो की अलग -2 समीक्षा ब्लॉकवार की। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी सभी विभाग इसी मनोयोग से कार्य करते रहें,जिससे की जनपद को स्वस्थ और स्वच्छ रखा जा सके। 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस है,जिसमें 10 अगस्त को 2 वर्ष से 19 वर्ष के बीच सभी बच्चो और किशोरों को आयुनुसार दवा खिलाई जायेगी।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल में चिकित्सक समय से आए और मरीज का इलाज गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करें। मरीज के प्रति अच्छा व्यवहार करें। दूर-दूर से आने वाले मरीज तथा उनके अभिभावक के प्रति अच्छा व्यवहार करें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, समस्त केन्द्र अधिक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एस0एम0ओ0 डब्लू0 एच0 ओ0 डी0एम0सी0 यूनिसेफ, जिला उद्यान अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ शिव महापुराण कथा का प्रारंभ

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**



खाईडोरा स्थित गंगा मंदिर पर श्रावण महीने में भगवान शिव की महिमा वर्णन हेतु कथा व्यास सोनू गोस्वामी के द्वारा श्री शिव महापुराण का शुभारम्भ मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ।

दिन के प्रथम सत्र में भारी तादात में मौजूद भक्तों की भीड़ ने ढोल नगाड़ो पर नाचते गाते एवं पुष्प वर्षा करते हुए यात्रा को गंगा मंदिर से प्रारंभ किया जिसका शुभारम्भ वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज एवं ओमप्रकाश शास्त्री द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। यात्रा को कृष्णा टोला,जयगंज आदि रास्तों से होते हुए अंततः गंगा मंदिर पर विराम दिया गया। मंदिर परिसर में व्यास पीठ के समक्ष स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने भक्तों को कलश यात्रा के महत्त्व के विषय में सम्बोधित करते हुए कहा कि कथा से पूर्व निकाली गयी मंगल कलश यात्रा वाले कलश को ब्रह्मांड का प्रतीक माना जाता है,यह समुद्र मंथन में निकले अमृत कलश के ही समान होता है, जिसमें पूरे ब्रह्मांड की सकारात्मक ऊर्जा समाहित होती है इसमें नवग्रह के साथ 27 नक्षत्र और 33 कोटि देवता और सभी तीर्थों का वास होता है इसलिए अपने सर पर रखकर कथा से पूर्व सभी प्राणियों के लिए मंगलकामना को लेकर नगर में भृमण किया जाता है।इस यात्रा में शामिल होने से कई जन्मों के पापों से मुक्ति मिलती है। कथा व्यास सोनू गोस्वामी ने सायं 2 बजे से 5 बजे तक चलने वाली कथा के पहले दिन श्री शिव महापुराण के महत्त्व के विषय में चर्चा की। इस अवसर पर प्रभा शर्मा, डी.डी.शर्मा, शारदा रानी, सतीश कुमार वर्मा, मनीषा वार्ष्णेय, चिरंजीव वार्ष्णेय, डोली वर्मा, मोनू वर्मा, नीलम वार्ष्णेय, शैलेश वार्ष्णेय, कंचन रावत, पवन सिंह रावत, शालू वर्मा, नीरज वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, नीरज वर्मा, आकाश गोस्वामी, मोहित गोस्वामी, प्रकाश, सुमित, मनोज, दीपक, अंकुश, सागर, केशव, बॉबी, रोहित आदि उपस्थित रहे।

# कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में अचानक जलभराव के कारण अंबेडकरनगर की बेटी की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**




जनपद के अकबरपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के हासिमपुर बरसांवा कुर्की बाजार निवासी राजेन्द्र यादव की 25 वर्षी बेटी श्रेया यादव सहित तीन छत्राओं की दिल्ली में संचालित राव आईएएस कोचिंग सेंटर की लाइब्रेरी में पानी भरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। श्रेया यादव की मौत की खबर जंगल मे आग की तरह फैल गई और परिजनों व गाँव मे कोहराम मच गया।श्रेया यादव के चाचा धर्मेंद्र यादव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं जो नोयडा में रहते हैं और सूचना पर तत्काल दिल्ली पहुंच गए। घटना शनिवार रात्रि की बताई जा रही है। जनपद में सूचना होते ही एसडीएम सदर सौरभ शुक्ला भी श्रेया यादव के घर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राव आईएसएस कोचिंग के मालिक को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुर्की बाजार स्थित हासिमपुर बरसवां निवासी श्रेया यादव दो माह पहले ही दिल्ली के राव आईएएस कोचिंग सेंटर में एडमिशन करवाकर आईएएस की तैयारी कर रही थी जिसकी राव कोचिंग की बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में पानी भरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। श्रेया यादव की आकस्मिक मृत्यु से पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## कांवड़ियों के लिए जलपान सेवा का शिविर लगाया




**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

आज श्रावण के पवित्र माह के द्वितीय रविवार को न्यू रोटी बैंक द्वारा रामघाट रोड स्थित एस. एम. बी. इंटर कॉलेज पर कांवड़ियों के लिए जलपान सेवा का शिविर लगाया गया। शिविर मे महादेव भक्तों को पानी, फ्रूटी, बिस्कुट और फल वितरण किये गए।

रोटी बैंक के संस्थापक नेम सिंह सोलंकी ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करना बहुत ही पुण्य का काम है और हमारी संस्था निरंतर पूरे माह कांवड़ियों की सेवा मे तत्पर रहेगी। व्यवस्थापक् अखिलेश तोमर ने सभी सहयोग कर्ताओं का आभार व्यक्त किया। पारस चौहान, संदीप राघव, पूजा सेंगर, दुर्गेश सोलंकी, ममता सिंह, बीना चौहान, संदीप चौहान, हर्ष चौहान, प्रद्युम्न सेंगर, राजू ठाकुर, प्रज्वल सोलंकी, राजेश कुमार टिल्लू, प्रमोद शर्मा, महेश दीवान, सतीश गौड़, मुकेश गौड़, मनीष शर्मा, दुष्यंत शर्मा और गिरीश सिंह ने शिविर मे सेवा सहयोग दिया।

## घर पर खड़ी ईको कार में लगी आग

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** ग्राम सीकरी चार हिस्सा में घर पर खड़ी ईको कार में लगी यकायक आग, कार बनी आग का गोला। परिजनों और ग्रामीणों ने बमुश्किल बुझाया आग को। बता दें ग्राम सीकरी चार हिस्सा के ब्राह्मण मोहल्ला के निवासी रूपेश पुत्र प्रेम बिहारी की ईको वेन कार उसके घर के आगे खड़ी थी रविवार अल सुबह लगभग 4:00 बजे उसमें आग लग गई आग से धुआं उठते देख परिजनों व ग्रामीणों ने उसका पीछे का बोनट उठाकर पानी डालकर काफी देर में आग पर काबू पाया। इस दरमियान आग से कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

## आज होगा भोले का जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को कस्बा के संतोष नगर स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में भोलेनाथ का अल सुबह गंगाजल ,बेल पत्र आदि से जलाभिषेक किया जाएगा। वहीं 11 बजे भंडारे का आयोजन होगा। महादेव के भक्त मनीष बंसल सभासद, रवि कुमार, आशीष मंगोली, संजय गोयल, जितिन मंगल, ब्रज किशोर मामा, रज्जो गर्ग, सौरभ अग्रवाल आदि ने शिव मंदिर पर बैठक कर प्रातः जलाभिषेक व भंडारे की व्यवस्थाएं सौंपी।

## प्रेमिका ने प्रेमी के चेहरे पर फेंका तेजाब

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** शहर में हैरान कराने वाला मामला सामने आया है। अभी तक एक तरफा प्यार में प्रेमी द्वारा प्रेमिका पर तेजाब फेंकने के मामले सामने आते थे, लेकिन आगरा में प्रेमिका ने प्रेमी पर तेजाब फेंक दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 27 जुलाई को थाना हरीपर्वत क्षेत्र के शास्त्रीनगर में एक युवक अपनी दुकान पर बैठा था। तभी वहां पर एक महिला आई। उसने अपने थैले से एक डिब्बा निकाला और युवक के चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। इसके बाद महिला फरार हो गई थी।

# पूर्व प्रधान शशिकांत मिश्रा एवं वर्तमान प्रधान रिपुसूदन मिश्रा जिला अमेठी अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**




अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता गवेंद्र सिंह एडवोकेट के प्रयासों से शशिकांत मिश्रा पूर्व प्रधान ग्राम रोहंसी ब्लॉक गौरीगंज जिला अमेठी एवं उक्त गांव के ही वर्तमान प्रधान रिपसूदन मिश्र आज अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल हो गए।

ज्ञात रहे कि शशिकांत मिश्रा समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं प्रधान रहे हैं और वर्तमान प्रधान उनके पुत्र हैं इस अवसर पर इस अवसर पर दोनों ने कहा अखिल भारतीय पंचायत परिषद ग्रामीण उत्थान और पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन सराहनीय कार्य कर रहा है संगठन को जनपद में मजबूत करने के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे और निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को संगठन के साथ जोड़ेंगे दोनों लोगों के पंचायत परिषद में में शामिल होने पर प्रदेश प्रभारी गवेन्द्र सिंह एडवोकेट ने उनका हार्दिक आभार प्रकट कर स्वागत किया। और कहां पंचायत परिषद का पूर्वांचल में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा शीघ्र ही पूरे पूर्वांचल का दौरा कर प्रत्येक जिले में संगठन का गठन किया जाएगा उत्तर प्रदेश संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह राष्ट्रीय सचिव श्रीमती नयना नंदकुमार पाटिल प्रदेश सहसंयोजक चौधरी महेंद्र सिंह प्रदेश महासचिव नरेंद्र सिंह सोलंकी महेंद्र तिवारी प्रदेश सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता एडवोकेट कुंवर मोहम्मद अहमद प्रधान डॉक्टर शेर मोहम्मद प्रधान धर्मवीर सिंह पूर्व पार्षद महानगर अध्यक्ष ठाकुर सत्येंद्र सिंह पूर्व पार्षद ठाकुर सत्येंद्र सिंह प्रधान ठाकुर नरेंद्र सिंह एडवोकेट आशुतोष कुमार एडवोकेट हाई कोर्ट आदि ने दोनों के शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त कर हार्दिक बधाई दी।

# करणी सेना का चार दिवसीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**




करणी सेना की जिला अध्यक्ष राजेश्वरी तोमर एवम जिलाध्यक्ष युवा शक्ति सौरभ तोमर के नेतृत्व में करणी सेना के बैनर तले चार दिवसीय 11000 वृक्षारोपण का कार्यक्रम पी एम कालेज करसुआ पर रखा। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश संरक्षक श्री अजीत सिंह तोमर एडवोकेट जी ने की जिसमे मुख्य अतिथि करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह रावल एवम विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष युवा शक्ति हर्षवर्धन सिंह एडवोकेट रहे। ये चार दिवसीय कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष शिवम ठाकुर और मीडिया प्रभारी वीरू भदोरिया की देख रेख में होगा।इस मौके पर जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह, गिरीश तोमर, जिला उपाध्यक्ष महिला शक्ति श्रीमती सर्वेश सिंह, पुष्पेंद्र कोठिया, संगठन महामंत्री धीरू ठाकुर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुत्तन ठाकुर, राजीव तोमर, पुष्पेंद्र पुंडीर, जिला उपाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बम बम भोले के जयकारों से गूंजी ताजनगरी



**जन एक्सप्रेस | आगरा**

35 किलोमीटर की ऐतिहासिक परिक्रमा का जोश रविवार शाम से ताजनगरी की सड़कों पर दिखाई दिया। शिवभक्तों ने बम बम भोले के जयकारे के साथ ताजनगरी को शिवमय बना दिया। परिक्रमार्थी शिवभक्तों के लिए पुलिस प्रशासन के भी पुख्ता इंतजाम रहे। परिक्रमा के दौरान भक्तों के लाठी ले जाने पर पाबंदी रही। रविवार शाम से शुरू हुई परिक्रमा सोमवार सुबह करीब 8 बजे तक संपन्न होगी। परिक्रमा में सभी उम्र के शिव भक्त शामिल होते हैं। नंगे पाव लगने वाली परिक्रमा में भक्त जनों के सामने खराब रास्ते, बरसात की और कांटों की कई परेशानियां आड़े आती है। लेकिन भोलेनाथ की भक्ति में भक्त 12 से 13 घंटे में परिक्रमा को पूरी कर लेते हैं। बलकेश्वर मंदिर से यह परिक्रमा शुरू होती है। जिसके बाद शिव भक्त ताजगंज होते हुए राजेश्वर मंदिर उसके बाद रावली महादेव, पृथ्वीनाथ और फिर सिकंदरा क्षेत्र में स्थित कैलाश महादेव मंदिर पहुंचते हैं। यहां से बबूल के जंगलों में स्थित बनखंडी महादेव होते हुए बलकेश्वर महादेव मंदिर पर अपनी परिक्रमा पूरी करते हैं।

### परिक्रमा मार्ग पर भंडारों का आयोजन

शिव भक्तों के लिए परिक्रमा मार्ग में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। कोई ठंडा शरबत तो किसी ने जूस पिलाया। भक्तों को भंडारे का प्रसाद भी मिलता है। सैकड़ों की संख्या में रास्ते भर शिव भक्तों के लिए पंडाल और साउंड लगाकर इंतजाम करते हैं। परिक्रमा को लेकर डीसीपी सिटी ने एसीपी और थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि सभी शिव भक्त पुलिस द्वारा निर्धारित परिक्रमा मार्ग पर ही चलेंगे। कोई भी श्रद्धालु रेलवे ट्रैक क्रॉस नहीं करेगा।

## कांवड़िए से कार टकराने पर विवाद

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कांवड़ लेकर जा रहे कांवड़ियों का कार सवारों से विवाद हो गर्या। कांवड़ियों का कहना था कि उनकी कार कांवड़ से टकरा गई। इसको लेकर दोनों में विवाद हो गया। मारपीट हुई। आक्रोशित कांवड़ियों ने हाईवे जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में हाथरस मार्ग पर टेढी बगिया के पास धौलपुर निवासी युवक कांवड़ लेकर जा रहे थे। सामने से कार आ रही थी। कार में चार व्यक्ति बैठे थे। बताया गया है कि कार सवार फौजी थे। कांवड़ियों का आरोप था कि उनकी कार कांवड़िए से टकरा गई थी। वहीं, कार सवारों का कहना था कि कांवड़िए ने उनकी कार में डंडा मार दिया था। इसको लेकर दोनों के बीच में विवाद हो गया। मारपीट हो गई। इसकी जानकारी कांवड़ यात्रा में शामिल अन्य को हुई तो आक्रोश फैल गया। कांवड़ियों ने रास्ता जाम कर दिया। लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर ट्रांस यमुना थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# फेसबुक कमेंट को लेकर हुई मारपीट

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

शनिवार रात्रि बाईपास मोड पर दो पक्षों के लोगों में फेसबुक कमेंट को लेकर जबरदस्त मारपीट हुई। इस दौरान फायरिंग भी हुई। जिसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के 6 लोगों को हिरासत में लिया है एवं 11 लोगों को नाम जद करते हुए बलवा लोक शांति भंग करने एवं 7 एक्ट व अन्य संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। इस झगड़े में एक युवक घायल हुआ है। बता दे बाई पास मोड़ के रहने वाले आकाश व मुकेश पक्षों में फेसबुक पर किसी पोस्ट पर कमेंटों को लेकर विवाद चल रहा था । इसी को लेकर शनिवार देर रात्रि बाईपास मोड पर एक बारबर की दुकान पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये और जमकर मारपीट हुई। इस दौरान फायरिंग भी की गई। उक्त घटना की जानकारी होने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक पक्ष के आकाश, बबलू ,पुष्पेंद्र एवं दूसरे पक्ष के मुकेश, सुरेंद्र एवं चोटिल हुए मनीष को हिरासत में लिया है और इन लोगों की एक मारुति ब्रेजा कार व चार बाइकों को भी अपने कब्जे में लिया है। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए छह में से पांच लोगों के अलावा अशोक, नरेश, चिंटू, देव, मानु व कुशल 11 लोगों के खिलाफ बलवा, लोक शांति भंग करने एवं एक्ट समेत संगीन धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है।

# किसानों का उत्पीड़न हुआ तो होंगा आंदोलन: भाकियू भानु

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**



शहर के एक निजी मैरिज होम में भारतीय किसान यूनियन ( भानु ) की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष नेमसिंह सोलंकी ने की । बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनका निस्तारण करने पर विचार विमर्श किया गया । प्रदेश उपाध्यक्ष ठा. अशोक सिंह ने कहा कि सरकार किसान आयोग का गठन कर किसानों के सम्पूर्ण कर्ज माफ करें । जैकी ठाकुर ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन ( भानु ) देश एवं प्रदेश में किसानों के हित की लड़ाई बहुत ही मजबूती एवं दृढ़ता से लड़ता है एवं हमेशा लड़ता रहेंगा । जिलाध्यक्ष संजय चौहान ने कहा कि सरकार कृषि यंत्रो से जीएसटी हटायें एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को दोगना करें जिससे किसान समृध्दि एवं खुशहाल होगा युवा जिलाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर ने बताया कि आगामी 4 अगस्त रविवार को अलीगढ़ के बौनेर चौराहा पर किसान सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ठाकुर भानु प्रताप सिंह होंगे एवं संगठन की सैकड़ों लोगों को सदस्यता ग्रहण करायी जायेगी । तहसील अध्यक्ष कोल गवेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों की सिंचाई के लिए 12 घंटे का आदेश लागू कर किसानों के हित में सराहनीय निर्णय लिया है । बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष राजू ठाकुर ने किया इस दौरान, प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान दास चौहान, प्रज्ञवीर सिंह ( राजू ) दीपक ठाकुर , रोहित सिंह, राजकुमार सिंह, राकेश ठाकुर, लता अग्रवाल , स्नेह सिंह चौहान, भगतसिंह चौहान, मनोज कौशिक, नितेश जादौन, मोनू राजोरिया, कुलदीप सिंह, सैनी सिंह , अतुल प्रताप सिंह, शालू ठाकुर, रंजीत तोमर, शेर खान, डॉ. शिवम सिंह, वीरपाल यादव, पिंटू शर्मा, संजीव गुप्ता, प्रज्वल सोलंकी प्रेम शंकर बघेल , पवन ठाकुर, विमल, आदि।

## फास्ट फॉरवर्ड

### वृक्ष की छाया मां के आंचल के समान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन। 'एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत इमामपुर गॉव में रविवार को नायब तहसीलदार शाहगंज श्री शैलेन्द्र कुमार की मौजूदगी में बागवानी खाते की जमीन में वृक्षारोपण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे फलदार वृक्ष आम के अलावा शुद्ध ऑक्सीजन देने वाले पौधे पीपल, बरगद, नीम तथा सागौन,लिफ्टस के पौधे लगाए गए। श्री शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि वृक्ष मां के आंचल के छाव के समान होते है। जिनकी छाया में हमेशा शीतलता बरसती है। इसलिए सभी लोगों को एक या एक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके पालने की जिम्मदारी लेनी चाहिए। गौरतलब है कि प्रधान संतलाल सोनी ने बताया कि उक्त भूमि विवादित थी। इसलिए सर्वप्रथम प्रशासन द्वारा राजस्व टीम को भेजकर पैमाइश कराई गई। बागवानी हेतु बची जमीन का सीमांकन कराया गया। ततपश्चात उसमे नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व से चले आ रहे विवाद का पटाक्षेप कर दिया गया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक लालबहादुर शर्मा, लेखपाल दूधनाथ, चन्द्र बली, शिवशंकर प्रजापति, मंडल अध्यक्ष मदन सोनी,रामबलीपाल, रामबचन यादव, कांस्टेबल ओकार, आदि मौजूद रहे।



### दो बाइकों की टक्कर में किशोर गंभीर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सरपतहा थाना क्षेत्र के रुधौली बाजार में रविवार दोपहर दो बाइकों में हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गांव निवासी चैतू बिंद अपने साथी ज्ञानू के साथ तेज रफ्तार में बाइक से कहीं जा रहा था। रुधौली बाजार में उसने अपने आगे जा रही बाइक में पीछे से तेज रफ्तार में टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बाइकें गिर पड़ीं। घटना में चैतू गंभीर रूप से घायल हो गया। चर्चा है कि चैतू नाबालिग था तथा उसके पास बाइक चलाने का लाइसेंस भी नहीं था।

### पुलिस ने चोरी की 3 बाइक, एक तमंचा, एक कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार पाठक, चौकी प्रभारी सतहरिया गंगा सागर मिश्र, कास्टेबल दुर्गेश गौड, गुलाब सिंह, भीम भारद्वाज के साथ रविवार को क्षेत्र में भ्रमण पर थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी की बाइक लेकर पुरऊपुर की ओर आ रहा है। तत्काल टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर उस अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मिथिलेश कुमार पुत्र राम निवास पटेल 19 वर्ष निवासी दोनैया चौराहा, थाना बहरिया, प्रयागराज बताया। जिसके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की तीन बाइक, एक तमंचा 315 बोर मय कारतूस व 220 रुपए नकद बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त को धारा 2(30), 317(2), 317(5), 319(2), 318(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### विधायक ने किया सीसी रोड, वाटर एटीएम का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बदलापुर। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने को क्षेत्र के प्रसिद्ध महाकाली मंदिर का निर्मित सीसी रोड का रविवार को विधिवत मंत्रोचार व पूजन अर्चन के साथ उद्घाटन किया। यह सड़क बहुत समय से जर्जर थी और दयनीय दशा में थी। विधायक ने सड़क की गुणवत्ता की प्रशंसा किया इस सड़क से रोजाना हजारों लोगों का आवागमन रहता हैं।यह सड़क बहुत लोगों को जोड़ेगी और उनको लाभ मिलेगा वही विधायक ने उक्त मार्ग पर भव्य गेट के लिए भूमिपूजन कर शिलान्यास भी किया। मौजूद लोगों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र की टूटी सड़कें जल्द से जल्द मरम्मत की जाएगी और ढाई साल में कोई भी विकास कार्य नही बचेगा। कार्यक्रम के उपरांत बाजार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम को सुना और बाजार में वाटर एटीएम का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुंवर मृगेंद्र सिंह शिव बाबा, धनंजय सिंह प्रधान,बद्री नारायण शास्त्री, ,विनोद तिवारी,अरविंद तिवारी, रामगुन, अंबुज तिवारी, राकेश तिवारी, मौजूद रहे।

### शिक्षिका को लगी गर्मी तो छात्राओं से ही झलवाने लगीं पंखा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सरपतहा थाना क्षेत्र के ऊंचगांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का एक वीडियो रविवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रासारित हुआ जिसमें विद्यालय की शिक्षिका कथित रूप से छात्राओं से ही गर्मी लगने पर पंखा झलवा रही हैं। वीडियो में लाइट न होने पर शिक्षिका छात्राओं को अपने पास बुलाकर उनसे पंखा झलवा रही हैं। उक्त विद्यालय में अक्सर छात्राओं के शोषण के आरोप लगते रहते हैं। साथ ही विद्यालय अक्सर शिक्षिकाओं के समय से न आने, छात्राओं को समय पर नास्ता, भोजना आदि न देने जैसी गतिविधियों को लेकर चर्चा में रहता है।

# हाथरस सत्संग हादसे के मृतकों के परिजनों को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर दिया एक-एक लाख का चेक

**✱ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीलीभीत पहुंचे सपा के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपे एक एक लाख के चेक**

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

**पीलीभीत/पूरनपुर।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुए सत्संग हादसे में जान गवाने वाले पीलीभीत के 03 मृतकों के परिजनों को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एव पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने एक एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता के चैक सौंपे पीलीभीत और लखीमपुर के लिए अखिलेश द्वारा बनाए गए प्रतिनिधि मंडल मे प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पीलीभीत जगदेव सिंह जग्गा सहित,सर्वश्री आनन्द भदौरिया सांसद, उत्कर्ष वर्मा सांसद, शशांक यादव पूर्व एम0एल0सी0 रामशरन पूर्व विधायक, रामपाल यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी लखीमपुर खीरी, डा0 राजपाल कश्यप प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ शामिल थे। परन्तु पहुँचने वाले प्रतिनिधि मंडल मे सिर्फ पूर्व विधानपरिषद सदस्य राजपाल कश्यप,शशांक यादव,रामपाल यादव,रामशरन के साथ जनपद के समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा रहे इसके अतिरिक्त बाहर से चलकर आए नेताओं मे पूर्व विधायक विनय तिवारी सहित कइ नेता शामिल थे आनंद भदोरिया,उत्कर्ष वर्मा मानसून सत्र मे होने की वजह से नही आ पाए। पूरनपुर की सीमा मे प्रवेश करने पर समाजवादी पार्टी के नेता पदाधिकारी वह कार्यकर्ता के साथ समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने पूर्व प्रत्याशी आरती महेंद्र अपने सैकड़ो समर्थको के साथ उन्हे रिसीव कर भव्य स्वागत किये जिसमे अखिलेश यादव जिंदाबाद, समाजवादी पार्टी जिंदाबाद के भव्य नारों से आकाश गूज उठा इसके बाद सभी सपाई एव प्रतिनिधि मंडल सीधे ग्राम बागर पहुँचा जहा पर पीड़ित परिजनों को मृतका स्व. रामदेवी के पति रामदीन एव उनकी बेटियों को एक लाख रूपए का चेक सौपा एव संवेदना प्रकट की इस दौरान भावुक रामदीन द्वारा पूर्व मे पहुंचे। पूरनपुर के बाद बीसलपुर के ग्राम चरखौला मृतका पायल के परिजनों को एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता का चेक सौपा,अन्त मे पीलीभीत के अयोध्यापुरम निवासी रामबेटी के परिजनों को एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता का चेक सौपकर सभी से संवेदनाए जताई एव प्रतिनिध मंडल द्वारा श्री अखिलेश यादव द्वारा भेजा गया शोक संदेश पढ़कर सुनाया गया। इसके उपरांत जनपद पीलीभीत के जिला कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेस कर हादसे को भाजपा की नाकामी बताया प्रतिनिधि मंडल ने सदस्य पूर्व विधान परिषद सदस्य राजपाल कश्यप ने वार्ता मे कहा ÷साकार हरी का ये कार्यक्रम कोई पहली बार नही हो रहा था समय समय पर ये होता रहता है जिसकी सूचना प्रशासन को भी होती है,पर फिर भी प्रशासन द्वारा शिथिलता बरती गई जिसका नतीजा ये हुआ सैकड़ो लोगो की जान चली गई एव हजारों लोग घायल हो गए भाजपा की नजर मे भक्तो के लिए जरा सा भी श्रद्धा भाव है तो नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस्तीफ़ा दे देना चाहिए ना की औपचारिकता निभानी चाहिए। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य शशांक यादव ने मृतको के परिजनों को प्रतिनिधि मंडल को चेक देते समय मृतको के प्रति माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी द्वारा प्रकट किये गए दुख एव संवेदनाओ को बताया साथ ही कहा की अखिलेश यादव को इस लिए ही ह्रदय सम्राट एव गरीबो और कमजोरो का हमदर्द कहा जाता है उनके सीने मे एक ऐसा दिल धड़कता है जो हर किसी के दुःख को महसूस करता है। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सपा जिला उपाध्यक्ष अकबर अहमद,अंसारी गयासुद्दीन मंसूरी, अमित पाठक, राजकुमार राजू,बीसलपुर की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी गंगवार, कुलदीप सिंह भुल्लर पिंटू यादव,कमलेश परिहार, ,नोमान अली वारसी,सैय्यद आसिफ अली कादरी,मीता सिंह,नजमूल हसन,हरीश वर्मा,बसंत भारती आदि सपाइयो की उपस्तिथि रही।






# वॉइस आफ मीडिया संगठन के पूरनपुर तहसील अध्यक्ष नियुक्त हुए सुनील शर्मा

जन एक्सप्रेस। डॉ इसरार अहमद



**पीलीभीत।** आज वॉइस आफ मीडिया संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम पाठक के पहली बार पूरनपुर तहसील में आगमन पर सभी पत्रकार साथियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। रविवार को पूरनपुर के राम होटल में एक कार्यक्रम वॉइस आफ मीडिया संगठन के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में तहसील पूरनपुर के पत्रकारों की मौजूदगी में पूरनपुर तहसील का तहसील अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा को नियुक्त किया गया सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि मैं अपने संगठन के प्रति ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करूंगा तथा तहसील अध्यक्ष के तौर पर समस्त पत्रकारो की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की कोशिश करते हुए संगठन को मजबूत करने में मदद करूंगा इस पर वॉइस आफ मीडिया संगठन के जिला अध्यक्ष डॉक्टर इसरार अहमद ने तहसील अध्यक्ष सुनील कुमार को संगठन का परिचय पत्र प्रदान किया इस मौके पर संगठन की जिला इकाई के पदाधिकारियों को भी प्रदेश अध्यक्ष प्रेम पाठक के द्वारा परिचय पत्र वितरित किए गये इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन की पांच सूत्रीय मांगों के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि वॉइस आफ मीडिया संगठन अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो भारत के सभी राज्यों में शक्रिय भूमिका निभाने के साथ साथ नेपाल व अन्य देशों में भी संगठन का कार्य जोरों से चल रहा है राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काले और संरक्षक पं0 रामशिरोमणि शर्मा के दिशा निर्देशन में संगठन देश में नंबर वन साबित होगा ऐसी मुझे उम्मीद है इसलिए सभी पत्रकार साथी संगठन को तहसील स्तर पर मजबूत करने में तहसील अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा जी को सहयोग प्रदान करें तभी हम सभी आगे मजबूती से खड़े रह सकते हैं। इस मौके पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप त्रिवेदी,पीलीभीत जिला अध्यक्ष डॉक्टर इसरार अहमद, कार्यकारी अध्यक्ष तारिक खान, मोहम्मद हनीफ, जयपाल वर्मा, अनिल कुमार, अरविंद मिश्रा, दिनेश कुमार,अमन मिश्रा, सर्वेश कुमार, नन्हे लाल कश्यप, राजेंद्र कौर, सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहें।

# मन की बात कार्यक्रम में पीलीभीत की वाघ मित्र योजना पर रहा फोकस

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की दूसरे एपिसोड के मन की बात सुनी, जिसमें खास तौर पर उन्होनें पीलीभीत की वाघ मित्र योजना और वाघ संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्यो की चर्चा की। उसके बाद राज्यमंत्री श्री गंगवार क्षेत्र से आयी जनता की फरियाद सुनी और उसके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने आज अपने संजय रॉयल पार्क स्थित जनसहयोग कार्यालय पर पी0एम0 मोदी की मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और मन की बात कार्यक्रम में पी0एम0 द्वारा दिये गये टिप्स को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम में पी0एम0 मोदी का फोकस खास तौर पर अन्य विषयों के अलावा पीलीभीत टाईगर रिजर्व में चलाई जा रही वाघ मित्र योजना का जिक्र किया जिसमें उन्होनें संदेश दिया की पीलीभीत टाईगर रिजर्व में वाघ मित्र योजना के जरिए वाघों के संरक्षण का कार्य उल्लेखनीय है जहा यह प्रयास चल रहा है कि वाघों और मानव में टकराव की स्थिति पैदा न हो। इसके अलावा उनकी बात में देश की सुरक्षा के साथ ही महिलाओं एवं युवाओं के रोजगार प्रमुख विषय रहे। उन्होनें विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के लिये कई अहम विषयों पर भी बात की। राज्यमंत्री श्री गंगवार पी0एम0 मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद क्षेत्र के दूरदराज स्थानों से आये आमजनों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दियें। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम निजामंडाडी निवासी पवन सिंह ने जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने और पेड़ों का अवैध रूप से कटान किये जाने की शिकायत की। ग्राम नकूड़ निवासी ग्राम प्रधान प्रेमवती, कालीचरन तिलकराम, ख्यालीराम, गुलाव सिंह आदि कई ग्रामीणों ने क्षेत्र में नाला निर्माण कराये जाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। ग्रामीणों ने कहा है कि बरसात के दिनों में यह नाला झील के रूप में हो जाता है जहा से ग्रामीणों को आवागमन मुश्किल हो जाता है। शहर के वार्ड न 23 के सभासद श्यामलता एवं पूर्व सभासद मनोज कुमार मिश्रा ने वार्ड में जर्जर विधुत लाईने बदलवाने की मांग की है। इसके अलावा सुभाष चन्द्र आनन्द, उजैर शम्सी, आमेर शम्सी, इकवाल हुसैन, जुनैद, प्रवीन कुमार, सम्भू आदि ने प्रार्थना पत्र देकर मेन बाजार स्थित रामस्वरूप पार्क के पास अवैध रूप से किये जा रहे अतिक्रमण हटाने की मांग की है। राज्यमंत्री श्री गंगवार सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है: औलख

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




भारतीय जनता पार्टी की ओर से केन्द्रीय बजट संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख रहे। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर केन्द्रीय बजट संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संगोष्ठी में प्रभारी मंत्री औलख ने बजट के प्रमुख बिंदुओं पर गहराई से प्रकाश डाला और इसे सभी देशवासियों के लिए लाभकारी बताया। श्री औलख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बजट की तारीफ करते हुए बताया कि इस बजट में उद्योग और उद्यमियों के लिए नीतियों को सशक्त बनाया गया है। वहीं कृषि क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। देश की सामरिक दृष्टि से मजबूती के लिए रक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि गांव और शहर के लोगों की सहुलियत के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना को बढ़ावा दिया गया है। आमजनों की सभी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी तरह से सहयोग किया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, गुलशन आनंद, गोकुल प्रसाद मौर्य, लेखराज भारती, शांति स्वरूप सोनकर गुरुभाग सिंह, स्वतंत्र देवल सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन दिनेश पटेल ने किया।

## नपा कर्मी से हाथापाई करने वाले दो भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**✱ शनिवार को अतिक्रमण हटवाते समय दोनो ने नपा कर्मी से की थी हाथापाई**

मुंगरा बादशाहपुर। नगर पालिका प्रशासन द्वारा बीते शनिवार को अतिक्रमण हटवाते समय दो भाईयो द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए नगर पालिका कर्मियो के साथ हाथापाई करते हुए अभद्र व्यवहार करने पर एक पालिका कर्मी की तहरीर पर पुलिस ने बीती रात मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। शनिवार को शाम करीब 4 बजे से नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर में हुए अतिक्रमण को हटवाया जा रहा था। उसी दौरान शाम करीब साढ़े चार बजे सहाबगंज निवासी राजेश कुमार केशरवानी व संजय कुमार केसरवानी पुत्रगण कृष्ण कुमार केसरवानी के दुकान पर टीम पहुंची तो उक्त दोनों लोगो ने हुए अतिक्रमण को हटाने से मना कर दिया। जब नगर पालिका कर्मी स्वयं नाली के आगे तक फैले दुकान के सामानों को हटाने लगे तो उक्त दोनों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए कर्मचारियों के साथ हाथापाई करते हुए अभद्र व्यवहार किया और गाली गलौज देते हुए नगर पालिका कर्मियो और अधिकारियों को देख लेने की धमकी तक दे डाली। शनिवार को देर शाम नगर पालिका कर्मी सतीश कुमार पुत्र कौशल किशोर से मिली तहरीर के आधार पर उक्त दोनों के विरुद्ध मुंगरा बादशाहपुर पुलिस ने धारा 221, 223, 224, 115(2), 352, 351(2), 121 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने बताया कि नगर पालिका कर्मी के तहरीर पर दोनो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ के खिलाफ़ सभासदों ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



बदलापुर रविवार को बदलापुर नगर पंचायत कार्यालय गेट पर पहुचें करीब एक दर्जन सभासदों ने अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिए।बताते चले कि आक्रोशित सभासदों ने अधिशासी अधिकारी और चेयरमैन के कार्य प्रणाली से नाराज होकर नगर पंचायत कार्यालय पर ही विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाएं है कि करीब डेढ़ वर्ष बीत गया,लेकिन सभासदों द्वारा विकास कार्यों के लिए दिए गए एक भी प्रस्ताव पर कार्य नहीं हुआ। अध्यक्ष व ईओ द्वारा हम सभी सभासदों के प्रस्ताव और प्रार्थना पत्रों को कूड़ेदान में फेंकने का आरोप लगाएं है। सभासदों ने यह भी आरोप लगाएं कि नगर पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है। जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी है,पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है।सिर्फ जाति विशेष का कार्य हो रहा है।इतना ही नहीं बल्की कार्य कुछ हो रहा है चेक कुछ और का काटा जा रहा है।डस्टबिन नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सड़ रही है लेकिन बदलापुर नगर पंचायत वार्ड व सार्वजनिक स्थलों पर देखने को नहीं मिल रही है।साथ ही साथ यह भी आरोप है कि नगर पंचायत कार्यालय से हर माह करीब सौ से अधिक सफाई कर्मियों का बेतन उठाया जाता है?।जबकि नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड नामित है हर वार्ड में दो से अधिक सफाई कर्मी दिखाई नहीं देते हैं।हम सभासदों द्वारा विकास के लिए दिए गए प्रस्तावों को अधिशासी अधिकारी व नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा कचरा के डिब्बे में फेककर वह अपने मन मुताबिक प्रस्ताव के आधार पर सिर्फ अपने चहेतों के हित में मानक के विपरीत कार्य कराते हैं।उपस्थित सभासदों द्वारा अपने नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी पर और कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहे कि अब मनमानी नही चलेगी,यदि हम सभासदों की बात नहीं सुनी गई तो धरना प्रदर्शन के साथ साथ तालाबंदी कर आगे उग्र होने की चेतावनी भी दिए है?।इस मौके पर बदलापुर नगर पंचायत के सभासद राजेश शाहू,अमरजीत राजा, लक्ष्मण सिंह, पुष्पा सरोज के पति इन्द्र जीत सरोज, नागेन्द्र कुमार उर्फ राजू प्रतिक्षा सिंह के पति मोहित सिंह,फूल चंद विश्वकर्मा,रूबी नाजियां के पति शेर अली,लक्ष्मी नारायण पाण्डेय उर्फ बबलू,संदीप शुक्ला आदि लोग रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल तमाम समस्याओं को लेकर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री को देंगे ज्ञापन: देवेश बंसल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**✱ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पीलीभीत की कोर कमेटी की जिला अध्यक्ष देवेश बंसल की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न**

**✱ सितम्बर माह में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा व्यापारी दिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूम धाम से मनाया जायेगा: देवेश बंसल**



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, पीलीभीत की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष देवेश बंसल की अध्यक्षता में शहर में स्थित एक होटल में सम्पन्न हुई।बैठक में नगर इकाई पीलीभीत, नगर इकाई बीसलपुर, नगर इकाई पूरनपुर के साथ- साथ जिले की युवा इकाई के अध्यक्ष व महामंत्री एवं जिले के अन्य पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। व्यापारियों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को बताया व उसके पश्चात यह तय किया गया की उसका निवारण किस प्रकार किया जाना है । जिन समस्याओं के बारे में बैठक में मुख्यतः चर्चा की गयी उसमें बीसलपुर व पूरनपुर में बिजली की समस्या व जनपद पीलीभीत में बाढ़ की समस्या उत्पन्न होने के पश्चात बहुत से सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गये हैं जिसके कारण जनपद पीलीभीत से आवागमन बहुत ज्यादा प्रभावित है और जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। इस समस्या के निस्तारण के लिए यह तय किया गया की सांसद व केन्द्रीय मंत्री जतिन प्रसाद के जनपद आगमन पर उन्हें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा ज्ञापन सौंपा जायेगा, जिसमें यह आग्रह किया जायेगा कि इसका निवारण जल्द से जल्द किया जाये। जिला अध्यक्ष देवेश बंसल ने सभी उपस्थित व्यापारियों से कहा कि सितम्बर माह में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा व्यापारी दिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूम धाम से मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल व्यापारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए स्वयं उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिले के विभिन्न नगरों की सभी इकाईयाँ एवं जनपद के भाई भाग लेंगे। साथ ही इसी दिन जिला सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से लगभग 500 से अधिक व्यापारी आयेंगे।नगर इकाई बीसलपुर के नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र अग्रवाल ने जिला अध्यक्ष देवेश बंसल से यह आग्रह किया कि सितम्बर माह में होने वाले व्यापारी दिवस व जिला सम्मेलन को करने का अवसर इस बार बीसलपुर की नगर इकाई को दिया जाये जिससे की बीसलपुर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल को मजबूती मिल सके। उनके इस आग्रह का सभी ने समर्थन किया व यह ऐलान किया गया जनपद पीलीभीत में होने वाला व्यापारी दिवस व जिला सम्मेलन सितम्बर माह में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की उपलब्धता अनुसार बीसलपुर में बहुत जोर शोर के साथ आयोजन किया जायेगा।जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल ने बताया कि इस समारोह में जिले के प्रत्येक नगर से व्यापारिक क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाले व्यापारियों को सम्मानित भी किया जायेगा। जिला नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि बड़े ही गौरव का विषय है कि व्यापार मण्डल अपना स्थापना दिवस मना रहा है उन्होंने ने सभी व्यापारियों से पूर्ण सहयोग का आवाहन किया। पूरनपुर अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता एवं महामंत्री हरगोविन्द वाजपेई ने कहा कि हमेशा की तरह व्यापारी दिवस पर पूरनपुर टीम बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेगी। जिला युवा अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने सभी युवा व्यापारी भाईयों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की साथ ही इस कार्यक्रम को भव्य रुप देने का आग्रह किया। बैठक में नगर महामंत्री नवीन लोधी, जिला संगठन महामंत्री मो0 अज़ीम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, बीसलपुर नगर महामंत्री दीपक अग्रवाल, नगर संगठन महामंत्री सुनील गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, अनुज कुमार, जिला युवा महामंत्री करनदीप सिंह, सुधांशु शर्मा, हाजी लाड़ले, विक्की अग्रवाल, कौशल अग्रवाल, ईश बंसल, यश अग्रवाल, शुभम सहित अनेको व्यापारी उपस्थित थे।

# शिवराजपुर शिवली मार्ग पर लोडर और बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**✻ चाचा-भतीजे घर वापस लौट रहे थे, रास्ते में भतीजे की हुई मौत**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर थाना अंतर्गत शिवराजपुर से शिवली जाने वाली सड़क पर रविवार को तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चाचा भतीजे में गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्ती थी घटनास्थल पर ही भतीजे की मौत हो गई और चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। सुजान निवादा गांव निवासी छात्र अभिषेक उर्फअरुण सिंह (18) पुत्र नरेश सिंह सेना में जाने के लिए एनसीसी की तैयारीकर रहा था। रविवार को वह अपने चाचा सुरेश कुमार के साथ किसी कामसे शिवराजपुर आया था और वहां से घर वापस लौट रहा था। तभी कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर मधई निवादा गांव के सामने एक तेजरफ्तार लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में चाचा-भतीजेदोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दोनों युवकों को सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद अभिषेक उर्फ अरुण को मृत घोषित कर दिया और सुरेश को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में कानपुर हैलटअस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं घटना की जानकारी के बाद मौकेपर पहुंचे परिजनों में मृतक का शव देखा चीख-पुकार मच गई। वहीं घटनाके बाद लोडर चालक लोडर को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

**फौज में जाना चाहता था अभिषेक**

मृतक छात्र अभिषेक के पिता खेती किसानी कर परिवार का भरण-पोषणकरते हैं और मां एक सामान्य ग्रहणी है। मृतक का सपना सेना में शामिलहोकर देश सेवा करने का था और इसके लिए वह एनसीसी में शामिलहोकर तैयारी भी कर रहा था।

**पुलिस ने हद कर दी**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 2:15 पर पत्र थाने चला गया और 6:34 पर पुलिस थाने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया आखिरकार मीडिया में खबर चलने और उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लेने के बाद में थानाध्यक्ष ने पुलिस को भेज कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। आखिरकार डीसीपी विजय ढुल के तबादला होने के बाद नए अधिकारी के बदलते ही पुलिस के तेवर भी ठंडे हो गए थाना प्रभारी सुबोध कुमार सिंह के अनुसार मृतक के शव को पोस्टमार्टम केलिए भेजा गया है। लोडर को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डामरीकृत सड़क पर जलभराव बना मुसीबत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में एनएचआई 34 के निर्माण में पीएनसी कंपनी द्वारा अपने साधन लगाकर समय से पहले सड़क तैयार कर दिया लेकिन उसमें मिट्टी ढोने के लिए भारी डंपर और मशीन लगाई गई थी वह क्षेत्र से ज्यादातर गंगा कटरी के किनारे से मिट्टी रात दिन ढोई गई वहीं पर रातदिन सड़कों से मिट्टी का आवागमन हुआ था वह सडके गढ्ढो से बढ़कर तालाबनुमा तब्दील हो गई वहीं पर इन सड़कों का मरम्मती करण का काम पीएनसी द्वारा कंपनी द्वारा कराया जाना था लेकिन उन्होंने केवल लगभग 20 मी ही राजेपुर गुमटी (रेलवे फाटक) जीटी रोड से गदनपुर आहार तक जाने वाली सड़क पर डामरी करण करा दिया गया। और छोड़ दिया आखिरकार इस रोड के टूटने से लगभग 4 वर्षों (2019)से जनता की ओर ध्यान देने वाला कोई जन प्रतिनिधि से लेकर लोक निर्माण विभाग का अधिकारी नहीं झांकने तक आया इस खबर को प्रमुखता से कई अखबारों ने प्रकाशित भी किया लेकिन स्थिति बद से बत्तर होती चली गई इन दिनों छुटपुट बारिश में भी रोड पर जगह-जगह पानी भरा हुआ है जिससे वाहनों को निकलते हैं तो वह बड़े गढ्ढे में तब्दील हो गया है तालाबों की तरह स्थित है सड़क की चार पहिया वाहन अक्सर यह तो फस जाते हैं या नीचे कोई ना कोई टूट हो जाती है। इस सड़क से लगभग दो दर्जन गांव का आवागमन होता है।

# पूर्व सांसद के विरुद्ध धरना देने आए अमिताभ ठाकुर को पुलिस ने थमाया नोटिस

**✻ सीमा पर रोककर किया बैरंग वापस, जबकि पुलिस पर पूर्व सांसद के अत्याचार के खिलाफ बोल रहे थे अमिताभ**

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



पूर्व सांसद के खिलाफ अनिश्चित कालीन सत्याग्रह करने कन्नौज जा रहे पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को पुलिस ने जिले की सीमा पर रोक लिया। यहां उन्हें एक नोटिस देकर अंदर नहीं घुसने दिया। जिसके बाद वह वापस लखनऊ लौट गए।
आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर, उनकी पत्नी डॉ.नूतन ठाकुर के साथ शैलेंद्र अस्थाना, शहजाद अली और रणजीत सिंह लखनऊ से कन्नौज आ रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर सीमा पर सीओ सिटी कमलेश कुमार और कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा बॉर्डर पर पहुंचे। जहां उनकी कार रोक ली और कन्नौज की सीमा में प्रवेश करने से रोक दिया। यहां उन्हें पुलिस की ओर से धारा 168 बीएनएसएस का एक नोटिस थमाया गया।
जिसमें हवाला दिया गया कि अनिश्चित कालीन धरने के लिए पूर्व आईपीएस अधिकारी ने किसी सक्षम अधिकारी से कोई अनुमति नहीं ली।

**कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी की जा सकती है**

इसके अलावा जो धरना स्थल प्रस्तावित है, वो एक बाजार है। वहां धरना-प्रदर्शन करने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित होगी और यातायात व्यवस्था में व्यवधान होगा। इसके अलावा आजाद अधिकार सेना के असामाजिक प्रकृति के कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी की जा सकती है। नोटिस में कहा गया कि आपके द्वारा संज्ञेय अपराध किए जाने की सूचना है। जिससे कानून व्यवस्था में अप्रिय स्थित उत्पन्न हो सकती है। इसलिए धरना निषिद्ध कर आपको जिले में प्रवेश करने से रोका जाता है।

**भाजपा सरकार अपना रही दोहरा चरित्र**

अमिताभ ठाकुर ने इस आदेश को अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों की पिटाई करने वाले भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के खिलाफ उनकी पार्टी कार्रवाई करवाकर ही दम लेगी। भाजपा सरकार अपराधियों पर अंकुश लगाने के मामले में दोहरा चरित्र अपना रही है। यही वजह है कि खुद की पार्टी के नेता द्वारा अपराध किए जाने पर सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही।

# भाजपा नेताओं ने केंद्रीय बजट को बताया सर्वस्पर्शी और समावेशी




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेस किए गए आम बजट को लेकर जिला संगठन द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण, जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सहित जिला संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बजट पर चर्चा करते हुए मंत्री असीम अरुण ने कहा की यह बजट सर्व स्पर्शी सर्व समावेशी बजट है यह बजट आधुनिक भारत का बजट है इस बजट में उत्तर प्रदेश को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया। केंद्र सरकार के बजट में वित्त मंत्री ने उत्तर प्रदेश के विकास के लिए 2.44 लाख करोड का आवंटन किया है इस बजट से राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग और ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। बजट में मोदी जी ने किसान, नौजवान और महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है वही पीएम सूर्य योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत इस बजट से उत्तर प्रदेश में 20 लाख परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है। अब प्रदेश को 10 और नए राष्ट्रीय राजमार्ग मिलेंगे। इस बजट के जरिए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की एक मजबूत नींव रखने का काम केंद्र की मोदी सरकार ने किया है। वही जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश की सरकार ने आवास योजना तहत गरीब को छत देने का काम किया है उसी को और आगे बढाते हुए इस बजट में 20 लाख शहरी पीएम आवास और 25 लाख ग्रामीण पीएम आवास को शामिल किया है आने वाले समय में सभी के पास अपना घर होगा वही नई टैक्स नीति से 11 लाख राज्य कर्मचारियों को लाभ मिले गा। जहां विपक्ष द्वारा बजट में उत्तर प्रदेश को कुछ नहीं मिलने की मिलने की भ्रम फैलाया जा रहा है लेकिन बजट में उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक अंश मिला है केंद्र सरकार से सहायता प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करेगी एवं प्रदेश को तीन ट्रिलियन इकोनामी के संकल्प को हासिल करेगा। यह बजट राम राज्य के संकल्प को साकार करने वाला है। इस संगोष्ठी में
श्याम स्वरूप चतुर्वेदी, हरिबक्ससिंह, रामवीर कठेरिया, शैलेन्द्र द्विवेदी, भरत पाल, मिथलेश बाथम राज भदौरिया, सचिन शर्मा, नीरज बाथम, हिमाशु सक्सेना, अशोक सिंह, विशाल दुबे, शरद मिश्रा, सुमन परासर, श्यामू राजपूत, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।।

## सावन के दूसरे सोमवार पर गंगा स्नान को लेकर प्रशासन एलर्ट, कई मजिस्ट्रेट लगाए गए

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

श्रावण सोमवार के अवसर पर कन्नौज जनपद व हरदोई के मध्य बहने वाली गंगा नदी स्थित मेंहदीघाट पर गंगा स्नान करने केवल जनपद के ही नहीं बल्कि निकटवर्ती जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, बच्चें, बुजुर्ग एवं महिलाएं गंगा स्नान हेतु आते हैं। द्वितीय श्रावण सोमवार को गंगा स्नान पर्व पर आये हुये श्रद्धालुओं को सकुशल स्नान कराने एवं कानून/शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में रामकेश सिंह, उप जिला मजिस्ट्रेट, कन्नौज एवं उमाकान्त तिवारी, उप जिला मजिस्ट्रेट, छिबरामऊ की तैनाती की है द्य इसी प्रकार सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में राजीव कुमार मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी एवं राजेन्द्र प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अमित कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, कन्नौज व जितेन्द्र कुमार, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी और आवेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी के साथ ही सतीश कुमार कन्नौजिया, नायब तहसीलदार कन्नौज के साथ ही साथ मनीष सिंह,सहायक अभियन्ता सिचाई खण्ड कन्नौज की तैनाती की है द्य यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) आशीष कुमार सिंह ने दी द्य उन्होंने बताया है कि उक्त के अतिरिक्त नवनीता राय, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर को निर्देशित किया गया है कि वह उप जिला मजिस्ट्रेट सदर के साथ समन्वय स्थापित कर मेहदीघाट पर गंगा स्नान सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करेंगी तथा प्रभारी तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर ग्राम गंगागंज स्थित श्रावण सोमवार के उक्त पर्व पर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का निरन्तर पर्यवेक्षण करेंगे। एडीएम ने बताया कि श्रद्धालुओं का स्वयं के वाहनों एवं किराये के वाहनों द्वारा रविवार की देर शाम से आना प्रारम्भ हो जायेगा तथा सोमवार को प्रातः 04:00 बजे से श्रद्धालु गंगा स्नान करेंगे।

## किसान का फंदे से लटका मिला शव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**अचलगंज।** रहाहार गांव में अधेड़ किसान घर से कुछ दूर फंदे से लटका मिला। परिजनों ने पड़ोसियों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी की पुष्टि हुई है।
अचलगंज थानाक्षेत्र के रहाहार गांव निवासी संतू (53) खेती कर परिवार का पालन पोषण करता था। शनिवार सुबह चार बजे उसका शव गांव के भीमशंकर के खेत में नीम के पेड़ पर गमछे के फंदे से लटका मिला। भतीजे रज्जन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पत्नी संता ने बताया कि गांव में छह साल पहले झगड़ा हुआ था। मारपीट में नंदलाल के बेटे बोरे की मौत हो गई थी। उन लोगों ने मौत का बदला मौत की बात कही थी। उस घटना में जो लोग जेल गए थे, वह दो साल बाद छूटकर बाहर आ गए थे।

## सीएचसी में 19 साल बाद एक्सरे शुरू

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**सफीपुर।** सीएचसी का दर्जा मिलने के 19 साल बाद एक्सरे शुरू हुए हैं। 2.37 लाख आबादी के लिए स्थापित इस सीएचसी में शनिवार को एक्सरे शुरू हुए। सफीपुर पीएचसी को वर्ष 2005 में सीएचसी का दर्जा मिला था। लेकिन यहां एक्सरे सुविधा नहीं थी। अमर उजाला ने सीएचसी की बदहाली को प्रमुखता से उठाया था। इस पर अप्रैल में शासन की ओर से 22 लाख कीमत की एक्सरे मशीन भेजी गई थी, लेकिन कुछ उपकरण न होने संचालन नहीं शुरू हो सका था। उपकरण आने और लगाने के बाद शनिवार को एक्सरे शुरू हो गए। क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने फीता काटकर शुभारंभ किया। अब मरीजों को निजी पैथोलॉजी से एक्सरे नहीं कराने पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि यहां रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती का प्रयास किया जा रहा है, ताकि मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी मिल सके। शुभारंभ के बाद एक्सरे टेक्नीशियन अदिति सिंह ने मवई लाल गांव निवासी मरीज विपिन का पहला एक्सरे किया। इस दौरान अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा, डॉ. बृजेश सिंह,डॉ. लवकुश शुक्ला, सचिन दीक्षित, सचिन सिंह , इकबाल शंकर आदि मौजूद रहे।

**बोले मरीज**

- महदीखेड़ा गांव निवासी सुमन को फेफड़े में दिक्कत है। अबतक उन्हें बाहर से एक्सरे कराने पर हर बार तीन से चार सौ रुपये खर्च करने पड़ते थे। अब इसी सरकारी अस्पताल में सुविधा मिलने से बचत होगी।
- मोहल्ला सराय सूबेदार पूर्वी निवासी लल्ला तिवारी ने बताया कि कई बाहर एक्सरे कराना पड़ा। लेकिन अब यह सुविधा सरकारी अस्पताल में शुरु होने से राहत मिलेगी। उन लोगों की पैसे और समय की बचत होगी।

# नाले में मिला पांच दिन से लापता किशोर का शव



**✻ डिप्टी सीएम के निजी आवास के सामने नाले में पांच दिन से लापता किशोर का शव मिला है।**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जिले में पांच दिन से लापता युवक का शव आवास विकास कालोनी में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निजी आवास के सामने मिला। दुर्गंध आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। दही थाना पुलिस के मुताबिक नाला सफाई के दौरान हटाया गया ढक्कन पत्थर बंद न किए जाने से गिरकर मौत हुई है। दही थानाक्षेत्र के राजेपुर गांव निवासी शिवा (17) पुत्र विनोद, दही चौकी स्थित एक स्लाटर हाउस में मजदूरी करता था।
23 जुलाई को घर से बिना बताए निकला था। रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने दही थाने में सूचना दी थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मृतक की मां चंद्रावती के मुताबिक परिवार के लोगों ने एसपी कार्यालय में भी बेटे के लापता होने की जानकारी दी लेकिन थी। रविवार दोपहर नाले से तेज दुर्गंध आने पर लोगों ने देखा तो युवक का शव नजर आने पर दही थाना पुलिस को जानकारी दी। मृतक की मां ने हत्या करके शव को नाले में फेंकने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष अनुराग सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। नाले में गिरने से मौत होने का अनुमान है। कुछ दिन पहले नगर पालिका ने नाला की सफाई कराने के लिए नाले के करीब एक मीटर के हिस्से के कंक्रीट ढक्कन हटवाया गया था, लेकिन उसे फिर नहीं लगाया गया। उनके मुताबिक नाले में गिरने से मौत होने का अनुमान है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई**

जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका ईओ ने एसके गौतम ने बताया कि नाला सफाई कब हुई, किसने कराई और खुला क्यों छोड़ा गया इसकी जांच कराई जाएगी। अगर नाले में गिरने की वजह से किशोर की मौत होने की पुष्टि होती है, तो संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को पंजाब पुलिस ने पकड़ा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**पाटन।** बिहार थानाक्षेत्र के गांव जप्सरा निवासी जितेंद्र उर्फ पूती पंजाब के लुधियाना में मजदूरी करता था। तीन माह पहले उस पर लुधियाना डिवीजन चार थाने में सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। घटना के बाद वह भाग आया था और गांव में रह रहा था। पंजाब पुलिस तलाश कर रही थी। न्यायालय में पेश न होने पर वारंट जारी हुआ था। शुक्रवार शाम पंजाब पुलिस के दारोगा कुलबीर राज दो सिपाहियों के साथ बिहार थाने पहुंचे। स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी के घर पर छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। दारोगा ने बताया कि जिस महिला के साथ घटना हुई वह भी इसी थानाक्षेत्र की रहने वाली है। वह वर्तमान समय में लुधियाना में रह रही है।

## ओवरटेक करते समय बस से भिड़ी वैन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**अचलगंज।** उन्नाव-लाललगंज हाईवे पर ओवरटेक करते समय वैन रोडवेज वैन से टकरा गई। हादसे में वैन चालक और छह शिक्षिकाएं घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने सभी को एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन कानपुर लेकर चले गए।
बीघापुर ब्लॉक क्षेत्र में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में तैनात शिक्षिकाओं में कानपुर साकेत नगर की साक्षी जडेजा (36), रजनी गुप्ता (38), यशोदा नगर की शिखा (40), नेहा (37), जाजमऊ की मोनिका (39) और राजेश सिंह राठौर (40) स्कूल से छुट्टी के बाद वैन से घर जा रहे थे। वैन कानपुर यशोदा नगर निवासी छुन्ना पाल चला रहे थे। शाम करीब चार बजे उन्नाव-लालगंज हाईवे पर पचोड्डा गांव के पास चालक ने रोडवेज बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया, तभी बस से वैन टकरा गई।
इसी दौरान उधर से गुजर रहे भाजपा के मंडल अध्यक्ष अजय बाजपेयी ने सभी को एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र भेजा। सूचना पर परिजन पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे वाहनों से कानपुर लेकर चले गए। शिक्षिका रजनी गुप्ता के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। अन्य को मामूली चोटें आई हैं। शिक्षिकाएं मगड़ायर, बीघापुरकला, राजेपुर गढेवा,अमरपुर गांव के स्कूलों में तैनात हैं। थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि एक शिक्षिका को छोड़ अन्य को मामूली चोटें आई हैं।
परिजन कानपुर लेकर चले गए।

# जननायक एक्सप्रेस की ब्रेक जाम



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जननायक एक्सप्रेस ट्रेन के ब्रेक अचानक जाम होने से खलबली मच गई। ट्रेन को उन्नाव जंक्शन पर रोका गया। मेंटिनेंस विभाग की टीम ने मरम्मत की और करीब 10 मिनट बाद ट्रेन को रवाना किया गया।
दरभंगा से चलकर जननायक एक्सप्रेस ट्रेन बुढवाल-सीतापुर रेलमार्ग से होते हुए अमृतसर जाती है। लेकिन इस मार्ग पर रेलवे ट्रैक पर काम चल रहा है। इससे ट्रेन का मार्ग बदला गया है। यह ट्रेन लखनऊ से वाया उन्नाव- कानपुर होते हुए अमृतसर जा रही है। शनिवार सुबह 10:30 बजे ट्रेन लखनऊ से चलकर कानपुर की ओर जा रही थी। उन्नाव जंक्शन के आउटर पर ट्रेन के ब्रेक शू में कुछ दिक्कत आ गई। इससे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर चालक ने ट्रेन रोकी।
गार्ड ने इसकी जानकारी मेंटिनेंस विभाग को दी। अचानक ट्रेन रुकने से यात्रियों में खलबली मच गई। जांच के बाद अधिक दिक्कत न होने पर 10 मिनट बाद ट्रेन को रवाना किया गया। तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली। स्टेशन मास्टर सुधांशु मोहन ने बताया कि ट्रेन का रूट बदला गया है। इससे यह ट्रेन उन्नाव होकर निकाली जा रही है। कुछ तकनीकी समस्या थी, लेकिन 10 मिनट बाद ट्रेन रवाना कर दी गई थी।

## उन्नाव-हसनगंज मार्ग पर अब दो बसों का होगा संचालन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव से हसनगंज-उन्नाव मार्ग पर एक और बस चलाने का निर्णय लिया गया है। एक अगस्त से दो बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। 22 जुलाई को तहसील हसनगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम गौरांग राठी को क्षेत्र के कुछ लोगों ने प्रार्थनापत्र दिया था। इसमें तहसील हसनगंज से जिला मुख्यालय तक उप्र राज्य सड़क परिवहन (रोडवेज) की बस चलाए जाने का अनुरोध किया गया था। डीएम ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) से जानकारी मांगी थी। एआरएम ने बताया था कि पूर्व में उन्नाव से हसनगंज की बस सेवा संचालित थी लेकिन आय कम होने से रोडवेज सेवा को उन्नाव से रायपुरगढ़ी तक विस्तारित कर दिया गया था। वर्तमान में सुबह 11:30 बजे एक बस उन्नाव से चलकर रायपुरगढ़ी से हसनगंज होते हुए दिल्ली तक जाती है। एआरएम जीसी वर्मा ने बताया कि अब एक और बस उन्नाव-हसनगंज से लखनऊ तक चलाई जाएगी।

# खाद्य निगम के लिपिक के घर में 22 लाख की चोरी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

हनुमान नगर मोहल्ले में रहने वाले भारतीय खाद्य निगम के लिपिक के घर से चोरों ने 20 लाख की नकदी-जेवर और ढाई लाख की घड़ी चोरी कर ली। कोतवाली पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची। खोजी कुत्ता घर से 100 मीटर दूर एक प्लॉट तक जाकर लौट आया।
सदर कोतवाली के हनुमान नगर मोहल्ला निवासी पुरुषोत्तम सिंह उर्फ पुष्कर भारतीय खाद्य निगम में लिपिक हैं। मौजूदा समय में लखनऊ में तैनात हैं। 22 जुलाई को वह पत्नी प्रियंका के साथ लखनऊ गए थे। प्रियंका एलएंडटी कंपनी में कार्यरत हैं और वह भी लखनऊ में तैनात हैं। यहां घर में मां कमला और भाई नरोत्तम रहता है। कमला के मुताबिक, वह पहली मंजिल पर सो रही थीं। शनिवार सुबह वह जब वह नीचे आईं तो कमरे का ताला टूटा मिला और अलमारी खुली थी।
दीवार पर जूते के हल्के निशान हैं, इससे चोरों के दीवार फांदकर घर में घुसने का अनुमान है। लिपिक की सूचना पर कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्र फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची और जांच की। जांच के दौरान खोजी कुत्ता घर से करीब 100 मीटर दूरी तक गया और फिर लौट आया। कोतवाल ने बताया कि जिस कमरे में चोरी हुई उसका ताला टूटा था लेकिन अलमारी का ताला खोलकर जेवर-नकदी निकाली गई है।
चोरी करने वाला यह भी जानता था कि अलमारी की चाभी उसी कमरे में रखी है।
उसने एक कोने में रखी चाभी उठाकर अलमारी को खोला है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। परिजन ज्यादा कुछ बता नहीं रहे हैं। जांच की जा रही है।

# 1.35 करोड़ से होगी पांच प्रमुख सड़कों की मरम्मत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जिले में दो क्षेत्रों को जोड़ने वाले कई ऐसे संपर्क मार्ग हैं जो लंबे समय से क्षतिग्रस्त हैं। आवागमन में लोगों को परेशानी होती है। कई मार्ग तो पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गए हैं। कहीं पर गिट्टियां बाहर झांकने लगी हैं। वाहन सवार गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। पूर्व में पीडब्ल्यूडी ने सर्वे कराकर इन मार्गों को चिह्नित किया था। इनमें अभी पांच प्रमुख मार्गों का चयन किया गया, जिनकी मरम्मत की मंजूरी शासन से मिल गई है। विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही निर्माण शुरू होगा।

**एक लाख की आबादी को मिलेगा लाभ**

इन पांच मार्गों की विशेष मरम्मत कराई जाएगी। इसमें ध्वस्त मुख्य मार्ग शामिल किए गए हैं। करीब एक लाख की आबादी को फायदा मिलेगा। इससे आवागमन सुलभ होगा। उम्मीद है कि इन मार्गों के बन जाने से हिचकोले खाते सफर से निजात मिल जाएगी।

**इन मार्गों की होगी विशेष मरम्मत**

1- भैंसई-नौबस्ता संपर्क मार्ग- अनुमानित लागत 20.67 लाख
2- बदरका से बाबाखेड़ा संपर्क मार्ग- लागत 29.68 लाख
3- बदरका सुपासी संपर्क मार्ग- लागत 24.78 लाख
4- एजीजी से छरियाखेड़ा संपर्क मार्ग- लागत 31.59 लाख
5- सातन खरौली से रानीपुर संपर्क मार्ग- लागत 29.04 लाख

# दिल्ली की कोचिंग में 3 स्टूडेंट की मौत

## हिरासत में मालिक और कॉर्डिनेटर, आरएएफ की हुई तैनाती, स्टोरेज के लिए मिली थी एनओसी

**दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने डिविजनल कमिश्नर से मंगलवार तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में शनिवार शाम को हुई बारिश के चलते ओल्ड राजेंद्र नगर के राउ आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया। जलभराव के कारण 3 स्टूडेंट की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शाम 7 बजे सूचना मिलने के बाद एनडीआरएफ को बुलाया गया। देर रात को 3 स्टूडेंट के शव और 14 छात्रों को सुरक्षित निकाला गया। शनिवार रात को बिल्डिंग में पावर कट के कारण बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी का बायोमेट्रिक गेट जाम हो गया। स्टूडेंट अंधेरे में लाइब्रेरी के अंदर फंस गए। गेट बंद होने के कारण पानी शुरुआत में बेसमेंट में नहीं घुसा था, लेकिन कुछ मिनट बाद ही पानी का प्रेशर तेज हुआ और गेट टूट गया। गेट टूटने के बाद पानी तेजी से बेसमेंट में भरने लगा। चश्मदीद ने बताया कि बहाव इतना तेज था कि सीढ़ियां चढ़ना मुश्किल हो रहा था। कुछ सेकेंड में ही घुटनों तक पानी भर गया। ऐसे में स्टूडेंट बेंच पर खड़े हो गए। महज 2-3 मिनट में ही पूरे बेसमेंट में 10-12 फीट पानी भर गया। बाद में बच्चों को बचाने के लिए रस्सियां फेंकी गईं, लेकिन पानी गंदा था, इसलिए रस्सी दिखाई नहीं दी। कोचिंग मालिक अभिषेक गुप्ता और कोऑर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### केस दर्ज, मालिक और कोऑर्डिनेटर गिरफ्तार ?

पुलिस ने बताया घटना को लेकर क्रिमिनल केस दर्ज कर लिया गया है। बीएनएस की धारा 105, 106(1), 152, 290 और 35 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा कोचिंग मालिक अभिषेक गुप्ता और कॉर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर कुछ सबूत इकट्ठे किए हैं। मामले गहन जांच की जाएगी।

### दिल्ली सरकार ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए

दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने और छात्रों के फंसने की घटना की मजिस्ट्रेट जांच शुरू करने और 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

### बेसमेंट में कोचिंग चलाने वालों पर कार्रवाई के आदेश

दिल्ली मेयर शेली ओबेरॉय ने एमसीडी कमिश्नर को निर्देश दिया है कि उन सभी कोचिंग सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की जाए, जो बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियां चला रहे हैं। यह नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के लिए एमसीडी के जिम्मेदार अधिकारियों की तत्काल जांच होनी चाहिए।

### सड़क पर जलभराव के कारण बेसमेंट से पानी निकालने में देरी हुई

फायर ऑफिसर ने बताया कि फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां भेजी गई थीं। सड़क पर पानी भरे होने के कारण शुरुआत में बेसमेंट से पानी नहीं निकल रहा था। कुछ देर बाद जब सड़क से पानी कम हुआ, तब जाकर बेसमेंट से पानी निकलना शुरू हुआ। हमने पंप लगाकर पानी निकाला। इसके बाद छात्रों के शव मिलना शुरू हुए। पुलिस ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान पानी में बेंच तैर रही थी। इसलिए बच्चों को बाहर निकालने में दिक्कतें हुईं। देर रात को जब रेस्क्यू आखरी चरण में था, तब भी 7 फीट तक पानी अंदर भरा हुआ था। 14 बच्चों को रस्सियों के सहारे सुरक्षित निकाला गया।

### एमसीडी ने कहा, लाइब्रेरी अवैध, बेसमेंट में सिर्फ स्टोरेज की अनुमति थी

2021 में एमसीडी की ओर से राउ आईएएस कोचिंग सेंटर को एमसीडी की ओर से सर्टिफिकेट जारी किया गया था। इसमें कहा गया था कि बेसमेंट में सिर्फ स्टोरेज की अनुमति है। वहां कोई व्यवसायिक गतिविधि नहीं चलाई जा सकती है। घटना के बाद एमसीडी ने कहा है कि कोचिंग सेंटर में लाइब्रेरी अवैध रूप से चलाई जा रही थी।

### देर रात से स्टूडेंट ने किया प्रदर्शन

हादसे के बाद स्टूडेंट ने एमसीडी के खिलाफ प्रदर्शन किया। सुबह एक प्रदर्शनकारी छात्र ने दावा किया कि 8-10 लोगों की जानें गई हैं। एमसीडी इसे डिजास्टर बता रही है, लेकिन यह पूरी तरह से लापरवाही का मामला है। आधे घंटे की बारिश में ही घुटने तक पानी भर जाता है। डिजास्टर उसे कहा जाता है, जो कभी-कभी होता है। मेरे मकान मालिक ने बताया कि वे 10-12 दिनों से एमसीडी से कह रहे हैं कि ड्रेनेज सिस्टम तुरंत सही करना चाहिए। अन्य प्रदर्शनकारी छात्र ने बताया कि दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए और हादसे में घायल होने और जान गंवाने वालों की सही संख्या बताई जानी चाहिए।

### मरने वाले 3 में एक छात्र जेएनयू से पीएचडी कर रहा था

हादसे में जान गंवाने वाले तीनों छात्रों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया है। तीनों छात्रों की पहचान हो गई है। एक छात्र का नाम नेविन डाल्विन (28) है। वह केरल का रहना वाला था। वह बीते आठ महीनों से आईएएस की तैयारी कर रहा था। वह दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी से पीएचडी भी कर रहा था। इसके अलावा जिन छात्राओं की मौत हुई उनकी पहचान तान्या सोनी (25) और श्रेया यादव (25) के रूप में हुई है। श्रेया ने 1 महीने पहले ही राउ कोचिंग सेंटर में एडमिशन लिया था। वह उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर के की रहने वाली थी। तान्या सोनी के बारे में अभी जानकारी सामने नहीं आई है।

### खराब शहरी नियोजन की कीमत चुका रहे लोग: राहुल गांधी



दिल्ली में एक इमारत के बेसमेंट में जलभराव के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की मौत बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान बिजली का झटका लगने से एक छात्र की मौत हो गई थी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। साथ ही कहा कि बुनियादी ढांचे का यह पतन सिस्टम की विफलता है। लोग असुरक्षित निर्माण, खराब टाउन प्लानिंग और हर स्तर पर संस्थानों की गैरजिम्मेदारी की कीमत अपनी जान गंवाकर चुका रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सुरक्षित और आरामदायक जीवन प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उनको सुरक्षित जीवन जीने का माहौल दे।

### आप-भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप लगाए

"केजरीवाल लगातार अपनी कुर्सी बचाने के लिए चिट्ठियां लिखते हैं, लेकिन अब हमें आज दिल्ली की हालत भी देखनी चाहिए। उनके मंत्री आज कुछ नहीं कर पा रहे हैं। कुछ घंटों की सहानुभूति से काम नहीं होने वाला है। दिल्ली का इंफ्रास्ट्रक्चर आज पूरी तरह से बर्बाद नजर आ रहा है।

**-देवेंद्र यादव, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष**

"12 घंटे से ज्यादा हो गए हैं लेकिन अभी तक न दिल्ली सरकार के कोई मंत्री या दिल्ली की मेयर नहीं आई हैं, कोई अधिकारी नहीं आया है। इन बच्चों को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है। दिल्ली के मंत्रियों और मेयर को तुरंत यहां पर आना चाहिए और वो काउंसलर कहां है? सब पर जवाब देही बनती है।

**-स्वाति मालीवाल, आप सांसद**

"यह हादसा नहीं, बल्कि हत्या है। बेसमेंट में लाइब्रेरी कैसे चल रही थी? पहले जो जांच बिठाई गई थी उसका क्या हुआ? ये छात्र देश का भविष्य हैं। आप सरकार ने पूरी दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। उनकी (छात्रों की) क्या गलती है, जो पूरे देश से पढ़ने के लिए दिल्ली आते हैं? आप लोगों को शर्म आनी चाहिए।

**-वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**

"आसपास नाला या सीवर फटने से यहां पानी भरा होगा। भाजपा जवाब दे कि 15 साल से उनका पार्षद था, क्या किया? वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, केजरीवाल, आतिशी और उनकी सरकार के भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिए। दिल्ली नगर निगम के भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिए। नाले की सफाई क्यों नहीं हुई?

**-दुर्गेश पाठक, आप विधायक**

"जैसी ही घटना की जानकारी मिली मैं तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। वहां पर एनडीआरएफ की टीम बचाव अभियान कर रही थी। दुख की बात है कि इस घटना में 3 बच्चों की मौत हो गई। ऐसे समय में हमें आरोप-प्रत्यारोप नहीं करना चाहिए बल्कि कार्रवाई करनी चाहिए।

**-शैली ऑबेरॉय, मेयर और आप नेता**

### छात्रा का दावा, तीन नहीं 10 लोग मारे गए

घटना को लेकर एक छात्र ने कहा कि एमसीडी का कहना है कि यह आपदा है, लेकिन मैं कहूंगा कि यह पूरी तरह से लापरवाही है। आधे घंटे की बारिश में घुटनों तक पानी भर जाता है। आपदा कभी-कभी होती है। मेरे मकान मालिक ने कहा कि वह पिछले 10-12 दिनों से पार्षद से कह रहा था कि नाले की सफाई होनी चाहिए।

### छात्रों की मांग, बेसमेंट में बंद हों लाइब्रेरी

यूपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यार्थी अमन शुक्ला ने कहा कि हमारी मांग है कि सबसे पहले, बेसमेंट में अवैध रूप से बनी ये सारी लाइब्रेरी बंद होनी चाहिए। एमसीडी को देखना चाहिए कि समस्या कहां है, यह पहली बार नहीं है जब यहां पानी भरा है। पिछली बार जब बारिश हुई थी, तो कारें पानी में तैर रही थीं। एक साल में उन्होंने कुछ नहीं किया। अभी तक कोई वरिष्ठ अधिकारी यहां नहीं आया है।

### यहां सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं

एक यूपीएससी अभ्यर्थी ने कहा कि हमारी मांग है कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। यहां बेसमेंट में खोली गई ये सारी चीजें अवैध रूप से संचालित की जा रही हैं और सुरक्षा के कोई उपाय नहीं हैं। इसलिए इन सब चीजों को बंद किया जाना चाहिए और कार्रवाई की जानी चाहिए।

### हम कुछ भी क्यों छिपाएंगे: दिल्ली पुलिस

ओल्ड राजेंद्र नगर हादसे पर एडिशनल डीसीपी सचिन शर्मा ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों से कहा कि तीन लोगों की मौत हो गई है। हम कुछ भी क्यों छिपाएंगे? हम आपको आश्वासन देते हैं कि हम कानूनी रूप से जो भी संभव होगा। वो करेंगे। जांच जारी है।

### छात्रों ने की ये मांगें

पहली मांग यह है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। दूसरी मांग है कि तत्काल घायलों और मौतों की वास्तविक संख्या बताई जाए। तीसरी मांग बेसमेंट में लाइब्रेरी बंद होनी चाहिए। आपदा प्रबंधन के लोगों ने मुझे बताया कि 8-10 लोग मारे गए हैं। यह दावा एक छात्र ने किया जो कल रात एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने और तीन छात्रों की जान जाने के बाद एमसीडी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा था।

### मौत के आंकड़ों पर पुलिस का जवाब

ओल्ड राजेंद्र नगर में हुई घटना पर दिल्ली पुलिस ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि खोज और बचाव अभियान खत्म हो चुका है। तीन शव बरामद किए गए हैं। उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है।

---

# क्षेत्र को बाढ़ प्रभावित घोषित किया तो ही मिलेगी केंद्रीय सहायता, केंद्र कर रहा कानून पर विचार




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार अब जल्द ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को केंद्रीय सहायता मुहैया कराने के लिए कानून लाने पर विचार कर रहा है। दरअसल, केंद्र ने बाढ़ का सामना कर रहे राज्यों को निर्देश दिया है कि उनके जिन भी इलाकों में बाढ़ आई है, वह उन्हें बाढ़ग्रस्त इलाका घोषित करें। हालांकि, इस सिलसिले में कई बार राज्यों को निर्देश भेजे जाने के बावजूद अब तक सिर्फ चार राज्यों ने ही इसका पालन किया है। ऐसे में अब केंद्र सरकार इसे लेकर कानून लाने की तैयारी में है। अधिकारियों के मुताबिक, इस कानून के आने के बाद बाढ़ का सामना कर रहे राज्यों को केंद्र की सहायता हासिल करने के लिए अपने प्रभावित क्षेत्रों को बाढ़ग्रस्त घोषित करना होगा। इसके बाद ही उन्हें किसी तरह की मदद भेजी जाएगी। मौजूदा समय में जिन चार राज्यों ने केंद्र के नियम को मानकर अपने क्षेत्रों को बाढ़ प्रभावित घोषित किया है, उनमें मणिपुर, राजस्थान, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। एक अधिकारी ने दावा किया कि जलशक्ति मंत्रालय लगातार राज्य सरकारों से इसे लेकर संपर्क में है। राज्यों को इसके मद्देनजर कई बार अपने प्रभावित क्षेत्रों को बाढ़ग्रस्त घोषित करने और उन क्षेत्रों का सीमांकन करने के लिए भी कहा गया है। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय जल आयोग ने अपने मॉडल कानून को अपडेट किया है और मंत्रालय इस बारे में जल्द ही राज्यों के साथ विचार-विमर्श शुरू कर सकता है।

### राज्य के अंतर्गत आने वाला मुद्दा है जल प्रबंधन

एक अन्य अधिकारी ने कहा, ''जल शक्ति मंत्रालय राज्यों से लगातार कार्रवाई करने की अपील कर रहा है। हालांकि, प्रगति कुछ राज्यों तक सीमित है। बाढ़ प्रबंधन समेत जल प्रबंधन संविधान के तहत राज्य का विषय हैं। राज्यों को इस संबंध में सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है।'' यह कानून बाढ़ क्षेत्र अधिकारियों, सर्वेक्षणों, बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों के परिसीमन, बाढ़ के मैदान की सीमाओं की अधिसूचना, बाढ़ भूमि के उपयोग पर प्रतिबंध और मुआवजे-बाधाओं को हटाने के प्रावधानों के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करता है। अधिकारी ने कहा कि इन व्यापक दिशा-निर्देशों के बावजूद कई राज्यों ने अभी तक इस कानून और इसके क्रियान्वयन की दिशा में उचित कदम नहीं उठाए हैं। उन्होंने बताया कि बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों ने बड़े पैमाने पर बाढ़ प्रभावित इलाकों के कारण ऐसा कानून लागू करने में मुश्किलों के बारे में सूचित किया है और अन्य राज्यों ने कानून को लागू करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।

### क्या है फ्लडप्लेन जोनिंग?

गौरतलब है कि बाढ़ क्षेत्रों में जमीन के इस्तेमाल को विनियमित करना 'फ्लड-प्लेन जोनिंग' का मूल है। ताकि बाढ़ से होने वाले नुकसान को सीमित किया जा सके। अधिकारी ने बताया कि मंत्रालय ने बाढ़ प्रबंधन एवं सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के तहत निधि का इस्तेमाल करने को राज्यों के लिए 'फ्लड प्लेन जोनिंग एक्ट' को लागू करने को एक पूर्व अनिवार्य शर्त बनाने का प्रस्ताव दिया है। अधिकारी ने कहा, ''हम बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम के अगले चरण के लिए मंत्रिमंडल की स्वीकृति प्राप्त करेंगे। इससे अब किसी भी राज्य के लिए एफएमबीएपी के तहत संसाधनों तक पहुंच हासिल करने की शर्त यह होगी कि उसने 'फ्लड प्लेन जोनिंग एक्ट' लागू किया हो। अगर आपने यह कानून लागू नहीं किया होगा, तो आपको पैसा नहीं मिलेगा।''

---

# बाढ़ प्रभावित राज्यों को बजट देने में दोहरा मानदंड अपना रही सरकार: जयराम रमेश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बाढ़ प्रभावित राज्यों को बजट देने में दोहरा मानदंड अपनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश के लोगों ने भाजपा को वोट नहीं दिया, इसलिए राज्य से बदला लिया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 2023 में भीषण बाढ़ का दंश झेलने के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार कई बार केंद्र से बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग कर चुकी है, लेकिन वित्त मंत्री इसे बार-बार खारिज कर देती हैं। महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत का विकास इसके विकसित राज्यों पर निर्भर करता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में सिंचाई और बाढ़ प्रबंधन के लिए राज्यों को बजट देते समय दोहरा मानदंड अपनाया है। बाढ़ पीड़ित राज्य बिहार को 11,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता, असम को बाढ़ प्रबंधन और संबंधित परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता, उत्तराखंड और सिक्किम को वित्तीय सहायता देने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री ने भाजपा शासित राज्यों को अनुदान के तौर पर वित्तीय सहायता देने के लिए कहा। मगर जब कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश की बात आती है तो राज्य की बहुपक्षीय सहायता की जाएगी। मतलब कि हिमाचल को जो भी बजट मिलेगा, उसे बतौर ऋण इसे चुकाना होगा। जयराम रमेश ने कहा कि सरकार के इस फैसले से भौगोलिक और राजकोषीय चुनौती से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश पर ऋण का बोझ पड़ेगा। रमेश ने कहा कि सरकार उन लोगों से बदला ले रही है, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट नहीं दिया।

### पीएम ने हर राज्य को विकसित करने पर दिया था जोर

कांग्रेस ने केंद्र सरकार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीति आयोग की बैठक में दिए गए भाषण पर घेरा। यहां पीएम मोदी ने कहा था कि विकसित भारत के दृष्टिकोण को विकसित राज्यों के माध्यम से साकार किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने 2047 तक हर राज्य को विकसित करने के लिए विजन बनाने के लिए कहा था।

---

# जल संसाधन विभाग की परीक्षा हुई रद्द

## परीक्षार्थियों ने लगाया पेपर लीक का आरोप, नेशनल हाईवे किया जाम



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

पूरा मामला बायपास थाना क्षेत्र के महादेव स्थान के पास का है, जहां सनराइज इनोवेशन सेंटर में जल संसाधन विभाग के द्वारा ऑनलाइन एग्जाम लिया जा रहा था। परीक्षा 10 बजे शुरू हुई। परीक्षा शुरू होने के ठीक 10 मिनट के बाद ही सेंटर के पदाधिकारियों ने एग्जाम कैंसिल की सूचना छात्रों को दी। सेंटर से छात्र के निकलते ही सेंटर के सारे पदाधिकारी सेंटर में ताला बंद कर फरार हो गए। उसके बाद परीक्षार्थियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। गुस्साए छात्रों ने नेशनल हाईवे की दोनों लेंन को पूरी तरह से जाम कर दिया। हलाकि मौके पर बायपास थाना की पुलिस पहुंच कर छात्रों को समझा बुझाकर जाम को छुड़वा दिया।

### छात्रों ने लगाया पेपर लीक होने आरोप

परीक्षा रदद होने के सूचना पर परीक्षार्थी रंजीत कुमार और एक अन्य छात्र ने कहा कि आधे लोगों को एग्जाम लिया जा रहा था और आधे का नहीं। परीक्षा शुरू होने के 10 मिनट बाद ही परीक्षा कैंसिल होने की सूचना दी गयी। परीक्षार्थियों ने बताया कि शायद पेपर लीक हो गया हो।

---

# भोजपुरी को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने की मांग, रवि किशन ने लोकसभा में पेश किया प्राइवेट बिल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भोजपुरी सुपरस्टार और भाजपा सांसद रवि किशन ने भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए लोकसभा में एक प्राइवेट बिल (विधेयक) पेश किया, जिससे कि इसे आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया जा सके। उन्होंने शुक्रवार को संविधान (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया। भाजपा सांसद ने बताया कि बोजपुरी भाषा केवल बेकार गानों के बारे में नहीं है, बल्कि इसका एक सांस्कृतिक इतिहास और साहित्य है, जिसे बढ़ावा देने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में भाजपा सांसद ने कहा, कई लोग इस भाषा को बोलते और समझते हैं।

---

# कर्नाटक का हक कभी नहीं मारा, 10 साल में दो लाख करोड़ रुपये दिए: निर्मला सीतारमण

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमने कर्नाटक का हक कभी नहीं मारा। केंद्र सरकार को लेकर कर्नाटक सरकार काफी गलत जानकारी लोगों को दे रही है। हमने 10 साल में कर्नाटक के विकास के लिए दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा दिए हैं। जबकि यूपीए सरकार ने केवल 81 हजार करोड़ रुपये का बजट दिया था। बंगलूरू में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कर्नाटक को केंद्र सरकार ने काफी बजट दिया है। लेकिन कर्नाटक सरकार लोगों को गलत जानकारी दे रही है। लोगों से कहा जाता है कि कर्नाटक का हक मारा जा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ऐसा नहीं करती। मैं जवाब देना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार जो कर रही है, उससे किसी का भला नहीं हो रहा है। न तो केंद्र सरकार का और न ही कर्नाटक के लोगों का। वित्त मंत्री ने कहा कि कर्नाटक को 2004 से 2014 के बीच जब दिल्ली में यूपीए सरकार थी तब दस वर्षों में केवल 81,791 करोड़ रुपये मिले। जबकि 2014 से 24 के बीच पीएम मोदी की सरकार में दस वर्षों के दौरान कर्नाटक को 2,95,818 रुपये मिले। वहीं यूपीए ने महज 60,779 करोड़ रुपये सहायता अनुदान दिया। वहीं पीएम मोदी सरकार ने दस वर्षों में 2,39,955 करोड़ रुपये अनुदान दिया। उन्होंने कहा कि बजट में मैंने इंप्लॉयमेंट शब्द का इस्तेमाल किया है। इसके हर अक्षर का मतलब है। ई का मतलब है इंप्लॉयमेंट, एम का मतलब है मध्यम वर्ग, इसी तरह हर अक्षर का कुछ न कुछ अर्थ है। इस बार के बजट में सब कुछ शामिल है। बजट में हमने युवाओं और एमएसएमई पर बहुत जोर दिया है। एमएसएमई को काफी सहूलियतें मिलेंगीं। हम उच्चशिक्षा के लिए दस लाख सब्सिडीयुक्त या ब्याज-सहायता वाले ऋण भी दे रहे हैं। इससे मध्यमवर्गीय परिवार और भारत में पढ़ने वाले युवाओं को सीधा लाभ होगा।

---

# कमला हैरिस की चुनावी टीम ने हफ्ते भर में 20 करोड़ डॉलर जुटाए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां जोर शोर से चल रहीं हैं। डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी और कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। इस बीच कमला हैरिस अभियान (कमला हैरिस की चुनावी टीम) का कहना है कि कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में उतरने के एक सप्ताह के भीतर उन्होंने अभूतपूर्व रूप से 20 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। अभियान के अनुसार, यह साबित करता है कमला हैरिस को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। इसके साथ ही कमला हैरिस अभियान ने इस बात पर भी जोर दिया है कि पांच दिसंबर को होने वाले चुनाव बुहत करीबी होने जा रहे हैं।

---



# समाजसेवी भागवत पांडेय का निधन

**जन एक्सप्रेस। मुंबई।** समाजसेवी भागवत पांडेय का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार चंडीगढ़ में किया गया, लेकिन अन्य कार्य उनके पैतृक स्थान प्रतापगढ़ के अन्तू के समीप स्थित ग्रामसभा जलालपुर में किया जाएगा. नवभारत के वरिष्ठ पत्रकार राकेश पांडेय ने कहा कि भागवत पांडेय लुधियाना में एक मिल में कार्यरत थे. गत दिवस बीमार होने पर उन्हें लुधियाना में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत अधिक खराब होने के बाद उन्हें चंडीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों ने भरसक प्रयास किया, लेकिन उन्हें बचा नहीं पाये. भागवत पांडेय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक बृजेश मिश्र सौरभ ने कहा कि पांडेय लुधियाना के साथ ही गांव आने पर समाजसेवा में जुटे रहते थे. इनके निधन पर परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंची है. इसी तरह से पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश मिश्र, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश मिश्र, प्रोफेसर डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. शिवम तिवारी एवं शुभचिंतकों ने शोक व्यक्त किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)